राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक- 119
लखनऊ, मंगलवार 30 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





शीतकालीन सत्र में एक बार भी स्थगित नहीं हुई सदन की कार्यवाही : सतीश महाना 03

सांसद की कारों का काफिला आपस में टकराया, दुर्घटना होने से टली 10


सीएम योगी ने गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा-2025 के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा

# हर मंडल मुख्यालय पर बनेंगे स्पोर्ट्स कॉलेज

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी ने खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन को अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम और जिले स्तर पर बड़ा स्टेडियम बनवाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के साथ सरकार हर मंडल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज बनाने की तैयारी कर रही है।

सीएम सोमवार को गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा-2025 के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार सुदृढ़ कर रही है। बेलीपार के पास एक इंटरनेशनल स्टेडियम बनने जा रहा है। गोरखपुर के रीजनल स्टेडियम का भी 63 करोड़ रुपये की लागत से नवोद्धार हो रहा है। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में भी बेहतरीन स्टेडियम बन रहा है। मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का सत्र प्रारंभ हो चुका है। इस यूनिवर्सिटी का विश्व स्तरीय निर्माण जारी है। अब सरकार की तैयारी हर मंडल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज बनाने की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वह जल्द ही गोरखपुर महानगर की सभी संस्थाओं के साथ बैठक करने वाले हैं। उस बैठक में संस्थाओं का आह्वान किया जाएगा कि वे एक-एक खेल को गोद लें। कुछ सहयोग वे करें और कुछ सरकार करेगी। वहां पर अच्छे कोच रखे जाएंगे। इससे बच्चों को खेल के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म प्राप्त होगा सीएम योगी ने खेलकूद के महत्व को समझाते हुए कहा कि युवा खेलेगा तो देश खिलेगा। और, विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का रास्ता यहीं से प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में सफलताओं का मार्ग स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकता है। स्वस्थ शरीर खेलकूद और यौगिक क्रियाओं के माध्यम से ही प्राप्त होगा। विधायक खेल स्पर्धा के पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि सीएम योगी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने और खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान और ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम बनाने का कार्य तीव्र गति से जारी है। खेल मंत्री ने कहा खेल और खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहन से आने वाले समय में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सबसे अधिक पदक विजेता यूपी से निकलेंगे। विधायक खेल स्पर्धा के समापन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने कुश्ती (74 किग्रा भारवर्ग) और कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला देखा। खिलाड़ियों के दांव और मूवमेंट को गहनता से देखते हुए उन्होंने ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया।



### बिना भेदभाव खिलाड़ियों को मिल रहा अवसर : संजय निषाद

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हरेक क्षेत्र की भांति खेल के क्षेत्र में भी बिना भेदभाव सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने यूपी से माफिया खत्म करके, बंदूक-कट्टे के खेल की बजाय वास्तविक अर्थों में खेल का माहौल बना दिया है। डॉ. संजय निषाद ने कहा खेलों के उन्नयन और खिलाड़ियों के संवर्धन के लिए योगी सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

### खेल के क्षेत्र में हुआ भारी परिवर्तन

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्ष के अंदर देश में खेल और खेलकूद की गतिविधियों को लेकर भारी परिवर्तन हुआ है। कबड्डी, हॉकी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स के लिए पूरी दुनिया भारत की तरफ देखती है। ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ, वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा की नई मांग खड़ी हो चुकी है और इसी को ध्यान में रख करके सरकार स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत कर रही है।

### कामकाजी व रिटायर्ड लोगों के लिए भी होंगी प्रतियोगिताएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक खेल स्पर्धा को लेकर अपनी आगामी योजना भी साझा की। उन्होंने कहा कि अगली बार बच्चों और छात्रों के स्तर के साथ ही वार्ड स्तर पर कामकाजी और रिटायर्ड लोगों के लिए भी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वार्ड स्तर, उसके बाद कुछ वार्डों को मिलाकर उपनगरीय और फिर नगर स्तर पर बड़ी प्रतियोगिता, बड़े समारोह का आयोजन कर विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों-छात्रों की प्रतियोगिताएं बालक व बालिका वर्ग में तीन स्तर, बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे ही गोरखपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए भी कहा गया है। कला के अलग अलग विधाओं गायन, वादन, नृत्य, नाट्य आदि की यह प्रतियोगिता जनवरी के प्रथम सप्ताह में होगी। 11 से 13 जनवरी को गोरखपुर महोत्सव के मुख्य आयोजन में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

### भीषण ठंड में खिलाड़ियों के उत्साह को सीएम ने सराहा

मुख्यमंत्री ने भीषण ठंड में भी खिलाड़ियों के उत्साह की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि इस विधायक खेल स्पर्धा में प्रत्यक्ष रूप से 1000 और अप्रत्यक्ष रूप से 10000 खिलाड़ियोंने सहभागिता की है। विधायक खेल स्पर्धा 2025 में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबाल, जूडो और कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि यह खेलकूद ही है जो सम और विषम परिस्थितियों में मनोरंजन भी करता है और हमें शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक रूप से चुस्त-दुरुस्त बनाने में भी बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है।

# केंद्र ने दी 79 हजार करोड़ के रक्षा प्रस्तावों को मंजूरी, सैन्य क्षमताओं को मिलेगा बढ़ावा



ऑपरेशन सिंदूर के बाद सशस्त्र सेनाओं की आपातकालीन खरीद शक्तियों को बढ़ाया गया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने तीनों सेनाओं की जरूरतों को देखते हुए हथियार और गोला-बारूद खरीदने के लिए 79 हजार करोड़ रुपये को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में लिए गए इन फैसलों से सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। जरूरी मंजूरियों में टी-90 मुख्य युद्धक टैंक की मरम्मत करने और एमआई-17 हेलीकॉप्टर के मिड-लाइफ अपग्रेड के प्रस्ताव शामिल हैं, जिनका मकसद ऑपरेशनल तैयारी को बढ़ाने के लिए युद्ध संपत्तियों की सर्विस लाइफ बढ़ाना है।

लॉइटर म्यूनिशन का इस्तेमाल टैक्टिकल टारगेट पर सटीक हमला करने के लिए किया जाएगा, जबकि लो लेवल लाइट वेट रडार छोटे साइज के, कम ऊंचाई पर उड़ने वाले अनमैन्ड एरियल सिस्टम का पता लगाकर उन्हें ट्रैक करेंगे। लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट, हाई वैल्यू टारगेट पर असरदार तरीके से हमला करने के लिए पिनाका रॉकेट सिस्टम की रेंज को बढ़ाएंगे। इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम एमके-2 की रेंज ज्यादा है, जो सेना की जरूरी संपत्तियों की सुरक्षा करेगा। नौसेना के लिए बोलार्ड पुल टग्स, हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो मैनपैक खरीदने और हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम को लीज पर लेने के लिए आवश्यकता की स्वीकृति दी गई।

**बैठक में आर्टिलरी रेजिमेंट के लिए लॉइटर म्यूनिशन सिस्टम, लो लेवल लाइट वेट रडार, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट एम्युनिशन और भारतीय सेना के लिए इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम एमके-2 की खरीद को मिली मंजूरी**

बोलार्ड पुल टग्स के शामिल होने से नौसेना के जहाजों और पनडुब्बियों बंदरगाह में पैंतरेबाज़ी में मदद मिलेगी। यह प्रणाली बोर्डिंग और लैंडिंग ऑपरेशन के दौरान लंबी दूरी के सुरक्षित संचार सुविधा को बढ़ाएगी, जबकि हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम हिंद महासागर क्षेत्र में लगातार खुफिया, निगरानी, टोही और भरोसेमंद समुद्री डोमेन जाग रुकतापक्का करेगा। बैठक में वायु सेना के लिए ऑटोमैटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम, एस्ट्रा एमके-2 मिसाइल, फुल मिशन सिम्युलेटर और स्पाइस-1000 लॉन्ग रेंज गाइडेंस किट वगैरह खरीदने की मंजूरी दी गई। ऑटोमेटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम के आने से एयरोस्पेस सेफ्टी के माहौल में कमी पूरी होगी, क्योंकि इससे लैंडिंग और टेक-ऑफ़ की हाई डेफ़िनिशन ऑल-वेदर ऑटोमैटिक रिकॉर्डिंग मिलेगी। ज़्यादा रेंज वाली एस्ट्रा एमके-2 मिसाइलें लड़ाकू विमानों की मारक क्षमता बढ़ाकर दुश्मन के विमानों को बेअसर करने की क्षमता बढ़ाएंगी।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| --- | --- | --- |
| 24 कैरेट | = | 1,39,400/ |
| 22 कैरेट | = | 1,27,800/ |
| 18 कैरेट | = | 1,04,590/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 2,58,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में घने कोहरे के कारण 125 से अधिक उड़ानें रद्द

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण सोमवार सुबह को 125 से अधिक उड़ानें रद्द की गईं और आठ उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए रवाना करना पड़ा। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सुबह नौ बजे तक विभिन्न एयरलाइंस की यहां से जाने वाली 64 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इसके अलावा, दूसरे शहरों से यहां आने वाली भी इतनी ही उड़ानें रद्द रहीं। दिल्ली आने वाली आठ उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए डायवर्ट किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, दृश्यता मीटर रह गई है। दिल्ली हवाई अड्डे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि रात एक बजे के बाद से ही कैट-3 की प्रक्रिया के तहत उड़ानों का परिचालन हो रहा है। सुबह 10 बजे तक भी यही स्थिति बनी रही।

### अरावली केस : समिति की रिपोर्ट के कार्यान्वयन पर रोक

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अरावली पहाड़ियों की संशोधित परिभाषा से संबंधित अपने पिछले निर्देशों और एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी। अदालत ने अरावली के संबंध में उठ रही चिंताओं का हवाला देते हुए कहा कि संशोधन का गलत अर्थ निकाला जा रहा है कि इससे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अनियमित खनन की अनुमति मिल सकती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और ए जी मसीह की एक अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि संशोधित परिभाषा को लागू करने से पहले और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

### अनुमान के आधार पर कॉपियों का पुनर्मूल्यांकन नहीं : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी छात्र-छात्रा को यह लगता है कि पुनर्मूल्यांकन होने पर उसके अंक बढ़ सकते हैं, तो मात्र इस अनुमान के आधार पर उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन नहीं कराया जा सकता। यह इसलिए नहीं हो सकता क्योंकि उ.प्र. इंटरमीडिएट एजुकेशन एक्ट, 1921 में पुनर्मूल्यांकन का कोई वैधानिक प्रावधान मौजूद नहीं है। अदालत ने कहा कि जब तक नियम इसकी अनुमति न दें, ऐसी मांग को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## यूपी विस में 19 जनवरी से होगा अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि इस बार अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) की मेजबानी उत्तर प्रदेश करेगा। उप्र विधानसभा में होने वाले तीन दिनी सम्मेलन का उद्घाटन 19 जनवरी को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। इसके बाद 22 जनवरी को सभी प्रतिनिधि रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाएंगे।

विधानसभा अध्यक्ष ने सोमवार को विधान भवन में पत्रकारों से वार्ता करने के दौरान बताया कि 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक शीतकालीन सत्र चला। पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के बारे में उन्होंने बताया कि सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के दौरान 20 एवं 21 जनवरी को विभिन्न समसामयिक और संसदीय विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## उन्नाव दुष्कर्म कांड : कुलदीप सेंगर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका, जमानत के आदेश पर लगी रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उन्नाव दुष्कर्म मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की सजा पर रोक लगा दी थी और उन्हें जमानत दे दी थी।

यह आदेश दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई करते हुए जारी किया गया था। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत,



न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आदेश जारी करते हुए कहा कि इस मामले में कानून के कई महत्वपूर्ण प्रश्न जुड़े हुए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि आमतौर पर जमानत पर रिहा हुए व्यक्ति को सुने बिना उसके आदेश पर रोक नहीं लगाई जाती लेकिन इस मामले के तथ्य असाधारण हैं। न्यायालय ने जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। इस मामले में सीबीआई ने एक विशेष अनुमति याचिका दायर 26 दिसंबर, 2025 को दायर की थी। इसमें 23 दिसंबर के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसने सेंगर की अपील लंबित रहने के दौरान उनके आजीवन कारावास की सजा पर रोक लगा दी थी। सेंगर को दिसंबर 2019 में एक विशेष सीबीआई अदालत ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के लिए दोषी ठहराया था।

### ईडी की बड़ी कार्रवाई : गैंगस्टर इंद्रजीत सिंह के 10 ठिकानों पर छापे

**गुरुग्राम।** प्रवर्तन निदेशालय ने गैंगस्टर इंद्रजीत सिंह यादव के 10 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने इंद्रजीत के ठिकानों से पांच लग्जरी कारें, 17 लाख रुपये नकद के साथ-साथ दस्तावेज एवं डिजिटल उपकरणों को जब्त किया है। ईडी ने यह छापामारी दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में की है। ईडी के प्रवक्ता ने बताया कि गुरुग्राम जोनल ऑफिस की टीम ने इंद्रजीत सिंह यादव के ठिकानों पर 26 दिसंबर से 27 दिसंबर तक दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में 10 स्थानों पर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान ईडी की टीम ने इंद्रजीत से जुड़े लोगों व संस्थाओं के खिलाफ चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी जांच की।

## उपलब्धि : देश में सर्वाधिक पर्यटकों के आगमन वाला राज्य बना उत्तर प्रदेश

समृद्धि न्यूज

**महाकुंभ में आए 66 करोड़ पर्यटक काशी, अयोध्या और प्रयागराज बने देश में फेवरेट टूरिस्ट डेस्टिनेशन**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य पर्यटन विभाग ने अभूतपूर्व सफलताएं हासिल की हैं। मुख्यमंत्री के विजन के मुताबिक धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों के नवीनीकरण और पर्यटन सुविधाओं के विकास से यूपी घरेलू पर्यटन में देश में प्रथम तथा विदेशी पर्यटन में चौथा स्थान प्राप्त किया है।

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 2025 में प्रदेश में 137 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटकों का आगमन हुआ, जबकि 3.66 लाख विदेशी पर्यटकों ने प्रदेश की यात्रा की। इसकी बड़ी वजह प्रयागराज में दिव्य-भव्य महाकुंभ-2025 रहा, जहां रिकॉर्ड 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। अयोध्या, वाराणसी, मथुरा-वृंदावन और श्रावस्ती जैसे स्थल अब देश के प्रमुख पर्यटन केंद्र बन चुके हैं। सीएम योगी के विजन के मुताबिक प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक टूरिज्म की नई संभावनाओं का विकास हुआ है, पर्यटन एवं कला, संस्कृति विभाग द्वारा होने वाले दीपोत्सव, रंगोत्सव, देवदीपावली और माघ मेला जैसे आयोजन देश, विदेश के पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण बन गये हैं।

### भारत ने पाकिस्तान के आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली।** भारत ने देश में घटने वाली कथित घटनाओं को लेकर पाकिस्तान की ओर से की गयी टिप्पणियों को सिरे से खारिज कर दिया है। भारत ने कहा कि ऐसे देश से आई टिप्पणियां पूरी तरह अस्वीकार्य हैं, जिसका इस विषय पर अपना रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को मीडिया के सवालों पर कहा कि पाकिस्तान में विभिन्न धर्मों के अल्पसंख्यकों के खिलाफ भयावह और सुनियोजित उत्पीड़न एक स्थापित तथ्य है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान द्वारा लगाए जा रहे आरोप उसके अपने कृत्यों से ध्यान भटकाने का प्रयास मात्र हैं।

## राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास चर रहीं 170 भेड़ों की मौत

उद्घाटन समारोह के बाद बचा हुआ खाना फेंका गया जिसे खाकर भेड़ों की तबीयत बिगड़ी, दर्जनों की हालत नाजुक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक साथ 170 भेड़ों की मौत हो गई। इसके साथ ही दर्जनों भेड़ों की हालत नाजुक बनी हुई है। ये भेड़ें राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास चर रही थीं। बताया जा रहा है कि स्थल के उद्घाटन समारोह के बाद बचा हुआ खाना फेंक दिया गया था। उसे ही भेड़ों ने खा लिया जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ी।

रविवार शाम राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास चरते समय भेड़ों ने जब फेंका हुआ खाना खाया तो थोड़ी ही देर में वे चिल्लाने लगीं। धीरे-धीरे कर बेहोश होती गई। सुबह तक में 170 भेड़ें मर गई। इनके शरीर अकड़ चुके हैं। सुबह जब पूरे इलाके में शोर हुआ तो पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने सरकारी मेडिकल टीम को बुला लिया। ये सभी भेड़ें चार चरवाहों की थीं। ये लोग फतेहपुर से कुछ दिन पहले यहां भेड़ चराने आए थे। भेड़ पालने वाले प्रदीप कुमार, विजय पाल, अजय पाल, शिवरतन ने बताया कि हमारी भेड़ों की रात में तबीयत खराब होनी शुरू हो गई। हमने देसी दवाई भी खिलाने की कोशिश की लेकिन कुछ काम नहीं आया। सुबह होने तक 170 भेड़ें मर गई। हेल्पिंग हैंड एनजीओ की अध्यक्ष चारु ने बताया कि प्रेरणा स्थल के उद्घाटन के दिन वहां पर जो लंच बॉक्स बंटा था, उसके बचे हुए खाने को खाकर भेड़ बीमार हो गई। उन्हें फूड प्वाइजनिंग हो गई। प्रेरणा स्थल के आसपास बड़ी संख्या में भेड़ों की मौत हो गई है। काफी भेड़ें बीमार हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा मौके पर पहुंचकर इस चीज का विरोध किया जा रहा है जिस दिन प्रेरणा स्थल का उद्घाटन हुआ उसके बाद यहां साफ-सफाई नहीं हुई। फेंके हुए भोजन को खाने की वजह से इन भेड़ों की मौत हुई है। नगर निगम समेत जिला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

## रूस को विदेशी आपराधिक अदालतों के फैसले नजरअंदाज करने का अधिकार

एजेंसी

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को कानून में ऐसे संशोधनों को मंजूरी दे दी, जिनके तहत रूस को विदेशी और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालतों के फैसलों को अनदेखा करने का अधिकार मिल गया है। यह कदम यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस के खिलाफ चल रही अंतरराष्ट्रीय कानूनी पहलों की पृष्ठभूमि में उठाया गया है।

नए प्रावधानों के अनुसार, रूस उन आपराधिक मामलों में विदेशी अदालतों के फैसलों को मानने के लिए बाध्य नहीं होगा, जिनमें रूस की कोई भागीदारी नहीं रही हो। इसके अलावा, ऐसे अंतरराष्ट्रीय न्यायिक संस्थानों के आदेशों को भी नजरअंदाज किया जा सकेगा, जिनकी वैधानिक शक्ति किसी अंतरराष्ट्रीय समझौते या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर आधारित नहीं है। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब यूक्रेन और यूरोपीय संस्थाएं रूस पर युद्ध अपराधों के आरोपों को लेकर कानूनी कार्रवाई तेज कर रही हैं। जून में यूक्रेन और यूरोप की मानवाधिकार संस्था के बीच एक विशेष न्यायाधिकरण के गठन को लेकर समझौता हुआ था।



रूसी राष्ट्रपति ब्लादीमीर पुतिन ने कानून में किया संशोधन

**नया कीर्तिमान**

निवेश के लिहाज से अब निवेशकों की पहली पसंद बन रही है चांदी

# सोने की कीमतों में उछाल, चांदी ने भी तोड़े रिकॉर्ड

आर.बी.सिंह

**लखनऊ।** देश के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी दोनों ही कीमती धातुएं में उछाल जारी है, दोनों ही धातुएं अपने पिछले सारे रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए महंगाई के नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। इसमें चांदी भी खूब मचल रही है। साल के आखिरी माह दिसंबर में दोनों धातुओं ने एक नया इतिहास रच दिए।

सोना जहां अपने उच्चस्थ रिकॉर्ड रूपये 14,137/प्रति ग्राम पर पहुंच गया, वहीं चांदी भी उछल कर सवा दो लाख को पार गई। राजधानी लखनऊ में भी सोना (24 कैरेट) रूपये 14,135 /प्रति ग्राम पहुंच गया और चांदी भी मचल कर 2,51,000/प्रति किग्रा पर पहुंच गई। हालांकि सोमवार की शाम तक दोनों धातुओं में थोड़ी नरमी दिखी और सोना 24कैरेट 13,940/प्रति ग्राम और चांदी 2,58,000/प्रति किग्रा की बिकवाली रही। वेनेजुएला में बढ़ता तनाव और वहां तेल की सप्लाई पर लगी अमेरिकी पाबंदियों ने दुनिया भर के निवेशकों को डरा दिया है। ऐसे अनिश्चित माहौल में निवेशक शेयर बाजार के बजाय सोने और चांदी को सबसे सुरक्षित मानते हैं। क्योंकि इनमें निवेश करना ज्यादा फायदेमंद लगने लगता है, जबकि चांदी की कीमतों में आई तेजी ने सोने को भी पीछे छोड़ दिया है। हाजिर बाजार में चांदी की कीमत जहां 2,58,000/ रुपये पर बनी हुई है, वहीं वायदा बाजार में भी इसमें मजबूती देखी जा रही है।



### कीमतों में तेजी के पीछे प्रमुख कारण अंतरराष्ट्रीय मुद्दे

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चांदी 72 डॉलर के पार कारोबार कर रही है। जानकारों का कहना है कि औद्योगिक मांग और निवेश के लिहाज से चांदी अब पहली पसंद बनती जा रही है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक वैश्विक तनाव और अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद ने इन दोनों कीमती धातुओं की चमक बढ़ा दी है और दोनों कीमती धातुओं में ऐतिहासिक तेजी देखने को मिल रही है। लखनऊ महानगर सर्राफा एसोसिएशन की मानें तो 2025 में इन दोनों कीमती धातुओं ने जैसा प्रदर्शन किया है, वैसा पिछले कई दशकों में नहीं देखा गया। खासतौर पर चांदी इस साल की सबसे बड़ी खिलाड़ी बनकर उभरी है, जिसने करीब 131 प्रतिशत तक का जबरदस्त रिटर्न देकर सबको हैरान कर दिया है। दोनों कीमती धातुओं की कीमतों में आई इस तूफानी तेजी के पीछे सबसे प्रमुख कारण अंतरराष्ट्रीय मुद्दे माने जा रहे हैं।

# एएसपी नगर ने थाना दरगाह शरीफ का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण, चौकीदारों को बांटे कंबल





समृद्धि न्यूज़

**बहराइच।** सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह ने थाना दरगाह शरीफ का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने थाना परिसर में सलामी ग्रहण की, इसके बाद थाना परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस अवसर पर थाना भवन, आरक्षी/महिला आरक्षी बैरक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए साफ-सफाई बनाए रखने तथा आवश्यक मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया।

एएसपी ने थाना कार्यालय, विभिन्न अभिलेखों/रजिस्टरों, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, हवालात, मेस एवं सीसीटीएनएस शाखा आदि का गहन निरीक्षण किया गया। महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को विधिवत रजिस्टर में अंकित कर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा पीड़ितों से नियमित फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक को दिए। साथ ही महिला आगंतुकों की सुविधा हेतु पेयजल, शौचालय एवं बैठने की समुचित व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष बल दिया। मालखाना निरीक्षण के दौरान शस्त्र-अस्त्र, एम्यूनिशन एवं अन्य सरकारी संपत्ति का सूक्ष्म परीक्षण किया। एक्सपायरी एम्यूनिशन को नियमानुसार प्रतिस्थापित कराने, शस्त्रों की हिस्ट्री शीट अद्यतन रखने तथा मालखाना अभिलेखों को सुव्यवस्थित एवं अद्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाने पर जब्त खड़े वाहनों का भी निरीक्षण किया तथा उनके संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए प्रभारी निरीक्षक एवं समस्त उपनिरीक्षकों को विवेचनाओं का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। गंभीर अपराधों में प्रगति लाने तथा लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने थाना क्षेत्र के चौकीदारों को शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए कंबल वितरित किए गए एवं उन्हें अपने कर्तव्यों का निष्ठा, सतर्कता एवं ईमानदारी से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। थाना परिसर की समग्र साफ-सफाई, अनुशासन, सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा व थाने पर नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# ट्रक अनियंत्रित होकर गैरेज में घुसी

▸ कड़ाके की ठंड में आमने-सामने भिड़ंत



समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज,बहराइच।** गोण्डा-बहराइच हाईवे पर सोमवार दोपहर बाद कड़ाके की ठंड और ठिठुरन के बीच विशेश्वरगंज ब्लॉक के सामने बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

विपरीत दिशाओं से आ रहे दो ट्रक अनियंत्रित हो गए, एक ट्रक गैरेज मे जा घुसा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ठंड के कारण धुंध और कम दृश्यता बनी हुई थी। इसी बीच तेज रफ्तार में चल रहे दोनों ट्रक टकरा गए। टक्कर के बाद एक ट्रक नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे स्थित सुनील ऑटो गैरेज में जा घुसा।

हादसे में गैरेज में खड़ी दो मोटरसाइकिलें और एक साइकिल ट्रक की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गईं। गनीमत रही कि ठंड के कारण उस समय गैरेज में अधिक लोग मौजूद नहीं थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

दुर्घटना में एक ट्रक चालक को मामूली चोटें आईं, जिसे मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भेजा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर यातायात सुचारु कराया और मामले की जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि ठंड, धुंध और तेज रफ्तार के कारण हाईवे पर दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। पुलिस ने वाहन चालकों से ठंड के मौसम में सतर्कता बरतने की अपील की है।

## खेत में साग तोड़ रही महिला पर बाघ का हमला, ग्रामीणों के शोर मचाने पर बची जान, गंभीर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के कतर्निया वन्य जीव प्रभाग में एक महिला पर बाघ ने हमला कर दिया। यह घटना ककरहा रेंज के लोधनपुरवा गांव में हुई, जब 35 वर्षीय सुशीला पत्नी पन्नालाल अपने खेत में साग तोड़ रही थीं। जंगल से निकले बाघ ने सुशीला पर अचानक हमला कर दिया, जिससे उनके सिर और कान में गंभीर घाव हो गए। महिला की चीख सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शोर मचाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों के हांका लगाने पर बाघ महिला को छोड़कर जंगल में भाग गया। घायल सुशीला को तत्काल परिजनों द्वारा स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय अस्पताल में हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। फिलहाल, सुशीला का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। जिले में जंगली जानवरों के हमले लगातार बढ़ रहे हैं। आए दिन भेड़िया, तेंदुआ और बाघ लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं, जिससे स्थानीय निवासियों में भय का माहौल है।

## खबरें एक नजर में

### नाबालिग लड़की का अपहरणकर्ता गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के अपहरणकर्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी को पंजाब से बरामद किया गया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के छोटिया गांव की 15 वर्षीय बालिका को एक सप्ताह पूर्व बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया था। इस मामले में श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी श्याम कुमार पुत्र दयाराम पर अपहरण का आरोप है। पुलिस ने जांच के दौरान युवक और बालिका का लोकेशन पंजाब में ट्रेस किया। इसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अपहृत बालिका को बरामद कर लिया और आरोपी श्याम कुमार को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर यादव ने बताया कि आरोपी श्याम कुमार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) और धारा 87 के तहत जेल भेज दिया गया है।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या, मचा कोहराम

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना मोतीपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शाहपुर खुर्द में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान कलामुद्दीन पुत्र इदरीश, निवासी शाहपुर खुर्द के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलामुद्दीन ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर थाना मोतीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मेस जूनियर बॉडी विल्डर कादिर ने जिले का नाम किया रोशन



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या महोत्सव में आयोजित मेंस जूनियर बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में बलरामपुर जिले के बाडी बिल्डर अब्दुल कादिर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया। उतरौला के मोहल्ला रफी नगर के रहने वाले अब्दुल कादिर ने मेंस जूनियर बॉडी बिल्डिंग वर्ग में पदक और मेंस फिजीक में सम्मान जनक स्थान प्राप्त किया। अब्दुल कादिर उतरौला के नूर फिटनेस जोन में पिछले सात महीने से बाडी बिल्डिंग का अभ्यास कर रहे हैं। नूर फिटनेस जोन के संचालक अनस और जैन खान के मार्गदर्शन में अब्दुल कादिर ने तीन महीनों की कड़ी मेहनत से अयोध्या महोत्सव में आयोजित जूनियर बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सफलता से क्षेत्र के अन्य युवा भी फिटनेस के प्रति प्रेरित होंगे। इस सफलता पर कोच अनस और जैन खान ने अब्दुल कादिर का स्वागत किया। कहा कि अब्दुल कादिर की सफलता से उतरौला का नाम पूरे क्षेत्र में गौरवान्वित हुआ है। आज के समय में स्वस्थ रहना ही सबसे बड़ी पूंजी है, और यही संदेश ये खिलाड़ी समाज को दे रहे हैं। अब्दुल कादिर ने बताया कि उन्होंने अपना पूरा ध्यान अपनी बॉडी और जिम पर केंद्रित किया, यह प्रण लेते हुए कि वह इस बार बाडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे।

### सरायखास में जुटे देश भर के नामी पहलवान

**सादुल्लाहनगर (बलरामपुर),समृद्धि न्यूज।** रेहरा बाजार विकास खंड के सरायखास गांव में सोमवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय विराट कुश्ती दंगल का आगाज हो गया। पहले दिन दिल्ली, पंजाब, जम्मू और नेपाल से आए नामी पहलवानों ने एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए जमकर जोर आजमाइश की। दंगल का शुभारंभ उतरौला विधायक के पुत्र सुशांत वर्मा ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया उन्होंने कहा कि कुश्ती केवल एक खेल नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति और मिट्टी से जुड़ी अनमोल विरासत है। ग्रामीण अंचलों में ऐसे आयोजनों से न केवल छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच मिलता है, बल्कि युवाओं में अनुशासन और आपसी भाईचारे की भावना भी सुदृढ़ होती है। हार-जीत से बढ़कर खेल भावना महत्वपूर्ण है। उ

# भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सांसद अरुण सिंह का हुआ जिले में स्वागत

▸ महसी विस में अटल स्मृति दिवस पर जनसभा को किया संबोधित



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सांसद अरुण सिंह का बाबा बिहारी दास आश्रम मासा डीहा विधानसभा महसी में अटल स्मृति दिवस के अवसर पर विशाल जनसभा को संबोधित करने के लिए जनपद बहराइच में आगमन पर विधानसभा कैसरगंज के मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं पदाधिकारी द्वारा मंडल जरवल, मंडल कैसरगंज, गजाधरपुर, गंडारा, फखरपुर में मुकेश जायसवाल, शिवानंद सिंह, विशाल सिंह, पवन वर्मा, अभिषेक शुक्ला, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा गौरव वर्मा व जिला उपाध्यक्ष सुवेद वर्मा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

जनपद के टिकोरा मोड़ पर सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, बलहा विधायक सरोज सोनकर, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी तथा बहराइच सदर व पयागपुर विधानसभा, नानपारा, बलहा महसी, मटेरा, विधानसभाओं के मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे के मार्गदर्शन में भव्य स्वागत पुष्प मालाओं व पुष्प वर्षा के साथ किया। तथा कार्यकर्ताओं व ब्लाक प्रमुख ,सभासद, जिला पंचायत सदस्य के द्वारा अंग वस्त्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राहुल राय, सुषमा चौधरी, जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, नन्हेंलाल लोधी, डॉ जितेंद्र त्रिपाठी, जिला मंत्री संजय राव, सुनील श्रीवास्तव, हेमा निगम, रामनिवास जायसवाल, हरेंद्र विक्रम सिंह, राजन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के द्वारा भव्य स्वागत किया।

## किसान डिग्री कॉलेज में हुआ टेबलेट वितरण कार्यक्रम




**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत किसान डिग्री कॉलेज बनगांव कटरा बाजार गोंडा में सोमवार को टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 121 बच्चों को टैबलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शमा अंसारी अध्यक्ष,नगर पंचायत कटरा बाजार एवं विशिष्ट अतिथि सत्यजीत पांडे प्रधान प्रतिनिधि रामापुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के संरक्षक बैजनाथ दूबे पूर्व विधायक कटरा बाजार द्वारा किया गया कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के उप प्रबंधक अखिलेश दूबे, राघव राम पांडेय पूर्व प्रधान बनगांव, संजय पांडेय प्रधान प्रतिनिधि पूरे बदल, दद्दन शुक्ला समाजसेवी कटरा बाजार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## राम तीरथ डिग्री कॉलेज में अटल स्मृति का आयोजन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** उतरौला में भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर एक अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन रामतीर्थ डिग्री कॉलेज, इमीलिया बनघुसरा के सभागार में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी और जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा रहे। सम्मेलन का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अटल जी के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि आरती तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि बलरामपुर जनपद अटल जी की कर्मभूमि रही है, जहां की जनता ने उन्हें पहली बार लोकसभा भेजकर देश की राजनीति को नई दिशा दी थी। उन्होंने अटल जी के पोखरण परमाणु परीक्षण, सुशासन, राष्ट्रहित और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने जैसे ऐतिहासिक निर्णयों को उनकी दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मतदाता पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया। जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अटल जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और जनसेवा की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने मतदाता पुनरीक्षण अभियान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मृत मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएं और पात्र नागरिकों के छूटे हुए नाम नई सूची में ईमानदारी से जोड़े जाएं।

# एएसआई रूपचंद्र वर्मा का हुआ प्रमोशन, अधिकारियों ने दी शुभकामनाएं, विशेश्वरगंज थाने में कंधे पर लगा डबल स्टार



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** विशेश्वरगंज थाना परिसर में सोमवार को असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर रूपचंद्र वर्मा को प्रमोशन करके सब-इंस्पेक्टर बना दिया गया है। एसएचओ राजकुमार पाण्डेय ने उनके कंधे पर डबल स्टार लगाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान थाना परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। यह कार्यक्रम सादगीपूर्ण लेकिन गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मौजूद पुलिसकर्मियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। सभी ने रूपचंद्र वर्मा की ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की सराहना की, जिन्हें उनकी सफलता का आधार बताया गया। एसएचओ राजकुमार पाण्डेय ने इस मौके पर कहा, ÷असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर रूपचंद्र वर्मा ने अपने कार्यकाल में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। यह पदोन्नति उनके सतत परिश्रम और समर्पण का प्रतिफल है। हमें विश्वास है कि वे आगे भी इसी निष्ठा से जनसेवा करते रहेंगे।÷ स्टार पहनने के बाद रूपचंद्र वर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए नई जिम्मेदारी और ऊर्जा लेकर आया है। वर्मा ने जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में थाने के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी ने सब-इंस्पेक्टर वर्मा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पंडरी कृपाल में प्रतिबंधित हरे-भरे वृक्षों की आई शामत, विभागीय चुप्पी पर सवाल

▸ डीएफओ तक खबर पहुंचने पर हुई कार्रवाई





समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** जनपद के पंडरी कृपाल वन रेंज क्षेत्र में सागौन, नीम, आम सहित अन्य बहुमूल्य इमारती लकड़ियों की लगातार अवैध कटान हो रही है। सूत्रों के अनुसार हरे-भरे और परिपक्व वृक्षों को योजनाबद्ध तरीके से काटा जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार वन विभाग अब तक इस पर प्रभावी रोक लगाने में असफल दिखाई दे रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सागौन जैसी कीमती लकड़ी रात के समय काटकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचाई जा रही है। नीम और आम जैसे पर्यावरण एवं ग्रामीण जीवन से जुड़े वृक्ष भी अंधाधुंध काटे जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र का हरित आवरण तेजी से समाप्त होता जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि अवैध लकड़ी माफिया बेखौफ होकर जंगल की संपदा को लूट रहे हैं। कई बार सूचना देने के बावजूद वन विभाग के अधिकारी या तो मौके पर नहीं पहुंचते या फिर औपचारिकता निभाकर लौट जाते हैं। इससे विभागीय मिलीभगत की आशंका भी गहराती जा रही है।वन क्षेत्र में हो रही इस कटान से न केवल पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, बल्कि भू-क्षरण, जलस्तर में गिरावट और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास पर भी गंभीर संकट खड़ा हो गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले वर्षों में इसका दुष्परिणाम पूरे क्षेत्र को भुगतना पड़ेगा।

इसी क्रम में रविवार को वॉयरल हुए वीडियो के बारे में डीएफओ गोंडा अनुराग प्रियदर्शी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इस पर जांच करवा रहा हूं, लेकिन वीडियो को लेकर सोमवार की सुबह वन क्षेत्राधिकारी सुशांत शुक्ला ने चांच उपरांत बताया कि आपके सूचना पर डीएफओ साहब ने मुझे भेजा था रिपोर्ट दे रहा हूं, पुनः देर शाम को बताए कि क्षेत्र में अवैध कटान पर दो ठेकेदार तथा काश्तकार के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम के तहत केस किया गया है।

# सिख समुदाय ने निकाली शहीदी संदेश यात्रा, गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को किया याद



समृद्धि न्यूज़

**बहराइच।** सरबंसदानी श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों और माता गुजरी की शहादत को स्मरण करते हुए रविवार को बहराइच में 'शहीदी संदेश यात्रा' निकाली गई। यात्रा गुरुद्वारा गुरबाणी केंद्र, गुरुनानक चौक से प्रारंभ होकर चित्रगुप्त चौक, छावनी और घंटाघर होते हुए पीपल चौराहे स्थित गुरुद्वारे में संपन्न हुई। यात्रा में सिख संगत के साथ-साथ अन्य धर्मों के लोगों ने भी सहभागिता कर शहादत को नमन किया।

गुरुद्वारा अध्यक्ष मंदीप सिंह वालिया ने बताया कि यह यात्रा दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी के देश और कौम के प्रति प्रेम, त्याग और उनके अद्वितीय सरबंसदान को याद करने के उद्देश्य से निकाली गई। उन्होंने कहा कि साहिबजादों ने ÷पहला मरण कबूल, जीवन की छड आस÷ के सिद्धांत पर चलते हुए अपनी शहादत दी, जो आज भी देश और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वालिया ने सिख इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि जब मुगल सल्तनत के जुल्म और अन्याय अपने चरम पर थे, तब गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज ने खालसा पंथ की स्थापना कर अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का मार्ग प्रशस्त किया। गुरु गोबिंद सिंह जी के दो साहिबजादे अजीत सिंह और जुझार सिंह चमकौर के युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए। वहीं, दो अन्य साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह को माता गुजरी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों बाल साहिबजादों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया और माता गुजरी ने भी वहीं अपने प्राण त्याग दिए। इस प्रकार गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण परिवार न्योछावर कर दिया। शहीदी संदेश यात्रा के गुरुद्वारे पहुंचने पर गुरदासपुर से आए रागी जत्था कंवलजीत सिंह और हुजूरी रागी फतेह सिंह ने कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल किया। हेड ग्रंथि ज्ञानी विक्रम सिंह जी ने सरबत के भले की अरदास कराई। इस अवसर पर संरक्षक मंजीत सिंह शम्पी, महामंत्री भूपेंद्र सिंह वालिया, उपाध्यक्ष परमजीत सिंह, जगजीत सिंह, जगनंदन सिंह, देवेंद्र सिंह बेदी, मीडिया प्रभारी परविंदर सिंह सम्मी, दशमिन्दर पाल सिंह, अर्शदीप, राजेंद्र कौर, बलजीत कौर, गुरबख्श कौर, संतोष सिंह, कुलदीप सिंह, जिक्की सिंह, गुरजीत कौर और हरजीत कौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

जनसुनवाई

**महिला जनसुनवाई में घरेलू हिंसा से भूमि विवाद तक के मामले, आयुक्त ने दिए त्वरित कार्रवाई के आदेश**

# मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में सुनीं गईं 11 महिलाओं की समस्याएं



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम के तहत सोमवार को मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विशेष महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आई 11 महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं, जिनमें भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, रास्ता विवाद, मारपीट, अवैध कब्जा, राशन कार्ड तथा प्रशासनिक स्तर पर लंबित मामलों से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं।

मण्डलायुक्त ने प्रत्येक महिला की समस्या को बारी-बारी से गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों से मौके पर ही वार्ता की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कहा कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जिन मामलों में स्थल निरीक्षण अथवा संयुक्त जांच की आवश्यकता है, वहां तत्काल टीम गठित कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर पुनः समीक्षा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान अपर आयुक्त एवं उपायुक्त खाद्य भी उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और भरोसा दिलाया कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।महिला जनसुनवाई में आई महिलाओं ने प्रशासन द्वारा गंभीरता से समस्याएँ सुने जाने पर संतोष व्यक्त किया और आशा जताई कि निर्धारित समय-सीमा में उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम महिलाओं को न्याय, सुरक्षा और सशक्तिकरण का भरोसा दिलाने की दिशा में एक प्रभावी मंच के रूप में उभर रहा है।

**माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद में उठी जलभराव की समस्या**

माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद के अंतर्गत आयोजित विशेष महिला जनसुनवाई में मोहल्ला इमिलिया गुरुदयाल, न्यू गल्लामंडी रोड की महिलाओं ने गन्दगी व जलभराव की गंभीर समस्या उठाई। महिलाओं ने बताया कि नालियों की समुचित व्यवस्था न होने और नियमित सफाई न होने से गली में पानी भरा रहता है, जिससे आवागमन बाधित है और बच्चों के घायल होने की घटनाएँ हो रही हैं। विषैले जीव-जंतुओं के भय से लोग घर से निकलने में असहज हैं। पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्र के बावजूद समाधान न होने पर महिलाओं ने आयुक्त से शीघ्र निस्तारण की मांग की। इस पर आयुक्त ने महिलाओं को एक हफ्ते के भीतर शिकायत का निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

**मारपीट का मामला उठा**

माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद के अंतर्गत आयोजित विशेष महिला जनसुनवाई में थाना इटियाथोक क्षेत्र के ग्राम अयाह निवासी रेनू गौर्या ने मारपीट एवं धमकी का मामला उठाया। प्रार्थिनी ने बताया कि 15 दिसम्बर 2025 को रास्ते के विवाद में विपक्षियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट की, जिसमें वह व उनके परिजन घायल हुए। जिला अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण के बावजूद थाना स्तर पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। महिला ने मण्डलायुक्त से मुकदमा पंजीकृत कर उचित कार्रवाई की मांग की।

# नई आबकारी नीति से राजस्व में रिकॉर्ड वृद्धि, निवेश व रोजगार सृजन में भी बढ़ोतरी

## डिजिटल नियंत्रण, जीरो टॉलरेंस और रिकॉर्ड कमाई से यूपी मॉडल देश में नंबर वन, जनसुरक्षा के लिए प्रदेशभर में अवैध शराब और शराब माफिया के खिलाफ कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस साल अपने निर्णयों से आबकारी विभाग में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं। इसलिए यह साल आबकारी विभाग के लिए कई बदलाव के लिए जाना जाएगा।

नई आबकारी नीति से न केवल विभाग की पूरी कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाया बल्कि सरकार के राजस्व में वृद्धि हुई है। राजस्व प्राप्ति के मामले में इस साल आबकारी विभाग ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। नई आबकारी नीति इस वित्तीय वर्ष के प्रथम आठ माह में राजस्व में 15.59 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इसके अलावा निवेश और रोजगार सृजन में भी उल्लेखनीय कार्य हुआ है।

योगी आदित्यनाथ सरकार की नई आबकारी नीति ने विभाग की छवि को सकारात्मक रूप से बदलने का काम किया है। इस साल शराब की दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया गया जिससे लाइसेंस आवंटन की प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और ऑनलाइन हो गई।

### एथेनॉल उत्पादन में नया कीर्तिमान

उत्तर प्रदेश सरकार के विभागीय आंकड़े बताते हैं कि इस साल तक 182 करोड़ लीटर एथेनॉल का उत्पादन हुआ, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। योगी आदित्यनाथ सरकार के संरचनात्मक सुधार, तकनीकी अनुकूलता और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' से शराब, बीयर, वाइन व एल्कोहल आधारित उद्योगों में वृद्धि हुई है। प्रदेश में 105.25 करोड़ लीटर और प्रदेश से बाहर 40.96 करोड़ लीटर एथेनॉल बिक्री ने उत्तर प्रदेश को एथेनॉल सप्लाई का भरोसेमंद केंद्र बनाया है। इंवेस्ट यूपी के अंतर्गत अब तक 140 समझौते साइन हुए हैं, जिसके तहत 35378 करोड़ रुपये के निवेश की प्रक्रिया चल रही है। वहीं 56 रेडी-टू-लॉन्च प्रोजेक्ट हैं जिनके लिए जमीन आवंटित हो चुकी है। 11667 करोड़ रुपये के निवेश की प्रक्रिया चल रही है। वर्तमान में 35 प्रोजेक्ट संचालित हैं जिसमें 4045 करोड़ से ज्यादा का निवेश हो चुका है। इन परियोजनाओं ने 5000 से अधिक रोजगार भी सृजित किए हैं।

### अवैध शराब में लिप्त अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

प्रदेश में योगी सरकार ने इस साल अवैध शराब और अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी और प्रभावी कार्रवाई की है। इस साल प्रदेशभर में अवैध शराब के निर्माण और तस्करी से जुड़े 79,990 अभियोग दर्ज किए गए हैं। इस दौरान 20.86 लाख लीटर अवैध मदिरा एवं मादक द्रव्य बरामद किए गए। अवैध कारोबार में संलिप्त 15,085 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 2,755 को जेल भेजा गया। अवैध मदिरा से जुड़ी किसी भी सूचना के लिए लखनऊ स्थित कंट्रोल एवं कमांड सेंटर का टोल फ्री नंबर 14405 और व्हाटसएप नंबर 9454466019 सक्रिय है। साथ ही, मदिरा की वैधता जांच के लिए यूपी एक्साइज सिटीजन ऐप विकसित किया गया है।

### अवैध बिक्री और कारोबार पर पूरी तरह से नियंत्रण

सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि नई नीति के तहत उत्पादन से लेकर परिवहन और बिक्री तक हर स्तर पर सख्त निगरानी सुनिश्चित की गई है। शीरा के उत्पादन, उठान और वितरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन की गई है, जबकि आसवनियों और अन्य इकाइयों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मदिरा और स्पिरिट के टैंकरों में डिजिटल लॉक लगाए गए हैं।

# वृद्धावस्था पेंशन योजना को मिली गति आठ माह में जुड़े 9.83 लाख नए पेंशनर

समृद्धि न्यूज

**समाज कल्याण विभाग की योजनाओं से बढ़ा बुजुर्गों का भरोसा**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना वर्ष 2025 में सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार बनकर उभरी है।

समाज कल्याण विभाग की योजना के अंतर्गत बीते आठ माह में प्रदेश भर में 9.83 लाख नए पात्र वृद्धजनों को जोड़ा गया है, जिससे कुल पेंशन लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 67.50 लाख तक पहुंच गई है।समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप वृद्धजनों को सम्मानजनक, सुरक्षित और आत्मनिर्भर जीवन देने की दिशा में यह योजना लगातार सशक्त हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर योजना में डिजिटल मॉनिटरिंग, आधार आधारित सत्यापन और सतत निगरानी की व्यवस्था लागू की गई है। इससे पेंशन वितरण प्रणाली अधिक पारदर्शी और भरोसेमंद बनी है तथा यह सुनिश्चित हुआ है कि सरकारी सहायता सही पात्रों तक ही पहुंचे। 2024 में जहां राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना से 61लाख वृद्धजन लाभान्वित हो रहे थे।

## खबरें एक नजर में

### नर्सेज संघ की मांगें न पूरी होने पर आंदोलन की चेतावनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आज महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएँ, उत्तर प्रदेश, डॉ. आर.पी. एस. सुमन जी से भेंट कर ए.सी.पी. एवं अन्य मांगों के संबंध में कोषाध्यक्ष गीतांशु वर्मा, संयुक्त सचिव सत्येंद्र कुमार तथा कार्यकारिणी सदस्य स्मिता मौर्य के साथ अपनी बात रखी गई। महानिदेशक महोदय ने आश्वासन दिया कि आज से कल तक कार्यवाही हो जाएगी। परंतु हम लोगों द्वारा प्रार्थना-पत्र देकर यह अनुरोध भी किया गया कि यदि 7 जनवरी 2026 तक ए.सी.पी. एवं अन्य मांगों पर सकारात्मक रवैया नहीं अपनाया गया, तो बाध्य होकर राजकीय नर्सेस संघ, उत्तर प्रदेश द्वारा आंदोलन का मार्ग अपनाया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

### रिंग रोड पर ट्रक-डंपर की टक्कर,कोई हताहत नहीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के रिंग रोड पर टेढ़ी पुलिया के पास एक ट्रक और डंपर में टक्कर हो गई। इस हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, किसी के हताहत होने या गंभीर चोट लगने की सूचना नहीं है। ट्रक चालक राघवेंद्र ने बताया कि डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए थे। इसके कारण पीछे से आ रहा उनका ट्रक डंपर से टकरा गया। उन्होंने यह भी बताया कि टक्कर के समय ट्रक की गति तेज थी। टक्कर के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही विकास नगर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क के किनारे हटवाकर यातायात को सुचारू रूप से बहाल किया। फिलहाल, रिंग रोड पर वाहनों की आवाजाही सामान्य बनी हुई है।

### मलिहाबाद रेलवे फाटक पर लगा लंबा जाम, एंबुलेंस फंसी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मलिहाबाद के अमानीगंज रेलवे फाटक पर सोमवार दोपहर लंबा जाम लग गया। फाटक बंद होने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह घटना दोपहर के व्यस्त समय में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रेलवे फाटक अपेक्षा से अधिक समय तक बंद रहा, जिससे लखनऊ-हरदोई मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। जाम में निजी वाहनों, बाइकों, ऑटो और मालवाहक गाड़ियों के साथ एक एंबुलेंस भी फंस गई। एंबुलेंस के फंसे होने से लोगों में चिंता बढ़ गई और उसे निकलने में काफी समय लगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि अमानीगंज रेलवे फाटक पर ऐसी स्थिति अक्सर बनती है।

### ट्रक में फंसकर गिरी स्ट्रीट लाइट, डिलीवरी बॉय घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आशियाना थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक से स्ट्रीट लाइट के तार खिंच गए जिससे स्ट्रीट लाइट डिलीवरी बॉय पर गिर गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रीढ़ की हड्डी टूट गई। पीड़ित अस्पताल में 13 दिन से भर्ती है। उसके शरीर में भी कई जगह चोट है। पीड़ित के पिता राम नरेश मिश्र ने थाने में रविवार को शिकायत दी। इसमें उन्होंने बताया कि उनका पुत्र संजय कुमार मिश्र 15 दिसंबर 2025 की रात अपनी स्कूटी (यूपी 32पीआर-8860) से रजनीखंड की ओर जा रहा था। जैसे ही वह रश्मि डायग्नोसिस सेंटर के पास पहुंचा, तभी गलत साइड से आ रहे एक ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्ट्रीट लाइट के तार खींच लिए जिससे स्ट्रीट लाइट डिलीवरी बॉय संजय मिश्र पर गिर गई। स्ट्रीट लाइट गिरते ही युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उसे लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। बाद में बेहतर इलाज के लिए उसे पीजीआई भेजा गए, फिर मोहनलालगंज के एक प्राइवेट अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

### लखनऊ रूट की दर्जनभर ट्रेनें घंटों लेट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ से चलने वाली और शहर से होकर गुजरने वाली एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें रविवार को 5 से 10 घंटे तक देरी से चलीं। घने कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार थम गई, जिससे यात्रियों को स्टेशन पर लंबा इंतजार करना पड़ा और सफर बेहद परेशानियों भरा रहा। कोहरे का सबसे ज्यादा असर प्रीमियम और लंबी दूरी की ट्रेनों पर दिखा। तेजस एक्सप्रेस को नई दिल्ली से लखनऊ पहुंचने में करीब 7 घंटे लग गए। गोरखधाम एक्सप्रेस लगभग 10 घंटे देरी से चली। इसके अलावा हावड़ा-देहरादून करीब 8 घंटे, जबकि फरक्का और बेगमपुरा एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटे लेट रहीं। देरी का सीधा असर चारबाग रेलवे स्टेशन पर दिखा, जहां प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ बढ़ती चली गई। ट्रेनों के अनिश्चित समय से पहुंचने के कारण ठंड में इंतजार और मुश्किल हो गया। हरदोई से आई यात्री रिया अग्रवाल ने बताया कि उनकी ट्रेन ढाई घंटे लेट पहुंची। हम काफी देर से स्टेशन पर इंतजार कर रहे हैं, ठंड में बैठना मुश्किल हो गया है।

### ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एसटीपी चौराहा भैसुरा बीबीडी निवासी नितेश मिश्रा 26 पुत्र अंजनी प्रसाद की ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई। नितेश अपने भाई मुकेश मिश्रा की खरगापुर स्थित 99 स्टोर में साथ में काम करता था। भाई मुकेश ने बताया सोमवार सुबह नितेश का कॉल आया। उसने अनमोल के साथ झगड़ा और मारपीट की जानकारी दी। इस पर उसे घर आने के लिए कहा लेकिन नहीं आया। कुछ देर बाद हुसड़िया क्रॉसिंग शहीद पथ के नीचे ट्रेन के आगे कूदने की सूचना मिली। जहां मौजूद लोगों ने पुलिस की मदद से उसे लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। भाई के मुताबिक वहां मौजूद लोगों ने बताया नितेश अपनी स्प्लेंडर बाइक से क्रॉसिंग पर पहुंचा।गाड़ी की टंकी खोलकर उसमें आग लगाने का प्रयास करने लगा। जब उसे रोका गया तो बगल से गुजर रही ट्रेन के आगे कूद गया। मामले में इंस्पेक्टर गोमती नगर विस्तार सुधीर अवस्थी का कहना है पिता की तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है।

### सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में 150 लोगों की सुनीं समस्या

# घबराइए नहीं, हर जन समस्या का होगा समाधान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रचंड ठंड में भी जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'घबराइए मत, हर समस्या का समाधान कराएंगे, सरकार सबकी भरपूर मदद करेगी।'

अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं।

सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान का निर्देश दिया। लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। सबकी समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है।

प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं।

पैमाइश की जरूरत हो, पैमाइश कराकर विवाद का निस्तारण कराया जाए। पारिवारिक विवाद के मामलों में उन्होंने उभयपक्षों के साथ संवाद कर समाधान की राह निकालने के लिए निर्देशित किया। कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।

### ठंड से किसी गोवंश की न होने पाये मृत्यु : धर्मपाल

**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में प्रदेश के गौ आश्रय स्थलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त रूप से निर्देश दिये कि गो आश्रय स्थलों पर गोवंश के ठंड से बचाव के लिए त्रिपाल अलाव आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। ठंड से किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो। पशुचिकित्साधिकारी गौ आश्रयस्थल पर जाकर गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं औषधि की व्यवस्था करें। जनपद के नोडल अधिकारी गौ आश्रय स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण कर चारा, भूसा, पानी प्रकाश आदि की व्यवस्थाएं करें। श्री सिंह ने पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के बजट की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवंटित बजट शत प्रतिशत व्यय किया जाए।

# देहरादून में त्रिपुरा के छात्र की हत्या घृणित मानसिकता का दुष्परिणाम : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि देहरादून में त्रिपुरा के एक छात्र की हत्या नफरती लोगों की बेहद घृणित मानसिकता का दुष्परिणाम है।

पश्चिम त्रिपुरा जिले के नंदननगर के 24 वर्षीय छात्र एंजेल चकमा को नौ दिसंबर को देहरादून में एक समूह ने कथित रूप से नस्लीय अपशब्द कहे, जिसका विरोध करने पर उसपर हमला कर दिया गया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के दौरान 26 दिसंबर को उसकी मृत्यु हो गई। इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि देहरादून में त्रिपुरा के एक छात्र की हत्या नफरती लोगों की बेहद घृणित मानसिकता का दुष्परिणाम है।

सपा मुख्यालय से जारी एक बयान के मुताबिक, यादव ने कहा कि विघटनकारी सोच रोज किसी की जान ले रही है और सरकारी अभयदान प्राप्त ये लोग विषबेल की तरह फलफूल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इन नकारात्मक तत्वों से देश और देश की एकता-अखंडता खतरे में है

### जनगणना कर्मचारियों को मिलेगा छह गुना मानदेय, प्रशिक्षण भत्ते में भी इजाफा

**लखनऊ ।** देश-प्रदेश में डेढ़ दशक बाद हो रही जनगणना में कर्मचारियों को मानदेय छह गुना ज्यादा मिलेगा। केंद्र ने प्रगणक से लेकर स्टेट नोडल अफसर तक के मानदेय में भारी बढ़ोतरी की है। प्रगणक एवं सुपरवाइजर को दो चरण मिलाकर करीब 25 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। केंद्र ने यूपी सहित सभी राज्यों को इसके लिए आदेश एवं बजट जारी करने के निर्देश दिए हैं। जनगणना के पहले चरण में हाउसिंग सर्वे के लिए 9 हजार रुपये और दूसरे चरण में जनगणना में 16 हजार रुपये मानदेय मिलेगा।2011 में यह दर क्रमशः 1,500 रुपये और 3,300 रुपये थी। जनगणना डिजिटल होगी।

# अपर मुख्याधिकारी पर रिश्वतखोरी के आरोप

**जिला पंचायत बोर्ड बैठक में हंगामा, सदस्यों ने हाथों में तख्ती व बैनर लेकर की नारेबाजी व अपर मुख्याधिकारी के खिलाफ बोला हल्ला हालात, निंदा प्रस्ताव पारित**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में जिला पंचायत की बोर्ड बैठक उस वक्त हंगामेदार हो गई, जब जिले भर से आए जिला पंचायत सदस्यों ने नक्शा स्वीकृति और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बैठक के दौरान सदस्यों ने हाथों में तख्ती और बैनर लेकर नारेबाजी की और अपर मुख्याधिकारी प्रणव पांडे के खिलाफ हल्लाबोल किया। हालात इतने बिगड़े कि बैठक में उनके खिलाफनिंदा प्रस्ताव पारित करना पड़ा।

जिला पंचायत की इस बोर्ड बैठक में लगभग सभी क्षेत्रों से पहुंचे जिला पंचायत सदस्य एकजुट नजर आए। सदस्यों का कहना था कि जिला पंचायत कार्यालय में नक्शा स्वीकृति से लेकर विकास कार्यों तक हर स्तर पर रिश्वतखोरी व्याप्त है। आरोप लगाया गया कि बिना लेन-देन के फाइलें आगे नहीं बढ़तीं और आम जनता के काम जानबूझकर रोके जाते हैं। बैठक के दौरान सदस्यों ने सीधे तौर पर अपर मुख्याधिकारी प्रणव पांडे को निशाने पर लिया। सदस्यों का आरोप था कि उनके संरक्षण में जिला पंचायत कार्यालय में भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है। सदस्यों ने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे कर्मचारियों के हौसले बुलंद हैं। लगातार बढ़ते विरोध और हंगामे के बीच बोर्ड बैठक में अपर मुख्याधिकारी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही भ्रष्टाचार में लिप्त बताए जा रहे जिला पंचायत कर्मियों का वेतन रोके जाने का निर्णय भी लिया गया। सदस्यों का कहना था कि जब तक निष्पक्ष जांच और कार्रवाई नहीं होती, तब तक यह कदम जरूरी है। यह पूरी बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष आरती रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव भी मौजूद रहे और वे अध्यक्ष के बगल की कुर्सी पर बैठे नजर आए। हंगामे के बीच विजय यादव ने माइक संभालकर सदस्यों को दिशा-निर्देश दिए और स्थिति को संभालने की कोशिश की।

# बीजेपी सभासद पर रॉड व हथियारों से हमला सिर पर रिवॉल्वर से किया फायर, गंभीर चोटें

**केस दर्ज, तीन नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बीजेपी सभासद पर रॉड और हथियारों से हमला किया गया है। हमलावरों ने उनके सिर पर रिवॉल्वर से फायर भी किया था लेकिन गोली मिस हो गई जिससे जान बच गई। इसके बाद हमलावरों ने उनको रॉड और धारदार हथियारों से पीटना शुरू कर दिया। उनके सिर, नाक, हाथ, पैर में गंभीर चोट आई है जिससे उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। वारदात गोसाईंगंज नगर पंचायत के सभासद अखिलेश गुप्ता के साथ की गई। वह भाजपा से जुड़े हैं। 27 दिसंबर की रात वह रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे जहां पहले इंतजार कर रहे 7-8 लोगों ने उन पर हमला कर दिया।

सभासद ने अपने भाई से फेसबुक पर पोस्ट करवाकर सीएम योगी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और भाजपा पदाधिकारियों से जान बचाने की मदद मांगी है। सभासद के भाई शुभम गुप्ता ने आरोप लगाया है कि सुधीर भट्ट, श्रवण भट्ट, मोहम्मद राशिद और 4-5 अन्य लोगों ने हथियारों से लैस होकर सभासद के पास पहुंचे थे। पता नहीं क्या बात हुई जिससे उन लोगों ने भाई सभासद पर हमला कर दिया। हमलावर क्षेत्र में दहशत फैलाने और व्यापारियों से अवैध वसूली के उद्देश्य से ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारी वर्ग में भय और तनाव का माहौल है। गोसाईंगंज थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तीन नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। सभासद ने अपने भाई शुभम गुप्ता से फेसबुक पर पोस्ट लिखवाया। इसमें उन्होंने बनिया समाज से एकजुट होने की बात कही है, साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को टैग किया है।

### आचरण में झलकना चाहिए कथा का सार : आचार्य विष्णु शरण

**लखनऊ।** शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से सदर कैंट हाता रामदास स्थित शिव श्याम मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को यज्ञ पूर्णाहुति और महा प्रसाद के साथ संपन्न हुआ। राजेन्द्र कुमार पांडे गुरुजी द्वारा यज्ञ पूर्णाहुति हुई उसके बाद भण्डारा शुरु हुआ। यज्ञ में राजेन्द्र कुमार पांडे गुरुजी, मुख्य यजमान प्रीति सिन्हा, विजेंद्र अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, जवाहर लाल बड़ौदा, बृजमोहन अग्रवाल आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर कथा व्यास आचार्य विष्णु शरण भारद्वाज जी महाराज ने प्रवचन में कहा कि ष्यज्ञ केवल अग्नि में आहुति देना नहीं है, बल्कि अपने अहंकार और बुराइयों को प्रभु के चरणों में समर्पित करना ही सच्चा यज्ञ है।

# घर में उगाई गई जैविक सब्जियां स्वास्थ्य के लिए लाभकारी : दिनेश प्रताप सिंह

समृद्धि न्यूज

**उद्यान मंत्री ने डीपी बोरा वाटिका के सौन्दर्याकरण का किया शिलान्यास**

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने राजकीय शीतगृह परिसर अलीगंज में डीपी बोरा वाटिका के सौन्दर्याकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं का शिलान्यास किया।

उन्होंने दो दिवसीय कृषक गोष्ठी में भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विधानसभा लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।उद्यान मंत्री ने कहा कि डीपी बोरा वाटिका का जीर्णोद्धार क्षेत्र के लिए हरित विरासत को सहेजने का महत्वपूर्ण कदम है और आने वाली पीढ़ियों को इससे प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके।

शहरी बागवानी को बढ़ावा देते हुए रूफटॉप गार्डनिंग और बालकनी गार्डनिंग अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया, घर में उगाई गई जैविक सब्जियां स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती हैं।गाजियाबाद, नोएडा, लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी में निशुल्क बीज, सीडलिंग और प्लांटिंग सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। लखनऊ क्षेत्र को सबसे पहले इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट हेतु चुना गया, शहरी बागवानी को प्रोत्साहन मिलेगा।

**उपलब्धि**

### यूपी में पिछड़े वर्ग के छात्रों की शिक्षा को मिला बड़ा सहारा, 323.29 करोड़ की मिली मदद

# पिछड़ा वर्ग कल्याण की योजनाओं ने रची नए विकास की कहानी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** पिछड़े वर्ग के लिए वर्ष 2025 में बहुत ही अच्छा साबित हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने साल 2025 में पिछड़े वर्ग के कल्याण को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और डिजिटल सशक्तिकरण तीनों क्षेत्रों में सरकारी योजनाएं न केवल जारी रहीं, बल्कि लाभार्थियों की संख्या और बजट के मामले में पहले से कहीं अधिक प्रभावी भी साबित हुईं।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की संचालित योजनाओं के आधिकारिक आंकड़े यह प्रमाणित करते हैं कि मुख्यमंत्री योगी की नीतियां सीधे तौर पर समाज के अंतिम पायदान तक ओ लोगों को लाभ पहुंचा रही हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग कल्याण महज योजनाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शिक्षा, सम्मान और कौशल के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने का मजबूत माध्यम बना है। योगी सरकार की यह नीति-आधारित और परिणाम-केंद्रित कार्यशैली ही उत्तर प्रदेश को सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में आगे ले जा रही है। शिक्षा को प्राथमिकता, रिकॉर्ड छात्रवृत्ति वितरणवर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पिछड़ा वर्ग के छात्रों को शिक्षा से जोड़ने के लिए बड़े पैमाने पर आर्थिक सहायता प्रदान की है। इस अवधि में पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 6 लाख 90 हजार 349 छात्रों को 147.75 करोड़ रुपये की सहायता दी गई। वहीं, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से 5 लाख 85 हजार 954 छात्रों को 175.54 करोड़ रुपये प्रदान किए गए। इस तरह केवल वर्ष 2025 में ही कुल 12 लाख 76 हजार 303 विद्यार्थियों को 323.29 करोड़ रुपये की सीधी मदद मिली। कुल मिलाकर प्रदेश सरकार ने इन नौ वर्षों में कुल 2 करोड़ 20 लाख 29 हजार 760 छात्रों को 13,858.62 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की हैं। बेटियों के सम्मान में सरकार की संवेदनशीलता मुख्यमंत्री योगी की सामाजिक प्रतिबद्धता का स्पष्ट उदाहरण शादी अनुदान योजना है। वर्ष 2025-26 (23 दिसंबर 2025 तक) में पिछड़ा वर्ग की 72 हजार 296 बेटियों को इस योजना के तहत 144.59 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया। पूर्व वर्षों में भी यह योजना लगातार मजबूत होती रही। 2019-20 और 2024-25 में एक-एक लाख बेटियों को 200-200 करोड़ रुपये की सहायता दी गई। कुल मिलाकर नौ वर्षों में राज्य सरकार ने शादी अनुदान योजना के तहत कुल 6 लाख 47 हजार 863 लाभार्थियों को 1,295.72 करोड़ रुपये की मदद पहुंचाई। इस योजना के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतम आय सीमा एक लाख वाले अन्य पिछड़े वर्ग के परिवारों की बेटियों की शादी के लिए अनुदान दिये जाने का प्राविधान है।

# शीतकालीन सत्र में एक बार भी स्थगित नहीं हुई सदन की कार्यवाही : सतीश महाना

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अठारहवीं विधान सभा का वर्ष 2025 का तृतीय सत्र 19 दिसंबर को प्रारम्भ होकर 24 दिसंबर को सम्पन्न हुआ। चार उपवेशनों के उपरांत सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की गई। इस दौरान सदन की कार्यवाही एक बार भी स्थगित नहीं हुई तथा सुचारु एवं विधिवत संचालित हुई और सभी निर्धारित विधायी कार्य पूर्ण किए गए।

मीडिया से मुखातिब विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने 35 वर्षों के संसदीय अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि यह देखकर संतोष होता है कि विधायिका के सकारात्मक और रचनात्मक पक्ष सामने आ रहे हैं। इसमें मीडिया का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। पूर्व में विधायिका को लेकर नकारात्मक धारणाएं अधिक थीं, किंतु वर्तमान में एक सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। विधानसभा के भ्रमण हेतु प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। इससे आमजन को न केवल विधायिका की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिल रहा है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति उनकी जागरूकता भी बढ़ रही है। विधानसभा भ्रमण के लिए निरंतर बढ़ रही जनभागीदारी से यह स्पष्ट है कि विधायिका के प्रति जनविश्वास और जन-जागरूकता दोनों सुदृढ़ हो रहे हैं। स्पीकर ने बताया,विधानसभा के शीतकालीन सत्र में स्थगन समय शून्य रहा तथा स्थगन रहित समय 24 घंटे 50 मिनट रहा। कुल समयावधि में 24 घंटा 50 मिनट तक सदन की कार्यवाही हुई। इस दौरान कुल प्राप्त प्रश्न 2776 रहे, स्वीकृत प्रश्नों में अल्पसूचित तारांकित प्रश्न 1 तारांकित प्रश्न 451 तथा तरंकित प्रश्नों की संख्या1842 रही। उत्तरित प्रश्नों में अल्पसूचित तारांकित प्रश्नों की संख्या 00, तारांकित प्रश्न 51 तथा अतारांकित प्रश्नों की संख्या 530 रही।

# रेलवे लाइन का सपना अधूरा, शामली-गोरखपुर एक्सप्रेस-वे से करेंगे पूरा

**शामली गोरखपुर एक्सप्रेसवे के लिए पुवायां में बनाए गए बेसिक प्वाइंट**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रेलवे लाइन का सपना देख रहे लोगों को पूरा नहीं हो सका है, लेकिन शामली गोरखपुर एक्सप्रेसवे से अब अपना सपना पूरा करेंगे। यह एक्सप्रेसवे बनने से पुवायां के लोग कई प्रदेशों की यात्रा कर सकेंगे। छह लेन के पानीपत-गोरखपुर एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए, कार्रवाई वर्ष 2026 से शुरू होने की संभावना है। एक्सप्रेसवे के सर्वे के लिए प्वाइंट बनाए जा रहे हैं। एक्सप्रेसवे बनने से जिले के लोग पूरब से पश्चिम तक सीधे जुड़ जाएंगे। निर्माण कार्य वर्ष 2028 तक पूरा होना है। यह ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे, भारतमाला प्रोजेक्ट का हिस्सा है, इसमें जम्मू से हरियाणा के पानीपत तक छह लेन सड़क तैयार हो गई है। उसके आगे शामली से गोरखपुर का हिस्सा है। करीब 750 किलोमीटर लंबे और 35 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस एक्सप्रेसवे का ड्रोन सर्वे पूरा हो चुका है। अब डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप दिया जा रहा है। डीपीआर में तय होगा कि कितने पुल, ओवरब्रिज और फ्लाईओवर की आवश्यकता होगी। शामली के थाना भवन क्षेत्र और गोगवान जलालपुर से शुरू होकर गोरखपुर और नेपाल सीमा तक जाने वाला यह एक्सप्रेसवे प्रदेश के 22 जिलों और 37 तहसीलों से होकर गुजरेगा। पहले चरण में शामली से पुवायां तक लगभग 450 किलोमीटर, जबकि दूसरे चरण में पुवायां से गोरखपुर तक लगभग 300 किलोमीटर का निर्माण होगा।

इसके पूरा होने के बाद यूपी का पूर्वी और पश्चिमी हिस्सा सीधे जुड़ जाएगा। शामली-गोरखपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के पहले चरण के निर्माण वाले हिस्से पर पुवायां क्षेत्र में मोबाइल जीपीएस के सहारे सर्वे के लिए बेसिक प्वाइंट बनाने का काम चल रहा है। इसके तहत जगह-जगह सीमेंटेड पिलर बनाए जा रहे हैं। सीमेंटेड छोटे से पिलर पर लोहे का छोटा एंगल भी लगाया जा है।

### इन जिलों का आवागमन होगा आसान, किसानों-व्यापारियों की बढ़ेगी आय

इस एक्सप्रेसवे के बनने से पुवायां सहित जिले के लोगों का पूरब में लखीमपुर, सीतापुर, लखनऊ, अयोध्या, बस्ती, गोरखपुर और पश्चिम में पीलीभीत, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर, मेरठ होते हुए शामली तक पहुंच आसान हो जाएगी। इसके अलावा जिले के लोगों को पांच एक्सप्रेसवे जिनमें गंगा एक्सप्रेसवे, लखनऊ गोरखपुर एक्सप्रेस वे, अंबाला शामली एक्सप्रेसवे, दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे शामिल हैं, से सीधा कनेक्शन मिलेगा। इससे यात्रा का समय घटेगा, परिवहन गतिविधियां बढ़ेंगी और औद्योगिक निवेश को गति मिलेगी। पुवायां तहसील कृषि प्रधान होने के कारण यहां से अनाज, आलू आदि दूसरे जिलों को भेजना आसान हो जाएगा। व्यापारियों को माल भेजना और मंगाना आसान होगा। तमाम लोगों को रोजगार भी मिलेगा। पुवायां सिख बहुल भी है और यहां के लोगों की रिश्तेदारी हरियाणा, पंजाब आदि में है। एक्सप्रेसवे से पंजाब आदि में आवागमन में आसानी होगी।

### डीपीआर के बाद जिले से शुरू होगी कार्रवाई

डीपीआर बनने और सर्वे के बाद बाद धारा 3-ए के तहत भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके बाद चयनित जमीन पर निर्माण और खरीद-फरोख्त पर रोक लग जाएगी। भूमि स्वामी को आपत्ति के लिए 15 दिन का समय मिलता है, इसके बाद 3-डी घोषित कर भूमि केंद्र सरकार के नाम कर सुरक्षित करा दी जाएगी।

### पुवायां के इन गांवों से होकर निकलने की है संभावना

अब तक चल रही कार्रवाई के अनुसार शामली-गोरखपुर एक्सप्रेस-वे के पीलीभीत जिले के तिल्छी गांव से शाहजहांपुर के पुवायां क्षेत्र में गांव डिमरी डिमरिया से गांव भगौतीपुर सुहेला, सुहेला, कैथ बहेड़ा, खिरिया, गुरसंडा रायपुर, बेलावाली, गुलौली, खुशालपुर, बालेमऊ, मरेना, दुबिया, नसुलिया, नहिलोरा बुजुर्ग, विक्रमपुर, खजुरिया, तितुरा, कुंवरपुर जप्ती, जुझारपुर, जारमानो, टकेली, बितौनी जमीने करनापुर, लखोहा, बसखेड़ा बुजुर्ग, पिपरी, बसही, जेवां, पुरेना, कटका, बनियानी, बेला आदि गांवों से होकर बनाए जाने की संभावना है।

> अभी शामली-गोरखपुर एक्सप्रेसवे के लिए कोई सर्वे नहीं कराया गया है। सर्वे के लिए कंट्रोल प्वाइंट बनाए गए हैं। डीपीआर अंडरप्रोसेस है, फाइनल नहीं हुआ है।
> **प्रशांत दुबे, पीडी, एनएचएआई, बरेली**

> एनएचएआई की ओर से अब तक शामली-गोरखपुर एक्सप्रेसवे के लिए नक्शे आदि मांगे गए हैं। एक्सप्रेसवे पुवायां तहसील से होकर निकलेगा। डीपीआर मिलने पर जानकारी हो सकेगी।
> **प्रवेंद्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर**

> एक्सप्रेसवे के लिए अभी कोई डिटेल नहीं आई है। गांव नाहिल आदि के पास से सर्वे हुआ था। गजट प्रकाशन होने पर ही जानकारी हो सकेगी।
> **चित्रा निर्वाल, एसडीएम पुवायां**

## प्रशासन हर जरूरतमंद को सुरक्षित आश्रय प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध : एडीएम

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



जनपद में पड़ रही भीषण ठंड में रैन बसेरों में रात काटने को मजबूर मजदूर वर्ग, बेसहारा, बेघरों का हाल जानने के लिए देररात अचानक एडीएम वित्त अरविंद कुमार पहुंच गए। उन्होंने वहां निवासरत लोगों का हाल जाना और कंबल ओढ़ाकर, आश्रय लिए लोगों की समस्याएं जानी। एडीएम वित्त ने रेलवे स्टेशन पर भी ठंड से बचाव के इंतजाम का जायजा लिया। विभिन्न स्थलों के पास बुजुर्गों, दिव्यांगों को वितरित किए कंबल किए।

रोडवेज बस अड्डा में नगर निगम द्वारा संचालित रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया गया। रैन बसेरों में साफ सुथरा बेड बिस्तर, पेयजल, गैस हीटर, केयर टेकर आदि की व्यवस्था की गई है। ठिठुरन भरी रातों में राहगीरों और निराश्रितों को राहत देने के लिए शहर के 50 से अधिक प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थानों और रैन बसेरों के बाहर नियमित रूप से अलाव जलाए जा रहे हैं। एडीएम वित्त ने हनुमत धाम पर संचालित रैन बसेरो का भी निरीक्षण किया गया है जिसमें समस्त व्यवस्थाएं सुचारू पाई गयी। आम-जनमानस से अपील की गयी कि यदि कोई भी व्यक्ति खुले में सोता हुआ मिले, तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। सहायता के लिए जिला कंट्रोल रूम नंबर 05842-351037, 462754 व टोल-फ्री नंबर 1070 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रशासन हर जरूरतमंद को सुरक्षित आश्रय प्रदान करने हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## खबरें एक नजर में

### जलभराव व गंदगी से संक्रामक रोग फैलने की आशंका



**सचिन चौहान, मदनापुर समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के गांव नहरोसा के मजरा केशवपुर गोटिया में जाने वाला संपर्क मार्ग के आबादी वाले हिस्से में नाली के पानी से सड़क पर जल भराव से गंदगी बढ़ रही है। गांव में सफाई कर्मचारी के नियमित रूप से नहीं आने से नालियां कीचड़ से चोक हो चुकी हैं। गंदा पानी भी सड़क के गड्ढों में भरा रहता है। इसमें लोगों का पैदल निकलना तक दूभर हो गया है। बच्चे स्कूल जाते समय अक्सर कीचड़ में फिसल कर गिर जाते हैं। ऐसे में सड़क पर जमा गंदगी में मच्छरों के पनपना से गांव पर संक्रामक रोग बढ़ने का खतरा मंडरा रहा है केशवपुर गोटिया निवासी देव सिंह और गांव वालों के अनुसार वह कई बार ब्लॉक के अधिकारियों को गांव के जर्जर हो चुके रास्ते को से अवगत करा चुके हैं एवं ग्राम प्रधान को भी अवगत कराया है। लेकिन कोई भी इस बात को सुनने को तैयार नहीं गांव वालों का आरोप है प्रधान पति राजू यादव कभी गांव में आते नहीं है।

### एक जनवरी तक स्कूलों में अवकाश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा ठंड की स्थिति को देखते हुए जनपद के सभी सरकारी और निजी विद्यालय किसी भी प्रकार के बोर्ड से मान्यता प्राप्त क्यों न हो, कक्षा 12 तक के छात्रों के लिए 1 जनवरी तक विद्यालय बंद रहेंगे।

### समृद्धि न्यूज की खबर का अधिकारियों ने लिया संज्ञान मौके पर पहुंच कर प्लाटिंग का काम रुकवाया



**समृद्धि न्यूज, खुटार शाहजहांपुर।** विकास खण्ड खुटार की ग्राम पंचायत गुरिहया में की जा रही प्लाटिंग में प्लाटरों के द्वारा गाटा संख्या 39 के करीब से निकली गाटा संख्या 10 जोकि चक रोड की भूमि है जो प्लाट पर मुख्य फ्रंट पर आती है जिसके चलते उक्त भूमि अत्यधिक वेश कीमती है। जिसको प्लॉटरो के द्वारा अपने प्लाट की भूमि में मिलाकर के प्लाटिंग के लिए तैयार किया जा रहा है। जिसकी खबर को समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था । अखबार में खबर छपने के बाद अधिकारियों ने प्रमुखता से संज्ञान लेते हुए। मौके पर राजस्व विभाग की टीम ब थाना खुटार फोर्स को भेज कर की जा रहे हैं प्लाटिंग के काम को रुकवा दिया राजस्व निरीक्षक के द्वारा मौके पर पहुंचकर हो रही प्लाटिंग की पैमाइश के बाद प्लाटिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।

### दवा लेने पुवायां आ रही महिला बाइक से गिरी

**समृद्धि न्यूज, पुवायां।** सोमवार को गांव लखनापुर निवासी सर्वेश कुमार बाइक से अपनी 30 वर्षीय पत्नी सावित्री देवी को पुवायां सीएचसी मे दवाई दिलाने के लिए ला रहे थे। तभी गांव जुझारपुर के पास बाइक पर बैठी सावित्री देवी सड़क पर गिर गई। जिस कारण उनको काफी गम्भीर चोटें आईं। सर्वेश कुमार ने एम्बुलेंस को सूचना देकर पति को सीएचसी लेकर आए जहां उनका इलाज चल रहा है।

### कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**पुवायां, समृद्धि न्यूज।** तहसील परिसर में वकील के चेम्बर के पास एक पेड़ खड़ा है जो विल्कुल सूख चुका है। इसलिए यह कभी भी गिर सकता है। पेड़ गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। वकील राजेन्द्र ने बताया कि यह पेड़ हमारे ही चेम्बर के पास खड़ा है वहां पर करीब 10 से 15 वकीलों का चेंबर है। जिसका हम लोगों ने विरोध भी किया लेकिन अभी तक इस पेड़ को हटाया नही गया है। अधिकारियों की जब तक आंखे नही खुलेगी जब तक बड़ा हादसा न हो जाये।

### सीएमओ ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का किया औचक निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** ग्राम सिउरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा ने ग्राम सिउरा स्थित पीएचसी का औचक निरीक्षण कर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्राम सिऊरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा ने निरीक्षण किया। सीएमओ ने पीएचसी पर आने वाले मरीजों को प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पीएचसी पर डॉक्टर के साथ फार्मासिस्ट, एलटी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित मिले। सीएमओ डॉ विवेक कुमार मिश्रा ने ठंड से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए है।पीएचसी पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ फैज़ान खान, फार्मासिस्ट राजीव यादव, मयंक गंगवार ने 37 मरीजो को परामर्श के बाद दवाई दी गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ फैजान खान ने बताया है कि कटरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर वार्ड में दो हीटर बेड सुरक्षित कर रखे गए है। ठंड में बुखार, खाँसी, सर दर्द, शरीर दर्द के मरीज बढ़ गए है। बिल्कुल भी लापरवाही नही दिखाए अपने नजदीकी सीएचसी पीएचसी पर डॉक्टर से सम्पर्क कर परामर्श ले।

### पुलिस मुठभेड़ में 68 मुकदमों वाला बदमाश घायल होकर गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** थाना कोतवाली पुलिस को रविवार देर रात उस समय बड़ी सफलता मिली, जब संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस की शातिर अपराधी से मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से बदमाश घायल हो गया, जिसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, बिना नंबर प्लेट की पल्सर मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, 28 दिसंबर की रात थाना कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि थाना निगोही क्षेत्र का एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी मोहल्ला मघईटोला के पीछे दूध की डेयरियों के आसपास पशु चोरी की रेकी कर रहा है और उसके पास अवैध असलहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। इसी दौरान मघईटोला से कान्हा गौशाला की ओर बरेली-सीतापुर हाईवे पर बिना नंबर प्लेट की पल्सर मोटरसाइकिल से जाते एक संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया। खुद को घिरता देख बदमाश मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगा और पुलिस द्वारा रुकने की चेतावनी देने पर उसने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोली एक पुलिसकर्मी के पास से निकल गई। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें अभियुक्त के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगी। घायल बदमाश को मौके से गिरफ्तार कर पुलिस सुरक्षा में जिला अस्पताल शाहजहाँपुर भेजा गया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान सईद उर्फ बंजारा पुत्र चांद खां, निवासी मोहल्ला ककरा, थाना निगोही के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, तीन जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की पल्सर मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और नगदी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध शाहजहाँपुर सहित सीतापुर, बरेली, खीरी व हरदोई जनपदों में कुल 68 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, चोरी, लूट और पशु क्रूरता अधिनियम जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। इस मामले में थाना कोतवाली पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि उपचार के बाद अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने मुठभेड़ में शामिल टीम की सराहना की है।

## मानवता ने वितरित किए कंबल



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

मानवता वेलफेयर सोसायटी द्वारा रविवार को ठंड में ग्राम पींग में बुजुर्ग जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित किए गए तथा उनकी पेंशन एवं अन्य सामाजिक समस्याओं को नोट किया गया, ताकि उनकी वास्तविक जरूरतें संबंधित प्रशासन तक पहुँचाई जा सकें। संस्था का प्रयास है कि सेवा केवल औपचारिक न रहे, बल्कि सही समय पर सही व्यक्ति तक पहुँचे, विशेषकर उन स्थानों पर जहाँ व्यवस्था की पहुँच सीमित रह जाती है। कार्यक्रम के दौरान लिए गए कुछ चित्रों का उद्देश्य संवेदनशील नागरिकों को सेवा के लिए प्रेरित करना है, ताकि सहायता केवल कुछ हाथों तक सीमित न रहे, बल्कि एक साझा जिम्मेदारी बन सके।

## अलाव की व्यवस्था न होने से ठिठुर रहे दिव्यांग व उनके सहयोगी

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यालय में पूर्व निर्धारित दिवस सोमवार को रेड क्रॉस एवं दिव्यांग जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों के द्वारा दिव्यांग जनों की समस्या निराकरण हेतु जनसुनवाई बैठक का आयोजन हुई। जिसमें विकलांगों के दिव्यांग बोर्ड द्वारा बनाए जा रहे हैं दिव्यांग प्रमाण पत्र हेतु जनपद रजिस्टर के 93 क्षेत्र की जनता अपने-अपने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने आते हैं वर्तमान मौसम को देखते हुए अत्यधिक ठंड एवं शीत प्रकोप के चलते दिव्यांग जनों और उनके साथ आए उनके सहयोगियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है अलाव न जलने पर दिव्यांग जनो के स्वास्थ्य पर विपरीत का प्रभावित पड़ रहा। जिससे दिव्यांग जनों ने क्रॉस कार्यालय में उपस्थित लोगों को अवगत कराया। जिस पर रेड क्रॉस के सचिव डॉ ब्रजेश राव ने दिव्यांगजनों को अवगत कराया कि मैं पूर्व में और दिव्यांगजन कल्याण समिति के पदाधिकारी के साथ संबंधित अधिकारियों से निवेदन कर चुका हूं मैं पुनः ऑफिस में वार्ता करके संबंधित को अवगत कराया जाएगा। समस्त दिव्यांगजनों एवं उनके साथ आने वाले सहयोगियों को आने वाले सोमवार को अलाव और स्वच्छता एवं आवश्यक व्यवस्था का प्रबंध करने का सफल प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर जिला आपदा मित्र कमांडर इन्द्रजीत लोधी, ने कहा ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था किया जाने की मांग जायज है। आपदा मित्र कमांडर ने इस संबंध में जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में वार्ता करके समाधान कराने का प्रयास करने की बात कही, इस अवसर पर दिव्यांगजनों में मुनेश कुमार वर्मा, ब्रजेश कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार, सुबोध कुमार मिश्रा, सविता देवी, आदि मौजूद है।

## आलू-टमाटर, व शाकभाजी फसलों को समसामयिक रोगों से बचाएं : पाठक

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

जनपद में आलू टमाटर, आम केला एवं शाकभाजी फसलों की गुणवत्तायुक्त उत्पादन के लिए सम-सामयिक महत्व के रोगों एवं व्याधियों को समय से नियंत्रण किया जाना आवश्यक है। मौसम विभाग द्वारा प्रदेश में तापमान में गिरावट, कोहरा की सम्भावना व्यक्त की गयी है। जिसके दृष्टिगत मौसम में रोगों व व्याधियों से बचाएं जाने के लिए उद्यान विभाग एडवाइजरी जारी की गई है।

जनपद में वर्तमान वित्तीय वर्ष में लगभग 15000 हेक्टेयर आलू आच्छादन सम्भावित है। वातावरण में तापमान में गिरावट एवं बूंदाबांदी की स्थिति में आलू की फसल पिछेती झुलसा रोग के प्रति अत्यन्त संवेदनशील है। प्रतिकूल मौसम विशेषकर बदलीयुक्त बूंदा-बांदी एवं नम वातावरण में झुलसा रोग का प्रकोप बहुत तेजी से फैलता है तथा फसल को भारी क्षति पहुंचती है। पिछेती झुलसा रोग के प्रकोप से पत्तियाँ सिरे से झुलसना प्रारम्भ होती है, जोकि तीव्रगति से फैलती है। पत्तियों पर भूरे काले रंग के जलीय धब्बे बनते हैं तथा पत्तियों के निचली सतह पर रूई की तरह फफूंद दिखाई देती है। बदलीयुक्त 80 प्रतिशत से अधिक आर्द्र वातावरण एवं 10-20 डिग्री सेन्टीग्रेड तापक्रम पर इस रोग का प्रकोप बहुत तेजी से होता है और 2 से 4 दिनों के अन्दर ही सम्पूर्ण फसल नष्ट हो जाती है। आलू टमाटर की फसल को अगेती व पिछेती झुलसा रोग से बचाने के लिए साफ व कगुआ कोर्बेडाजिम 12 प्रतिशत मैंकोजब 63 प्रतिशत डब्ल्यूपी दवा का 2.5 से 3.0 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें अथवा प्रोपिनेब 63 प्रतिशत डब्ल्यूपी दवा का 2.5 से 3.0 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर अथवा दोनों में से किसी एक दवा का 2 से 2.5 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से 800 से 1000 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव किया जाए।

आलू की फसल में माहू कीट के प्रकोप की स्थिति में नियंत्रण के लिए जैविक रूप से नीम का तेल 3.0 मिली प्रति लीटर हल्के गरम पानी में घोलकर छिड़काव करें तथा रासायनिक नियंत्रण के लिए कीटनाशक जैसे थायक्लोप्रिड 21.7 प्रतिशत एस.सी. या फिप्रोनिल 5 प्रतिशत एसपी दवा का 0.5 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए जिन खेतों में पिछेती झुलसा रोग का प्रकोप हो गया हो तो ऐसी स्थिति में रोकथाम के लिए अन्तःग्राही सिस्टेमिक फफूंदनाशक मेटालेक्जिल युक्त रसायन 2.0 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर अथवा साइमोक्जेनिल फफूंदनाशक युक्त रसायन 3.0 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर प्रथम छिड़काव करें तथा 8 से 10 दिन बाद द्वितीय छिड़काव करें। आम की अच्छी उत्पादकता सुनिश्चित करने हेतु गुझिया कीट से बचाया जाना आवश्यक है। कीट से आम की फसल को काफी क्षति पहुंचती है। इसके शिशु कीट निम्फ को पेड़ों पर चढ़ने से रोकने के लिए माह दिसम्बर में आम के बाग की हल्की जुताई करें एवं आम के पेड़ के मुख्य तने पर भूमि से 30-50 सेमी की ऊँचाई पर 400 गेज की पॉलीथीन शीट की 25 सेमी चौड़ी पट्टी को तने के चारों ओर लपेट कर ऊपर व नीचे सुतली से बांध कर पॉलीथीन शीट के ऊपर ग्रीस लगा देना चाहिए तथा क्लोरीपाइरीफॉस 1.5 प्रतिशत चूर्ण व धूल 250 ग्राम प्रति पेड़ के हिसाब से तने के पास चारों ओर मिट्टी में बुरकाव करना चाहिए।

अन्य सब्जियां यथा मिर्च, टमाटर, मटर आदि फसलों पर भी कम तापमान एवं कोहरा, पाला एवं बूंदा-बांदी से भारी नुकसान पहुंचता है। ऐसी स्थिति में किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि फसलों को पाले से बचाएं तथा आवश्यकतानुसार फसलों में नमी बनाये रखने को समय-समय पर सिंचाई की जाये। पौधशाला के छोटे पौधों को पाले, कोहरे से बचाये जाने हेतु पौध व पौधशाला को पॉलीथीन अथवा टाट से ढकना चाहिए।

**मौसम विभाग द्वारा तापमान में गिरावट-कोहरा की सम्भावना पर एडवाइजरी जारी**

> जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक ने बताया कि अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी भूतल विकास भवन में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

## पुलिस ने दहेज उत्पीड़न मामले में अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहाँपुर।**

थाना कटरा पुलिस टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई है। दहेज उत्पीड़न और अभद्रता के मामले में वांछित एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पीड़िता के जेठ को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने ससुराल वालों पर दर्ज कराए मुकदमे में अतिरिक्त दहेज की मांग, शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने तथा जेठ निर्भान सिंह पुत्र रूम सिंह निवासी ग्राम लाईखेड़ा द्वारा छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करने के गंभीर आरोप लगाए थे। विवेचना के दौरान पीड़िता और गवाहों के बयान, मेडिकल रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। 28 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 2:43 बजे पुलिस टीम ने अभियुक्त को कटरा ओवरब्रिज के नीचे, शाहजहाँपुर की तरफ जाने वाली सड़क से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल, उपनिरीक्षक संजीत शुक्ला, का0 अनुराग शामिल रहे।

## महापौर-नगरायुक्त ने रैन बसेरों व अलाव के दृष्टिगत नागरिकों से किया संवाद



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** रविवार को भीषण ठंड से आम जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आया और जगह जगह अलाव के सहारे ठंड से बचते नजर आए। शहर के चहलकदमी भी ठंड की वजह से कम रही। नगर निगम की ओर से संचालित रैन बसेरों व अलाव की व्यवस्था को धरातल पर परखने के लिए खुद महापौर अर्चना वर्मा व नगरायुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा ने रोडवेज बस स्टैंड पर संचालित रैन बसेरा में जाकर निरीक्षण किया और वहां आंगुतक रजिस्टर देखा। महापौर ने वहां तैनात कर्मचारी को सख्त दिशा निर्देश दिए कि रैन बसेरा में किसी तरह की लापरवाही न सामने आए। बाहर से रुकने वाले लोगों का विशेष ख्याल रखा जाए, बाहर जल रहे अलाव को भी देखा गया। इसके साथ ही महापौर ने नगर निगम के पास रैन बसेरा व घंटाघर पर अलाव आदि चैक कर दिशा निर्देश दिए। इस दौरान निगम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्टेट सुपरवीजन टीम ने मिर्ज़ापुर ब्लॉक की सीएचसी जरियनपुर की स्वास्थ्य सेवाओं का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर-शाहजहांपुर।**



स्टेट रिसोर्स मॉनिटरिंग सुपरवीजन टीम ने मिर्ज़ापुर ब्लॉक की सीएचसी जरियनपुर एवं ब्लॉक की स्वास्थ्य इकाइयों में स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण एवं सुपरवीजन किया। टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 आदेश रस्तोगी की कुशल सेवाओं और नेतृत्व की सराहना की। 26 से 28 दिसंबर के बीच स्टेट रिसोर्स मॉनिटरिंग एंड स्टेट सुपरवीजन टीम ने मिर्जापुर ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जरियनपुर एवं सीएचसी के अंतर्गत आने वाली स्वास्थ्य इकाइयों का गहन निरीक्षण कर समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान टीम नंबर पांच के सदस्य डॉ0 शम्स रिजवान और बीआर यादव ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए संतोष व्यक्त कर स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की गई।

निरीक्षण का नेतृत्व सीएचसी प्रभारी डॉ. आदेश रस्तोगी ने बीपीएम विपिन कुमार पांडेय,बीसीपीएम सुषमा देवी एवं सौरभ द्विवेदी के साथ स्टेट सुपरवीजन टीम को पूरे ब्लॉक का भ्रमण कराते हुए स्वास्थ्य सेवाओं, व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। स्टेट सुपरवीजन टीम ने ओपीडी सेवाएं, प्रसव कक्ष, इमरजेंसी सेवाएं,औषधि वितरण, लैब सेवाएं, साफ-सफाई, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया। टीम ने चिकित्सीय टीम को कुछ बिंदुओं पर आवश्यक सुझाव भी दिए गए। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आदेश रस्तोगी ने कहा कि मिर्जापुर ब्लॉक में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें।

निरीक्षण के दौरान सीएचसी एवं ब्लॉक स्तर के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## हमारा क्लब सदैव जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ा : ललिता



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

लायन इंटरनेशनल के अग्रणी मंडल 321 बी1 के अंतर्गत लायन क्लब शक्ति शाहजहांपुर द्वारा भीषण ठंड को देखते हुए पुवायां रोड पर रोडवेज वर्कशॉप के सामने आलाव जलवाया गया। अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने बताया कि यहां पर बहुत से राहगीर ठंड से परेशान थे, जिनको राहत प्रदान करने के लिए अलाव जलवाया गया। जिससे कई लोगों को ठंड से राहत महसूस हुई,हालांकि शासन के द्वारा अलाव जलवाए जा रहे है। लेकिन बहुत अधिक ठंड होने के कारण कई जगह पर अलाव की जरूरत पड़ रही है, तो क्लब के द्वारा भी अलाव जलाए जा रहे हैं। हमारा क्लब सदैव जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ा है और आगे भी ऐसे ही राहत कार्य जहां भी जरूरत है,वहां पर करते रहेंगे। कार्यक्रम में लायन ललिता यादव लायन अनुप्रिया ग्रोवर, लायन गुरमीत कौर, बृजेश यादव, निशांत यादव आदि मौजूद रहे।

## बाइक सवार भूलेख निरीक्षक ट्रैक्टर से टकराकर गम्भीर रूप से घायल

**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** कलान के भूलेख निरीक्षक खुदागंज निवासी अनुराग शर्मा बाइक से तहसील तिलहर जा रहे थे। कटरा खुदागंज मार्ग पर कटरा थाना क्षेत्र में ग्राम भौना के सामने अचानक सड़क पर आए ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार अनुराग शर्मा गम्भीर रूप से घायल हो गए तो वही बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

घायल अनुराग शर्मा को इलाज के लिए खुदागंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। अनुराग शर्मा की हालत गम्भीर होने पर बरेली रैफर कर दिया गया है। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया है कि घायल भूलेख निरीक्षक को इलाज के लिए भर्ती करा दिया गया है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## अतीत बागी को किया गया सम्मानित



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 141वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल पश्चिमी जोन के प्रदेश महासचिव एवं प्रभारी संगठन अतित कुमार गुप्ता उर्फ़ बागी को पार्टी एवं जनहित में उत्कृष्ट योगदान को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पूर्व .राज्यसभा सदस्य अविनाश पाण्डेय एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूव.मंत्री अजय राय और प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक आदरणीय डॉ प्रमोद कुमार पाण्डेय ने बधाई पत्र एवं अंग पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बाराबंकी से संसद सदस्य तनुज पूनिया, सीतापुर के संसद सदस्य राकेश राठौर, पूर्व विधायक अखिलेश प्रसाद और दीपक कुमार, सतीश अजमानी, लक्ष्मीनारायण दीक्षित, सतीश बिंद चंदौली, सोनू पंडित, अनिल देव त्यागी सहित प्रदेश के कई पूर्व विधायक गण मौजूद रहे।

# एसआईआर कार्य पूर्ण, अब मतदाताओं को भेजे जाएंगे नोटिस : जिलाधिकारी

- नोटिस निस्तारण को लगाए गए कार्मिकों के साथ एसडीएमओ ने की बैठक

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जनपद में विधानसभाओं की एसआईआर प्रक्रिया भले ही पूरी हो चुकी हो, लेकिन काम अभी पूरा नहीं हुआ है। मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए निर्वाचन आयोग ने अब एसआईआर में बाहर हुए मतदाताओं को नोटिस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम



धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में प्रत्येक विधानसभा में 25-25 कार्मिक व शहर क्षेत्र में 39 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। इनको सोमवार को तहसील स्तर पर एसडीएमों द्वारा बैठक कर नोटिस प्रक्रिया, निस्तारण, सुनवाई आदि को लेकर दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं।

जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि

एसआईआर में अब नोटिस प्रक्रिया शुरू कराई जा रही है। इसमें विधानसभावार कार्मिकों की अलग अलग कार्यों-दायित्वों के लिए ड्यूटी लगा दी गई है। बीएलओ द्वारा जो नोटिस डोर टू डोर वितरण किए जाएगें। उन लोगों की सुनवाई के लिए प्रत्येक विधानसभा में जिम्मेदार कार्मिक मौजूद रहकर बूथ स्तर पर सुनवाई कर निस्तारण करेंगे।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने बाल युवक गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, तिलहर – शाहजहांपुर।



एक हिन्दू संगठन व ब्राह्मणों के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट डालने बाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि बीते दिन फेसबुक एकाउंट पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वरूप को बिगाड़ कर तथा ब्राह्मणों के खिलाफ एक पोस्ट डाली गई थी। जिसके संज्ञान में आने पर पुलिस ने उक्त सोशल मीडिया के फेसबुक एकाउंट को सर्च किया । जिसमें कोतवाली क्षेत्र के गांव रतूली निवासी सुमित कुमार मौर्य पुत्र राकेश मौर्य का नाम प्रकाश में आने पर विरसिंग पुर चौकी के एसआई प्रदीप राजौरिया ने युवक को हिरासत में लेकर सर्व प्रथम पोस्ट को डिलीट कराया। तदोपरांत उसके खिलाफ आईटी एक्ट व भावनाएं भड़काने की धारा में मामला दर्ज कर उसका शांति भंग में चालान कर दिया।

# सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर थीम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

डीएम एवं सीडीओ के निर्देशन क्रम व जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग की टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन से परियोजना समन्वयक विनय कुमार शर्मा द्वारा सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में जानकारी देते हुए हुए बताया गया कि बाल विवाह करने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पूर्णतया नहीं हो पता है जिससे बालक एवं बालिकाओं का पूरा जीवन अंधकारमय बीतता है । बाल विवाह बच्चों का बचपन छीन



लेता है और उनकी खुशहाली को खतरे में डाल देता है 18 साल से कम उम्र में शादी करने वाली लड़कियों के घरेलू हिंसा का शिकार होने की संभावना ज्यादा होती है और उनके स्कूल में बने रहने की संभावना भी कम होती है। बाल विवाह करना एक कानून अपराध है यदि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह करता है तब उसको 1 लाख रुपए जुर्माने एवं 2 वर्ष तक का कठोरतम कारावास या फिर दोनों से दंडित किया जाएगा ।परिवार ,समाज, समुदाय एवं देश के प्रत्येक नागरिक को बाल विवाह रोकने हेतु सक्रिय सहभागिता के साथ बाल विवाह का अंत करना होगा तभी बाल विवाह मुक्त भारत संभव हो सकेगा। परियोजना समन्वयक द्वारा बताया गया कि विवाह करने की उम्र लड़की की 18 वर्ष से अधिक तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।

इस अवसर पर उपस्थित सभी ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के प्रतिज्ञा की। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने बच्चों को सुशासन सफ्ताह प्रशासन गांव की ओर के अंतर्गत बच्चों की समस्याओं को मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा मौके पर ही जरूरतमंद बच्चों एवं निराश्रित महिलाओं को योजना से जोड़ने हेतु उनको ऑनलाइन आवेदन करने को बोला।मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,

वन स्टॉप सेंटर,बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, 181 महिला हेल्पलाइन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पति की मृत्यु पर निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि की जानकारी दी।

उक्त कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्प लाइन से सुपरवाइजर सुधीर कुमार , संस्थान के अध्यापक एवं विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

# किसानों से पारदर्शी व सुचारु रूप से धान की खरीद सुनिश्चित की जाए : नोडल अधिकारी



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग, सामान्य प्रशासन,भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण एवं पुनर्गठन समन्वय विभाग तथा नोडल अधिकारी शाहजहांपुर मनीष चौहान द्वारा जनप का भ्रमण किया गया।

प्रमुख सचिव ने डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के साथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय परिसर में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया।

प्रमुख सचिव द्वारा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन मुख्य द्वारा व बाउण्ड्रीवाल, 100 बेडेड चिकित्सालय, 50 बेडेड क्रिटीकल केयर ब्लॉक, इमरजेन्सी ब्लॉक, सी0सी0 रोड आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन 100 बेडेड चिकित्सालय के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी, जिसके सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 100 बेडेड चिकित्सालय का निर्माण कार्य मूल परियोजन में सम्मिलित था, किन्तु 100 बेडेड चिकित्सालय का स्थान परिवर्तित होने के कारण विद्युत के अतिरिक्त कार्यों में बढ़ोत्तरी हुई है। उक्त कार्य नवीन कार्य है तथा मौके पर नहीं हुए है। अतिरिक्त विद्युत कार्य अति महत्वपूर्ण है तथा चिकित्सालय के संचालन हेतु इनको कराया जाने की आवश्यकता है। उक्त अतिरिक्त विद्युत कार्यों हेतु आगणन 495.77 लाख महानिदेशालय में प्रेषित किया जा चुका है। उक्त कार्य नवीन होने के कारण कार्यदायी संस्था नामित होनी है तथा इसको इस वर्ष 2025-26 की कार्य योजना में सम्मलित किया गया है। साथ ही कार्यदायी संस्था द्वारा द्वारा अतिरिक्त सिविल कार्यों का आगणन 997.15 लाख प्रस्तुत किया गया है, जोकि मूल परियोजना में सम्मलित नहीं है। इस सम्बन्ध में शासन स्तर पर निर्णय लिया जाना शेष है। प्रमुख सचिव द्वारा 50 बेडेड क्रिटीकल केयर ब्लॉक के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी, जिसके सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त न होने के कारण निर्माण कार्य लम्बित है। प्रमुख सचिव ने चिकित्सालय की ओपीडी का भी भम्रण किया गया, जिसमें उनके द्वारा ओपीडी रजिस्ट्रेशन के लिए ओआरएस के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराये जाने के निर्देश दिये गये।

नोडल अधिकारी ने निरीक्षण के समय उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य मानकों के अनुरूप हों तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि आम जनमानस को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। तत्पश्चात प्रमुख सचिव द्वारा कृषि उत्पादन स्थल मण्डी रौजा में संचालित धान खरीद केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीद की प्रक्रिया, किसानों को मिलने वाली सुविधाओं, भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अपनी उपज विक्रय करने आए किसान वार्ता कर जानकारी ली कि उन्हें अपनी उपज विक्रय करने में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं आई।निरीक्षण के समय धान क्रय केन्द्र रौजा मण्डी प्रथम पर सुनील कुमार ग्राम-रक्ता के लगभग 36-00 कुण्टल एवं धान क्रय केन्द्र रौजा मण्डी द्वितीय पर महिपाल, ग्राम-जहानपुर के लगभग 80-00 कुण्टल तथा धान क्रय केन्द्र-रौजा मण्डी तृतीय पर बलवन्त सिंह, ग्राम-शेरपुर के लगभग 80-00 कुण्टल धान की तौल हो रही थी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 28 दिसंबर तक जनपद में पंजीकृत 31128 कृषकों से कुल-268503.563 मीट्रिक टन धान खरीद की गयी है, जो आवंटित क्रय लक्ष्य 305000 एमटी का 88.03 फीसदी है व खरीदे गये धान के सापेक्ष 174876.283 मीट्रिक टन धान सम्बद्ध मिलों को कस्टम हलिंग हेतु प्रेषित व मिलर्स द्वारा 69374.362 मीट्रिक टन सीएमआर का सम्प्रदान भारतीय खाद्य निगम में किया जा चुका है। क्रय धान के सापेक्ष कृषकों को 91.41 फीसदी भुगतान किया जा चुका है। प्रमुख सचिव द्वारा क्रय केन्द्रों पर भारी मात्रा में भण्डारित अवशेष धान के सम्बन्ध में पूछे जाने पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में स्थापित राईस मिलों को एफआरके की पर्यापत मात्रा में आपूर्ति न हो पाने के कारण धान प्रेषण का कार्य तीव्र गति से नहीं हो पा रहा है। रौजा मण्डी में स्थापित समस्त क्रय संस्थाओं के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि एफआरके सम्बन्धी समस्या का शीघ्रातिशीघ्र समाधान कराते हुये केन्द्रों पर भण्डारित अवशेष धान का त्वरित गति से प्रेषण सम्बद्ध चावल मिलों को कराना सुनिश्चित करें।

# किसान यूनियन अखंड प्रदेश के पदाधिकारीयों ने विद्युत बिल को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।

तहसील जलालाबाद क्षेत्र के किसान यूनियन अखंड प्रदेश के जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारी तहसील मुख्यालय जलालाबाद पर एकत्रित हुई जहां उन्होंने सोमवार दोपहर 12ः00 बजे मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार अनुराग दुबे को देकर बिजली बिल में छूट एवं स्मार्ट मीटर न लगाने के संबंध में मांग उठाई। ज्ञापन देखकर जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने कहा प्रदेश में जो सरकार द्वारा छूट प्रदान की गयी हैं वह सही मायने में



प्रदेश की आम जनमानस, किसान, मजदूर के पूर्णता हित में नहीं है क्यूंकि उक्त छूट से सभी उपभोक्तायों को लाभ नहीं मिल पा रहा हैं प्रदेश की जनता के साथ भेदभाव हो रहा है जिसकी वजह से सबका साथ सबका विकास की नीत में बदलाव हो रहा हैं। उन्होंने बताया इस छूट से सिर्फ लम्बे बकायेदारों को लाभ हो रहा है।सिर्फ ऐसे लोगों को छूट का लाभ मिल रहा है जो बरसों से डिफाल्टर है। छूट से भेदभाव जैसी स्थिति प्रदेश में उत्पन्न हो रही है। इस छूट का लाभ ईमानदार उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा है। गरीब, किसान, मजदूर इस छूट से वंचित रह रहे हैं।

यह कि उक्त छूट से विवाद की स्थिति बन रही है एक ही गांव या शहर में किसी को लाखों हजारों रुपए का फायदा है तो छूट का लाभ सभी उपभोक्ताओं को बिना शर्त सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाए ताकि प्रदेश में समानता कीस्थिति बनी रहे। साथी उन्होंने कहाविजली बिल की समस्त प्रदेश के उपभोक्ताओं को समान छूट देने के साथ-साथ स्मार्ट मीटरों पर भी प्रतिबंध लगाया जाए इस अवसर पर तमाम संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने किया नहर सिल्ट सफाई का निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, तिलहर – शाहजहांपुर।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बतलैया गांव स्थित माइनर नहर का निरीक्षण किया। नहर की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने के साथ ही मौजूद किसानों से वार्ता की।

सोमवार को लखनऊ से बरेली जाने के दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने हाइवे किनारे स्थित माइनर नहर का निरीक्षण किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नहर विभाग के तमाम अधिकारी मौके पर पहले से मौजूद थे। मंत्री ने हाल में हटाई गई सिल्ट की बाबत अधिकारियों से बिंदुवार जानकारी ली । उन्होंने



अधिकारियों को नहर की सिल्ट सफाई का कार्य विधिवत रूप से कराए जाने के सख्त निर्देश दिए । साथ ही किसानों से वार्ता की। इस मौके पर मुख्य अभियंता (शारदा नहर) एचएन सिंह, अधीक्षण अभियंता नीलेश कुमार जैन व सुनील कुमार भास्कर, अधिशासी अभियंता देवेंद्र सहाय आदि मौजूद रहे। इसके बाद मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गंतव्य को प्रस्थान कर गए।

# शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों की फोटो बीएसए आफिस में होगी चस्पा

- पुवायां के जेवां पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों की फोटो नोटिस बोर्ड पर लगी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

सरकारी स्कूलों में बच्चों का रूझान बढ़े और उपस्थिति प्रतिशत बढ़े, इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से एक मुहिम चलाई जा रही है। जिसके अंतर्गत जिस स्कूल के बच्चों की उपस्थित शत प्रतिशत रहेगी, वहां के बच्चों की फोटो बीएसए आफिस के नोटिस बोर्ड पर एक सप्ताह के लिए लगाई जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को यह गौरव पुवायां के जेवां पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को हासिल हुआ।बच्चों की उपस्थिति 100 फीसदी होने पर स्कूल की शिक्षिका पल्लवी द्वारा फोटो बीएसए दिव्या गुप्ता को उपलब्ध कराई गई, जिसके बाद




होनहारों बच्चों की फोटो नोटिस बोर्ड पर चस्पा करा दी है। बीएसए ने बताया कि मुहिम का उद्देश्य बच्चों की उपस्थिति बढ़े और शिक्षा के लिए बच्चों में उत्साह बढ़े। बच्चों की फोटो एक सप्ताह तक नोटिस बोर्ड पर चस्पा रहेगी। इससे अन्य स्कूलों के स्टाफ व बच्चों का हौसला बढ़ेगा। बीएसए दिव्या गुप्ता ने शिक्षिका पल्लवी के साथ नववर्ष के लिए बनाए गए सेल्फी फ्रेम में सेल्फी ली।

## प्रशस्ति पत्र प्रदान कर दी शुभकामनाएं



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर। जनपद में आयुध वस्त्र निर्माणी द्वारा आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति नराकास की 30वीं बैठक में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में वर्ष 2025-26 में किए गए श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए मेरा युवा भारत शाहजहांपुर कार्यालय के कार्यों की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर गृह मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय राजभाषा कार्यालय गाज़ियाबाद से आए विशिष्ट अतिथि अजय कुमार चौधरी व ओसीएफ जीएम व अध्यक्ष नराकास अमित सिंह द्वारा जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए शुभकामनाएं दी।

# तिलहर क्षेत्र के युवक की पानीपत में हत्या

- फत्तेपुर बुजुर्ग गांव का दिव्यांग राकेश मौर्य करता था पानीपत में मजदूरी

समृद्धि न्यूज, तिलहर – शाहजहांपुर ।

मजदूरी करने गए युवक की हरियाणा के पानीपत शहर में हत्या कर दी गई। खबर आने पर परिजन पानीपत पहुंचे। तिलहर क्षेत्र के गांव फतेहपुर बुजुर्ग उर्फ मोहद्दीपुर निवासी राकेश कुमार मौर्य पुत्र केदार 35 लंबे अरसे से हरियाणा प्रांत के पानीपत शहर में मजदूरी करता था। जो वहां जसदीप कॉलोनी नूरवाला में अन्य साथियों के साथ किराए पर रहता था।

रविवार देर शाम राकेश मौर्य पर एक दबंग ने पेचकस से हमला कर दिया। पेचकश राकेश की गर्दन में



स्वास नली में जा घुसा। चीख सुन साथियों ने उसे निकटतम अस्पताल पहुंचाया।

जहां उसने दम तोड़ दिया। साथियों ने तिलहर कस्बा के मोहल्ला निजामगंज में रह रहे भाई सोनपाल को घटना की खबर दी। रात में ही परिजन पानीपत रवाना हो गए थे। मृतक राकेश के परिवारी फतेहपुर बुजुर्ग उर्फ मोहद्दीपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि करीब दो दशक पूर्व राकेश का चारा मशीन से हाथ काट गया था। इसके बाद वह

पानीपत मजदूरी करने चला गया था। वह वाहन बाहर से आने वाले कपड़े आदि की लोडिंग अनलोडिंग का काम करता था। राकेश अविवाहित था। धर्मेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि जसदीप कॉलोनी निवासी दबंग अमन पुत्र सोमपाल एक पखवाड़े पहले ही जेल से बाहर आया था।

राकेश के किसी साथी से उसका पूर्व में विवाद हो गया था। रविवार रात राकेश जीने से नीचे पानी का मोटर बंद करने उतरा इसी दौरान अमन ने उसपर हमला कर दिया। और राकेश की मौत हो गई। पानीपत पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# ददरौल ब्लाक के गांवों में चला एकात्म अभियान

- भीषण ठंड में गांव-गांव पहुंचे मिशन प्रशिक्षक व स्वयंसेवक
- लोगों को हार्टफुलनेस मेडीटेशन के बारे में बताया, कराया ध्यान

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

रामचन्द्र मिशन आश्रम की स्थापना के पचास वर्ष पूरे होने पर आगामी फरवरी में आश्रम का स्वर्ण जयंती समारोह मनाया जा रहा है। समारोह से पूर्व लोगों तक सहज मार्ग साधना पद्धति और हार्टफुलनेस मेडीटेशन को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पूरे जनपद में हार्टफुलनेस एकात्म अभियान आज



ददरौल विकास खंड के दर्जनों गांवों में चलाया गया।

मिशन के प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों का उत्साह कड़ाके की ठंड में भी कम नहीं हुआ और उन्होंने गांव गांव पहुंचकर लोगों को हार्टफुलनेस मेडीटेशन के बारे में बताया और ध्यान भी कराया। भावलखेड़ा ब्लाक में सभी गांवों में अभियान पूरा करने के बाद मिशन के प्रशिक्षक और स्वयंसेवक ददरौल ब्लाक के घुसगवां,ऐंठा हुसैनपुर,शाहवेगपुर, गांधार,घटिकरी परासिन, अख्तियारपुर, दुधौना, धकिया परवेजपुर, सिमरिया सहसपुर, भेलपुर, कुतुआपुर, अकर्रा रसूलपुर, रहमान नगर, पिंगरापिंगरी,इटौरा जमौर, गोपाल नगर, परवेजपुर, खानपुर, उदयपुर कटिया, गुलाम खेड़ा, राय खुर्द अजीजपुर जिग्नेरा आदि गांवों में पहुंचे यहां उन्होंने लोगों से मिलकर उन्हें एकत्र किया और हार्टफुलनेस मेडीटेशन के बारे में बताया और प्रशिक्षण भी दिया।इस मौके पर शाहजहांपुर केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा व उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल ने सभी प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए रवाना किया।

विकास खंड ददरौल में दर्जनों गांवों में आज अभियान में प्रशिक्षक देवतोष श्रीवास्तव , प्रशिक्षक दीपक, अंजू श्रीवास्तव, सुदर्शन, दिग्विजय वर्मा, पूनम जायसवाल, अचिंत्य , दीपक खंडूरी ,चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, राम मिलन मिश्रा,अजय चौधरी, महेश बाबू, नवीन चौधरी,नीरज कुमार, एस के सिंह शंभू कुशवाहा, सुधीर कुमार, जोगेंद्र सिंह,विजय मौर्य, विकास कुमार,राम रिषी तोमर, देवेश सारस्वत,दीवान सिंह,डा. ज्ञानेंद्र, हरिवंश वशिष्ठ, प्रतिभा, सुनील योगी, कैलाश नाथ, रीना सिंह,शीला, जेपी सिंह,मानिंद, कन्हैया लाल,रोशन लाल, विकास वर्मा, हेमंत कुमार, घनश्याम ओझा,अंजनी नंदन सहित दर्जनों प्रशिक्षक व स्वयंसेवक शामिल रहे।

# शाह शमशुद्दीन मियां के उर्स में अनियमितताओं, वक्फ संपत्ति कब्रिस्तान पर अवैध कब्जे की शिकायत

समृद्धि न्यूज, तिलहर – शाहजहांपुर।

अपना दल- एस के नगर अध्यक्ष व समाज सेवी सैफ अली खां ने नगर में होने वाले सूफी संत शाह शमशुद्दीन मियां के उर्स के आयोजकों पर तमाम अनियमितताओं तथा समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्त लोगों से संबंध होने की मुख्यमंत्री पोर्टल पर आइजीआरस के माध्यम से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है ।

शिकायत के मद्देनजर आयोजकों को पुलिस ने तलब कर शिकायतों के मद्देनजर जानकारी ली और कोई नई परंपरा न डालने की हिदायत दी है। सैफ अली खां ने की गई शिकायत में दरगाह पर नियमानुसार एक ही उर्स का आयोजन किए जाने के बजाय दो अलग अलग प्रोग्रामों में देर रात तक कब्बाली में ऊंची आवाज के साउंड लागए जाने का हवाला देते हुए नगरवासियों की न केवल की नींद खराब करने की तोहमत लगाई बल्कि उर्स में लगने वाली दुकानों से आवागमन में बाधा उत्पन्न होने के आरोप भी लगाया है । उर्स के दौरान दुकान लगाने बालों से अवैध वसूली कर परेशान करने का आरोप मढ़ा है। यहीं नहीं बरेली के दंगों में जेल में निरुद्ध मौलाना तौकीर रजा से उर्स आयोजकों के घनिष्ठ संबंध होने तथा वक्फ 199 हजरत सैयद सैजुदुद्दीन मियां की आराज़ी कब्रिस्तान जो कि मंडी समिति के सामने चीनी मिल के निकट स्थित है । उस कब्रिस्तान की सरकारी खर्चे पर बनाई गई बाउंड्री वॉल को ध्वस्त कर सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचाते हुए वहां पर एक होटल का निर्माण कर लिये जाने का भी गम्भीर आरोप लगाया है। शिकायत कर्ता ने मामले की उच्च स्तरीय जांच करवा कर बक्फ संपत्ति को कब्जा मुक्त कराए जाने की भी मुख्यमंत्री से मांग की है।

# जरूरतमंदों में कंबल बांटने की मांग

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जनपद के भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारी उदयवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय जलालाबाद पर सोमवार दोपहर के 12:00 बजे एकत्र हुए। जहां उन्होंने एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी की अनुपस्थिति में प्रशासनिक अधिकारी मोहम्मद सलीम को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन देकर उदयवीर सिंह यादव ने बताया की क्षेत्र में कड़ाके की ठण्ड पड़ रही है क्षेत्र में तमाम किसान गरीब बेसहारा हैं और बेसहारा महिलाएं हैं



और विधवा भी हैं ऐसी महिलाओं को चिन्हित कर उन्हें कंबल वितरित किए जाएं ताकि उन्हें ठंड से कुछ राहत मिल सके। जिसके लिए उन्होंने एक सूची भी सौंपी है इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट्ट के श्री कृष्णा रामकुमार राम किशोर द्रोपा देवी रेशमा प्रहलाद नगरिया बुजुर्ग और सुशीला नगरिया बुजुर्ग आदि शामिल रही।

# सज्जादा नशीन ने मीटिंग कर उर्स की जिम्मेदारियों को सौंपा

समृद्धि न्यूज, तिलहर – शाहजहांपुर।

नगर के प्रसिद्ध सूफी संत हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियां रहमतउल्ला अलैह के सालाना उर्स शरीफ की तैयारी को लेकर सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने रज़ाकारो के साथ मीटिंग कर उनको जिम्मेदारियां सौंपी ।

उर्स के दौरान किसी को कोई दिक्कत ना हो और कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हो उन्होंने कहा एक जनवरी को शाम को अखिल भारतीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें मोहम्मद अली अल्वी मुंबई, शाद पीलीभीत आसिफ निगार सहारनपुर खालिद सुल्तानपुरी सलीम ताबिश लखनऊ अवसर सिद्दीकी खटीमा उत्तराखंड इरफान लखनऊ राजेंद्र योगी मैनपुर दिनेश रस्तोगी अजय अवस्थी अनुरागी आदि शायर कवियों को आमंत्रित किया गया है । दो जनवरी को रात में तकरीर होगी जिसमें मौलाना सखावत हुसैन मुरादाबाद मोहम्मद अनवर जावेद बरेली मुस्तफा रजा मुर्तजा रजा



बरेली, फुरकान रजा नूरी को आमंत्रित किया गया है । तीन जनवरी को सुबह में साढ़े दस बजे कुल शरीफ होगा । जिसमें मौलाना हुजूर अहमद मंजरी शहर इमाम शाहजहांपुर की तकरीर होगी मखदूम अशरफ बनारसी को आमंत्रित किया गया है उसके बाद कव्वाली का प्रोग्राम होगा रात में कव्वाली होगी ।

चार जनवरी की रात में कव्वाली होगी । सभी लोग अपने-अपने कार्यो को जिम्मेदारी से निभाएंगे और आने वाले जायरीन का ख्याल रखेंगे मीटिंग में मोहम्मद आसिफ फरीदी ,ओवैस खान ,वाजिद खान , चांद साबरी,इब्ने हसन, राहतुल्ला खान, शरीफ कुरैशी,साजिद खान, विनीत खन्ना ,प्रेमचंद ,शरीफ कुरैशी, गुलरेज, सैयद इरशाद अली, सैयद मतलूब अली, आदि मौजूद रहे।

## राहुल-खड़गे को सावधान होने की जरूरत

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ने 28 दिसंबर को अपनी स्थापना के 140 साल पूरे किए। एक संगठन, एक राजनैतिक दल के तौर पर तमाम उतार-चढ़ावों के बीच इतना लंबा सफर तय करना ही अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। कांग्रेस ने अंग्रेजी हुकूमत को खत्म करने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। जिसमें वक्त के अनुसार तरीके बदलते रहे। कांग्रेस के भीतर अलग विचारधाराएं पनपीं, जिनके कारण कई बार पार्टी में टूट हुई। कांग्रेस से निकले लोगों ने अपने नए दल बनाए, कभी उन दलों का कांग्रेस में विलय हुआ, कभी वे साथ चलते रहे। कांग्रेस ने कई बार भितरघात भी सहे। लेकिन इन सबके बीच कभी भी अपनी मूल विचारधारा को नहीं छोड़ा, जो असल में भारत की उदार और समावेशी संस्कृति से निकली है। जिसमें किसी भी किस्म के भेदभाव, संकीर्णता, सांप्रदायिकता, नफरत और हिंसा के लिए जगह नहीं है। उच्च नैतिक आदर्शों के साथ अस्तित्व को कायम रखना आसान नहीं था, लेकिन कांग्रेस इस कसौटी पर खरी उतरती आई है।स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिल्कुल सही कहा कि जो लोग यह कहते हैं कि कांग्रेस खत्म हो चुकी है, उन्हें साफ संदेश है कि पार्टी भले सत्ता में न हो, लेकिन उसकी रीढ़ सीधी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न कभी संविधान से समझौता किया, न धर्मनिरपेक्षता से और न ही लोगों के अधिकारों से। श्री खड़गे ने साफकहा कि कांग्रेस सिर्फ एक पार्टी नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो कभी खत्म नहीं हो सकती। आज जब संविधान और लोकतंत्र खतरे में हैं, कांग्रेस उसी भारत के लिए संघर्ष जारी रखेगी, जिसका सपना स्वतंत्रता सेनानियों ने देखा था। यह लड़ाई सत्ता के लिए नहीं, बल्कि देश की आत्मा और संविधान को बचाने की है।इसी तरह राहुल गांधी ने भी कहा कि कांग्रेस हमेशा समाज के कमजोर, वंचित और मेहनतकश वर्ग के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। कांग्रेस का संकल्प नफरत, अन्याय और तानाशाही के खिलाफसत्य, साहस और संविधान की रक्षा की लड़ाई को और मजबूत करने का है। यह लड़ाई सत्ता के लिए नहीं, बल्कि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान को बचाने के लिए है। मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने संविधान बचाने के लिए कांग्रेस के संघर्ष को जारी रखने का जो आह्वान किया है, उसमें एक तरफकांग्रेस कार्यकर्ताओं को निराशा से बाहर निकालने और लंबी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार किया गया है, वहीं दिग्विजय सिंह जैसे वरिष्ठ नेताओं को इशारे से जवाब भी दिया गया है कि सत्ता रहे न रहे लेकिन रीढ़ सीधी होनी चाहिए यानी आत्मसम्मान बना रहना चाहिए, जिसमें कांग्रेस अब तक सफल रही है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने 27 दिसंबर को लालकृष्ण आडवानी और नरेन्द्र मोदी की एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए भाजपा और संघ के संगठन की तारीफकी, कि जमीन पर बैठने वाला एक कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बन गया। इस तस्वीर में आडवानी सोफे पर बैठे हैं और नरेन्द्र मोदी जमीन पर।दिग्विजय सिंह की पोस्ट पर सवाल उठने लगे कि क्या श्री सिंह अब भाजपा में जाने की तैयारी कर रहे हैं या ये राज्यसभा में फिर से आने की भूमिका बांधी गई है। दिग्विजय सिंह ने क्या राहुल गांधी और कांग्रेस में गांधी परिवार के रसूख पर हमला बोला है, ये कयास भी लगे।

# दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बना पर्यावरण संकट

**कुलभूषण उपमन्यु**



**आर्थिक रूप में वार्षिक 14300 करोड़ डॉलर की हानि पिछले दो दशकों से हो रही है। वायु प्रदूषण के कारण 2019 में स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक नुकसान 8.1 ट्रिलियन डॉलर आंका गया, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था का 6.1 प्रतिशत है। 90 लाख मौतें प्रदूषण संबंधी कारणों से हुईं। 80 हजार लाख टन प्लास्टिक कचरा फैला हुआ है, जिससे गंभीर रासायनिक तत्वों से संपर्क हो रहा है और इससे 1.5 ट्रिलियन डॉलर की आर्थिक हानि प्रति वर्ष हो रही है। नैनो प्लास्टिक तत्व मनुष्य शरीर तक पहुंच कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर रहे हैं। यदि 2040 तक तापमान वृद्धि दो डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गई तो जलवायु परिवर्तन के कारण पारिस्थितिक-व्यवस्था का अपूरणीय विनाश हो सकता है।**

पिछली डेढ़ शताब्दी, जब से औद्योगिक क्रांति ने विकास की गति तेज की और प्रकृति को जीतने की होड़ मच गई, मशीनों ने बंधक- निर्माण- शक्ति मानव के हाथ में दे दी तब से विकास की परिभाषा भी धीरे-धीरे बदल गई। गुणात्मक जीवन के बजाय बाहुल्य को विकास माना जाने लगा। प्रकृति के साथ दुर्व्यवहार का एक अंतहीन सिलसिला आरंभ हो गया। प्रकृति के दोहन से ही बाहुल्य के लिए सामान बनाए जा सकते थे, इसलिए प्राकृतिक संसाधनों के असीमित दोहन की शुरुआत हो गई। उपनिवेशवाद के दौर में कम मशीनी शक्ति वाले देशों पर तथाकथित विकसित देशों द्वारा कब्जे किये गए और उनके संसाधनों को बेदर्दी से नष्ट किया गया।

सभ्य कहलाने वाले देशों द्वारा कमजोर देशों के मूल निवासियों को किस तरह प्रताड़ित किया गया और उनकी सभ्यताओं को असभ्य घोषित करके नष्ट करने का कार्य किया गया, वह अपने आप में घिनौना इतिहास है, जिसके अवशेष अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों के रूप में देखे जा सकते हैं। किन्तु यह आधुनिक सभ्यता अब अपने ही भार से भस्मासुर की तरह नष्ट होने की दिशा में बढती प्रतीत हो रही है। इस सभ्यता ने अपने ही मूल पर आघात करना शुरू कर दिया है। हालांकि वैज्ञानिक समझ के विकास के चलते सब गलत दिशा को समझ भी रहे हैं किन्तु विज्ञान का दुरुपयोग प्रकृति विनाशक शक्ति के रूप में किया जा रहा है। दुनिया के सबसे विद्वान वैज्ञानिकों की बहुसंख्या युद्ध विज्ञान के विकास में संलग्न कर दी गई है, क्योंकि निर्णय लेने वाले लोग तो आदिम क्रूर मानसिकता के ही वाहक बने हुए हैं, जिनके हाथ में मशीन और विज्ञान, प्रकृति एवं प्राणी समाज के साथ मनमानी करने का हथियार बन गया है। ज्ञान, सुख और शांति का वाहक बनने के बजाय युद्ध और क्रूरता का वाहक बन गया है। इस स्थिति में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के सातवें अधिवेशन में नैरोबी में प्रस्तुत की गई ग्लोबल आउटलुक 2025 रिपोर्ट पर्यावरण के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार को सरेखित करती है और अपने तौर तरीकों पर मानव समाज को पुनर्विचार करके संशोधित करने की दिशा दिखलाती है। जलवायु परिवर्तन, प्रकृति के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार की प्रतिक्रिया के रूप में एक बड़े खतरे के रूप में चुनौती पेश कर रहा है।

मशीनीकरण को चलाए रखने के लिए जिस ऊर्जा की बड़े पैमाने पर जरूरत है, वह जीवाश्म ईंधन से पैदा की जा रही है। इस उत्पादन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धुआं और जहरीली गैसें उत्सर्जित होती हैं जो हरित प्रभाव पैदा करके वायुमंडल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि कर रही हैं। तापमान वृद्धि से पूरा जलवायु का संतुलन हिल गया है। कहीं अतिवृष्टि हो रही है तो कहीं अनावृष्टि हो रही है। ग्लेशियर पिघल कर समाप्त होने की ओर अग्रसर हैं जो आसन्न जल संकट का कारण बनेंगे। रिपोर्ट के अनुसार हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन से अभी 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान में वृद्धि हुई है जो 2024 में 1.55 डिग्री सेंटीग्रेड हो गई है। इस गति से वृद्धि होने पर जलवायु पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है, जो आगे बढ़ता ही जाएगा यदि तापमान वृद्धि को रोका नहीं गया तो इसके कारण जैव विविधता पर भी बुरा असर पड़ने वाला है, जिससे 10 लाख प्रजातियों के लुप्त हो जाने का खतरा पैदा हो गया है।

20-से 40 प्रतिशत भू-भाग वैश्विक स्तर पर अनुपजाऊ होने के कगार पर है, जिससे 300 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। जलवायु से जुडी भीषण घटनाओं के कारण जन-धन की भारी हानि हो रही है। आर्थिक रूप में वार्षिक 14300 करोड़ डॉलर की हानि पिछले दो दशकों से हो रही है। वायु प्रदूषण के कारण 2019 में स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक नुकसान 8.1 ट्रिलियन डॉलर आंका गया, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था का 6.1 प्रतिशत है। 90 लाख मौतें प्रदूषण संबंधी कारणों से हुईं। 80 हजार लाख टन प्लास्टिक कचरा फैला हुआ है, जिससे गंभीर रासायनिक तत्वों से संपर्क हो रहा है और इससे 1.5 ट्रिलियन डॉलर की आर्थिक हानि प्रति वर्ष हो रही है। नैनो प्लास्टिक तत्व मनुष्य शरीर तक पहुंच कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर रहे हैं। अनुमान है कि यदि 2040 तक तापमान वृद्धि दो डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गई तो जलवायु परिवर्तन के कारण पारिस्थितिक-व्यवस्था का अपूरणीय विनाश हो सकता है, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन होगा। अर्थव्यवस्थाएं चौपट हो सकती हैं और बेरोजगारी, गरीबी, और अस्थिरता बढ़ेगी। उपजाऊ जमीनों के नष्ट होने से भूख, विविधता विनाश, पौष्टिक आहार की कमी, अकाल और सामाजिक असंतोष के हालात बनेंगे।इस स्थिति से निपटने के लिए तत्काल गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। किन्तु जलवायु नियंत्रण समझौतों के विषय में बहुत से देश विमुखता दिखा रहे हैं, जो मान भी रहे हैं वे भी हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लिए स्व घोषित लक्ष्य ही मानने तक सीमित रहना चाहते हैं। इस स्थिति से बाहर निकल कर कुछ आवश्यक कदम उठाने होंगे, खासकर हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन में भारी कटौती करनी होगी, जिसके लिए कार्बनमुक्त ऊर्जा विकल्पों की ओर मुड़ना होगा। सौर ऊर्जा, पवन उर्जा, हाइड्रो काईनैटीक ऊर्जा आदि विकल्प उपलब्ध और विकसित करने होंगे। पेट्रोल, डीजल पर दी जा रही सब्सिडी को हरित ऊर्जा की ओर मोड़ना पड़ेगा। अत्यधिक संसाधन दोहन और दुरुपयोग को नियंत्रित करने के लिए यूज एंड थ्रो उत्पाद पद्धति को बदल कर टिकाऊ और मरम्मत किये जाने योग्य उत्पाद बनाने होंगे। बेकार पदार्थों और कचरे के पुनचक्रीकरण की व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करना संसाधनों के अत्यधिक दोहन को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

वायु प्रदूषण को रोकना और पारिस्थितिक तंत्र को बचाना और पुनर्जीवित करने पर जोर देना पड़ेगा। जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के लिए जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने के साथ-साथ जलवायु अनुकूलन की विधियां तलाशनी होंगी। परिवहन के कारण होने वाले भारी प्रदूषण से निपटने के लिए टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आरामदायक बनाते हुए विकसित करना पड़ेगा। समस्याएं तो आती ही रहेंगी किन्तु समाधान के लिए प्रकृति आधारित हल प्राथमिकता से ढूंढे जाएं तो हालत सुधरने में मदद जरूर मिलेगी।

## विचार

# भारत के लिए बेअसर रहा ट्रंप का टैरिफ

**प्रेम शर्मा**



**अमेरिकी टैरिफके नेगेटिव असर का मुकाबला करने के लिए भारत की रणनीति ने महत्वपूर्ण गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स सुधारों के जरिए अपनी मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था का फायदा उठाने पर ध्यान केंद्रित किया है। अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर 2025 में भारतीय रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले काफी और लंबे समय तक गिरावट देखी गई। रुपया लगातार नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचता रहा। यह करेंसी, जो साल की शुरुआत में लगभग 85.64 प्रति डॉलर पर थी, दिसंबर की शुरुआत में मनोवैज्ञानिक रूप से महत्वपूर्ण 90 के निशान को पार कर गई और दिसंबर के मध्य तक 91 के निशान को भी पार कर गई। सरकार ने इसे जानबूझकर नहीं रोका।**

हां अमेरिका ने 27 अगस्त 2025 से भारत के कई निर्यात उत्पादों पर कुल 50 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) लगाया था, जिसका मुख्य कारण भारत का रूस से तेल और हथियार खरीदना था, लेकिन भारतीय निर्यातकों ने बाजार विविधीकरण और उत्पादों में विविधता लाकर इस झटके का सामना किया और निर्यात को बनाए रखा, जिससे 2026 में भी निर्यात में तेजी जारी रहने की उम्मीद है। वर्ष 2025 में अमेरिका ने भारत के निर्यात पर लगभग 50 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया. उसके बाद भी भारत के एक्सपोर्ट ने ट्रंप टैरिफ को पानी पानी पिला दिया और भारतीय निर्यातकों ने अपने बाजारों को डायवर्सिफाई करके निर्यात वृद्धि को मजबूती से बनाए रखा. जानकारों का कहना है कि ट्रंप के टैरिफसे भारत को जितने नुकसान होने की संभावना थी वो नहीं हुआ है।

इसके विपरीत तेजी देखने को मिली है. जिसका प्रमुख कारण भारत की लंबे समय से की जा रही तैयारी और दुनिया के दूसरे बाजारों में भारत की एक्सेप्टेंस है। इसी से इस बॉत का अनुमान है कि भारत के निर्यात में 2026 में मजबूत वृद्धि होने की पूरी संभावना है। ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड के साथ नए व्यापार समझौतों से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। वर्ष 2025 लगभग बीत रहा है ऐसे में अमेरिकी टैरिफके बावजूद, 2025 में अमेरिका को निर्यात में भारी वृद्धि हुई। जो भारत की कूटनीति और व्यापार नीति का प्रमाण कही जा सकती है। खास तौर से इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग और फार्मास्यूटिकल्स सेक्टर्स में यह वृद्धि सबसे अधिक रही। यह तेजी 2026 में भी जारी रहने की संभावना है. व्यापार मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के शब्दों में, व्यापार पानी की तरह है, यह अपना मार्ग खुद ढूंढ लेता है. इसी सिद्धांत के साथ भारतीय वस्तु निर्यात ने कोविड-19 महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध, लाल समुद्र शिपिंग संकट, सेमीकंडक्टर आपूर्ति समस्या और अब अमेरिका के उच्च शुल्क जैसी चुनौतियों के बीच भी तेजी से प्रतिक्रिया दी है। ज्ञात हो कि 20 जनवरी 2025 को डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। इस तारीख के बाद बहुत से देशों के अमेरिका से संबंध खराब होना शुरू हो गए थे। उनमें से एक भारत भी था। सत्ता में आते ही ट्रंप के तेवर पहले ही दिन से पूरी दुनिया को समझ में आ गए थे। टैरिफ की रट लगाने वाले ट्रंप आज इस मुद्दे पर बहुत कम ही बोलते हैं।

वह चौतरफा घिर चुके हैं। भारत ने उनके टैरिफ का मुंहतोड़ जवाब दिया।अमेरिका को होने वाले एक्सपोर्ट के नुकसान की भरपाई करने और साथ ही भारत के विदेशी व्यापार को बढ़ाने के लिए, भारत ज्यादा से ज्यादा ट्रेडिंग पार्टनर्स की तलाश कर रहा है। 2025 में, भारत ने यूनाइटेड किंगडम, ओमान और न्यूजीलैंड के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट साइन किए। भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संगठन और आर्थिक साझेदारी समझौता मार्च 2024 में साइन किया गया था। यह आधिकारिक तौर पर 1 अक्टूबर 2025 को चार सदस्य देशोंरू आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड के साथ लागू हुआ। यही नही भारत रूस के साथ अपनी ऐतिहासिक पार्टनरशिप और चीन के साथ हाल ही में बेहतर हुए संबंधों का भी फायदा उठा रहा है ताकि एक्सपोर्ट के मौके तलाशे जा सकें और इन्वेस्टमेंट आकर्षित किया जा सके।

अमेरिकी टैरिफ के नेगेटिव असर का मुकाबला करने के लिए भारत की रणनीति ने महत्वपूर्ण गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स सुधारों के जरिए अपनी मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था का फायदा उठाने पर ध्यान केंद्रित किया है। अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर 2025 में भारतीय रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले काफी और लंबे समय तक गिरावट देखी गई। रुपया लगातार नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचता रहा।

यह करेंसी, जो साल की शुरुआत में लगभग 85.64 प्रति डॉलर पर थी, दिसंबर की शुरुआत में मनोवैज्ञानिक रूप से महत्वपूर्ण 90 के निशान को पार कर गई और दिसंबर के मध्य तक 91 के निशान को भी पार कर गई। सरकार ने इसे जानबूझकर नहीं रोका। लेकिन जब लगा रोकना जरूर तो भारतीय रिजर्व बैंक ने इसमें दखल दिया। विशेषज्ञों की माने तो कमजोर रुपया चुपचाप भारत की एक्सपोर्ट कमाई को बढ़ाता है। यह बात अब और भी मायने रखती है, क्योंकि ज्यादा टैरिफ और राजनीतिक तनाव के कारण ग्लोबल ट्रेड मुश्किल होता जा रहा है।

## अरावली पर्वत शृंखला : प्राकृतिक धरोहर को होगा संभालना

**योगेश कुमार सोनी**

राजस्थान में अरावली पर्वत शृंखला (अरावली की पहाड़ियां) इन दिनों राजनीतिक जंग का मैदान बनी हुई हैं। अरावली को सब अपने-अपने हिसाब से परिभाषित कर रहे हैं। इस पर जबरदस्त विवाद छिड़ा हुआ है। भाजपा कह रही है कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जो 'सेव अरावली' कैंपेन चला रहे थे, उन्हीं के कार्यकाल में अरावली 100 मीटर की परिभाषा की सिफारिश की गई थी और हमने वो ही किया। हमें पहले यह समझना चाहिए कि अरावली भारत की रीढ़ है जो चार राज्यों से गुजरती है। यह उत्तर-पश्चिम भारत में लगभग 670 किलोमीटर लंबी मानी जाती है। यह दिल्ली के पास से शुरू होकर दक्षिण हरियाणा और राजस्थान के अंदर तक जाती है और फिर गुजरात में अहमदाबाद के आसपास के मैदानों तक पहुंचती है। भूगोलविद् सीमा जालान बताती हैं कि अरावली 67 करोड़ वर्ष पुरानी पर्वतमाला है और यह नहीं होतीं तो उत्तर भारत की जाने कितनी नदियां नहीं होतीं। जाने कितने जंगल, कितनी वनस्पतियां, कितने बहुमूल्य धातु और कितने इकोलॉजिकल वैभव नहीं होते।

विशेषज्ञों के अनुसार, अरावली केवल जीव-जंतुओं के लिए ही नहीं बल्कि इंसानों के लिए भी जीवनरेखा है। केंद्र सरकार ने 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को अरावली घोषित किया है और इस पर उच्चतम न्यायालय ने इस पर अपनी मुहर लगा दी। इसके अलावा हरियाणा सरकार के हस्तक्षेप करने का कारण यह है कि अरावली का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा उसके अधिकार क्षेत्र में आता है और बाकी हिस्सा राजस्थान में है। कुछ लोग कह रहे हैं कि बीते कई वर्षों से अरावली में चोरी-छुपे खनन हुआ है और 100 मीटर की परिभाषा काकोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस का आरोप है कि देश में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है, वहीं केंद्र सरकार अरावली जैसी प्राकृतिक दीवार को कमजोर करने का काम कर रही है। उच्चतम न्यायालय में केंद्र सरकार की पैरवी भाजपा शासित चारों राज्यों की सरकारों ने की, जिससे सरकार की मंशा साफ नजर आती है। पहले ही अरावली में बड़े स्तर पर अवैध खनन हो रहा है। बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है, ऐसे में कैसे बचेगी अरावली और कैसे बचेगा पर्यावरण?

यह सब जानते हैं कि कोई भी प्राकृतिक व ऐतिहासिक धरोहर नष्ट या क्षतिग्रस्त अचानक नहीं होती। ऐसा होने में लंबा समय लगता है और यह खुला खेल हमेशा शासन-प्रशासन के सामने ही होता रहा है। शासन-प्रशासन को लगता है कि जनता को कुछ समझ नहीं आ रहा। यह कहने में संकोच नहीं कि अन्य देशों की अपेक्षा पर्यावरण व प्राकृतिक धरोहरों को बचाने व संभालने में हम उतने सक्षम नहीं हैं, जितने की हमें जरूरत हैं। दरअसल बात यह है कि लगातार बढ़ रही जनसंख्या को व्यवस्थित करने के लिए हम पर्यावरण व धरोहरों का विनाश करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाते हुए और हाई टेक दुनिया का निर्माण करना गलत नही हैं लेकिन मानव जीवन की सबसे अहम व मूलभूत जरूरत को दरकिनार करके तरक्की करना अपराध सा लगता है। प्रदूषण हमारा सबसे बड़ा दुश्मन बना हुआ है। इसका कारण भी धरोहरों को नष्ट करना है। देश की तरक्की व जनता की जरूरत के लिए ऐसे मुद्दों की गंभीरता न समझना मानव जीवन पर ही भारी पड़ रहा है।

मनुष्य की शहरीकरण की भूख ने प्रकृति को इतनी हानि पहुंचा दी कि उसको यह मालूम ही नहीं पड़ा कि वो कब काल के गर्भ में प्रवेश कर गया। यदि महानगरों की जीवनशैली की चर्चा करें तो पिछले दो दशकों कम आयु में होने वाली मौतों के आंकडे ने चौंका दिया। मनुष्य की आयु का घटना लगातार जारी है। इंसान की उम्र करीब 100 वर्ष होती थी लेकिन आज के दौर में साठ साल पर आकर सीमित रह गई। वैज्ञानिकों के अनुसार, लगातार हो रही आपदाओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बेतहाशा इस्तेमाल जिम्मेदार है।

उनका मानना है कि आज हमारी धरती अपने भार से कहीं अधिक भार वहन कर रही है। अगर यही हाल रहा तो अगले कुछ वर्ष बाद ही धरती रहने लायक नहीं बचेगी। मनुष्य अब भी सही राह पर चलने लगे तो वह अपना भविष्य सुधार सकता है। पर्यावरणविद् मानते हैं कि अगर इस परिभाषा को स्वीकार कर लिया जाएगा, तो अरावली के 90 फीसदी इलाके खनन के लिए खुल जाएंगे, जिससे आने वाले समय में समस्या और बढ़ेगी।



## राशिफल

**मेषः-** भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें।

**बृषभः-** नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। पुराने संबंधों से लाभ संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे।

**मिथुनः-** विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। अच्छी भावनात्मक अभिब्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**ककः-** भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में मनोवान्छित सफलता मिलने के आसार हैं। मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा।

**सिंहः-** कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**कन्याः-** भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय संभव। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे अपयश या लान्छन मिले।

**तुलाः-** निकट संबंधो में भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**वृश्चिकः-** परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। घर में खुशहाली रहेगी।

**धनुः-** कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

**मकरः-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। किसी नये संबंध के प्रति निकटता बढ़ेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**कुंभः-** कुछ नये पारिवारिक तनावों से मन अशांति से प्रभावित रहेगा। कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। शिक्षार्थी शिक्षा में ध्यान दें। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें।

**मीनः-** नयी आशाएं नवीन उत्साह का संचार करेंगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें। क्रोध पर काबू रखें और आवेश में कोई निर्णय न लें। घर-परिवार में मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

# तिनका-तिनका मुहिम से जेलों में बड़े बदलाव

**पंजाब के काले दौर ने उसके अंतर्मन को गहरे तक उद्वेलित किया। एक बार वह स्कूल की पढ़ाई के दौरान जालंधर दूरदर्शन से कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग करके घर लौट रही थी कि निर्धारित ट्रेन छूट गई। फिर साढ़े चार बजे की ट्रेन से पठानकोट लौट रही वर्तिका जब अपनी मां के साथ टांडा स्टेशन के समीप पहुंची तो ट्रेन अचानक धीमी हुई। तभी शोर मचा तो पता चला कि रास्ते में आतंकवादियों द्वारा एक बस को रोककर एक संप्रदाय विशेष के लोगों को उतारा गया है। फिर लगातार गोलियों की आवाजें सुनायी दीं। पता चला कि उन बस यात्रियों को आतंकवादियों ने मार दिया था। इस घटना से उसे आतंकित कर दिया। उन दिनों वह अपने कैरियर और शौक पर ध्यान दे रही थी, लेकिन सुलगते माहौल ने जीवन के संकट का प्रश्न पैदा कर दिया। तब गहरा डर व खौफ का वातावरण था। हर रोज भयावह वारदातें सुनने को मिलती।**

कानून की व्यवस्था और उसे तोड़ने के बीच में जो महीन रेखा होती है, देश-काल-परिस्थिति और आवेश में वह कब टूट जाती है, कहना कठिन है। कानून-कचहरी और अंधेरी जेल का त्रास। कुछ दबंगों और धनाढ्यों की साजिशों का शिकार बनते हैं। लेकिन हर कैदी में सुप्त-जाग्रत संवेदनाओं का स्रोत होता है। बंदियों के जीवन के उज्ज्वल व रचनात्मक पक्ष को उकेरने की मुहिम की अग्रदूत हैं वर्तिका नंदा। उनके ऋषिकर्म पर एक नजर। भारतीय समाज में एक सभ्य व्यक्ति जिस जेल को देखने जाने से भी कतराता है, वहां के बंदियों का जीवन सुधारने की पहल एक स्त्री करे,तो निश्चय ही अचरज होता है।

पंजाब-हरियाणा से अपनी सृजन यात्रा की शुरुआत करके देश की राजधानी को अपनी कर्मस्थली बनाकर 'अपराध की पत्रकारिता' का नया मुहावरा गढ़ने वाली वर्तिका नंदा ने जेल में बंदियों के जीवन में भी रेडियो पत्रकारिता का अभिनव प्रयोग किया है। उनके द्वारा तिहाड़ जेल से शुरू हुई कोशिश 'जेल का रेडियो' के जरिये कैदियों के जीवन में इंद्रधनुषी छटा बिखेरने की मुहिम, आज हरियाणा की दो तिहाई जेलों, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश तक जा पहुंची है। कैदियों की शिक्षा और उनकी रचनात्मक प्रतिभा उकेरने में इस बड़ी बदलावकारी भूमिका रही है। हमारे परिवेश व सामाजिक वातावरण का कितना गहरा व नकारात्मक असर बालमन पर पड़ता है, वर्तिका नंदा जैसी संवेदनशील साहित्य की रचनाकार का अपराध की पत्रकारिता की ओर उन्मुख होना उसकी बानगी है।

पंजाब के काले दौर ने उसके अंतर्मन को गहरे तक उद्वेलित किया। एक बार वह स्कूल की पढ़ाई के दौरान जालंधर दूरदर्शन से कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग करके घर लौट रही थी कि निर्धारित ट्रेन छूट गई। फिर साढ़े चार बजे की ट्रेन से पठानकोट लौट रही वर्तिका जब अपनी मां के साथ टांडा स्टेशन के समीप पहुंची तो ट्रेन अचानक धीमी हुई। तभी शोर मचा तो पता चला कि रास्ते में आतंकवादियों द्वारा एक बस को रोककर एक संप्रदाय विशेष के लोगों को उतारा गया है। फिर लगातार गोलियों की आवाजें सुनायी दीं। पता चला कि उन बस यात्रियों को आतंकवादियों ने मार दिया था। इस घटना से उसे आतंकित कर दिया।

उन दिनों वह अपने कैरियर और शौक पर ध्यान दे रही थी, लेकिन सुलगते माहौल ने जीवन के संकट का प्रश्न पैदा कर दिया। तब गहरा डर व खौफ का वातावरण था। हर रोज भयावह वारदातें सुनने को मिलती। हर दिन ऐसे लगता कि आज दुनिया में आखिरी ही दिन है। फिर रेलवे इंजीनियर पिता के अंबाला तबादला होने के बाद वर्तिका ने जनसंचार संस्थान दिल्ली में प्रवेश परीक्षा में भाग लिया और टॉप किया। इसी दौरान दैनिक ट्रिब्यून द्वारा आयोजित कहानी प्रतियोगिता में वर्तिका ने प्रथम पुरस्कार जीता। यह तय हुआ कि उसका भाग्य अब पत्रकारिता में निर्धारित होगा। लेकिन इसी दौरान अवचेतन में पंजाब की हिंसा के जख्म और महानगरों में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों ने अंतर्मन को गहरे तक झिंझोड़ा। कालांतर इस भय को किनारे करके वर्तिका ने हिंसा की डार्क साइड का सच तलाशना चाहा। आखिरकार अपराध की पत्रकारिता को अपना मुख्य विषय बनाने का फैसला कर लिया।

अंबाला से निकलकर जीवन में बड़ा बदलावा आया। वहां बड़े घर के सामने सितारों भरे आसमान में अपने सितारों को तलाशती थी। दिल्ली में आकर इन सितारों की तलाश शुरू हुई। बदलते हालात ने ख्यालों को बहुत बदला। लेकिन सोचा था कि कुछ ऐसा जरूर करूंगी, जो किसी के काम आ सकूं। ईमानदारी की पत्रकारिता करूंगी। यह भी कि आर्थिक दबाव विचलित न कर सकें। कदम न डगमगा सकें। जीटीवी, एनडीटीवी व लोकसभा टीवी से शुरू हुई यात्रा निरंतर आगे बढ़ती गई। इस दौरान अपराधियों को देखा। फिर अध्यापन का मन हुआ और जनसंचार संस्थान में सहायक प्रोफेसर हुई। यह सुखद ही था कि जहां पढ़ी थी वहीं पढ़ाने का अवसर मिला। दरअसल, उन्होंने उन अंधेरे कोनों में रोशनी की संभावना को तलाशने का प्रयास किया जहां कोई ध्यान नहीं देता। विडंबना यह भी है कि मीडिया में भी सुर्खियों के सरताज बनने की होड़ में अपराध पीड़ितों के प्रति संवेदनशील व्यवहार नहीं किया जाता। प्रिंट मीडिया में बाइलाइन और इलेक्ट्रानिक मीडिया में टीआरपी की चाह पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने से गुरेज नहीं करती। वर्तिका का मानना रहा है कि पीड़ितों की रिपोर्टिंग में बेहद संवेदनशीलता की जरूरत होती है। तिनका-तिनका जोड़कर बनाए घोसले के बिखरने की टीस उसे बनाने वाला ही जान सकता है। समय के साथ ऐसी सोच बन गई है कि जहां आर्थिक लाभ न हो, उन क्षेत्रों को अछूता छोड़ दिया जाए। यह भी कि हमें इससे क्या मिलेगा। निस्वार्थ भाव से चलाए जाने वाले अभियानों में कम ही लोग जुड़ते हैं। मेरे परिवार के संस्कार मिले कि पैसा जीवन की प्राथमिकता न हो। वो काम करो जो दूसरों के काम आए। किसी भी काम को करने में हमारी मानसिक संतुष्टि जरूरी है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# जिलास्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन व समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

- सड़कों पर विचरण कर रहे गोवंशों को कैटल कैचर के माध्यम से कान्हा गौशाला में संरक्षित कराने के निर्देश
- डीएम की अध्यक्षता में किया गया बैठक का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में गौवंश संरक्षण/संवर्धन के सम्बन्ध में जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक का कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जनपद अन्तर्गत् राष्ट्रीय राजमार्गों सड़कों व ग्रामीण क्षेत्रों में विचरण कर रहे निराश्रित गौवंशों को कैटिल कैचर के माध्यम से समस्त निराश्रित / बेसहारा गौवंशों को निकटस्थ के गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित किये जाने एवं बुधवार तक सभी गो-आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरा लगवाये जाने हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारी/ अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देशित किया



गया। नगर पालिका परिषद खरेला, कुलपहाड़ व चरखारी में सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गौवंशों को कैटिल कैचर के माध्यम से कान्हा गौशाला में संरक्षित कराये जाने हेतु कड़ाई से निर्देशित किया गया तथा विकास खण्ड-चरखारी का कैटिल कैचर एक सप्ताह खरेला में निराश्रित गौवंश के संरक्षण के सम्बन्ध में भ्रमण हेतु निर्देश दिये गये। समस्त उपजिलाधिकारियों को गोचर भूमि की सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया तथा विगत वर्ष की भांति समस्त गोचर भूमि में नैपियर घास उगाये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये, जिससे कि जनपद में संचालित अस्थाई / स्थायी गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशों को हरा चारा उपलब्ध हो सके। जनपद में संचालित गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए त्रिपाल, अलाव, गुड़ एवं पीने के लिए ताजे पानी की व्यवस्था तथा बीमार गौवंश का समुचित उपचार किये जाने के निर्देश दिये गये। सभी उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारियों को प्रत्येक माह की दिनांक 21 से 25 तक समस्त गौवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण कर गौवंशों की वास्तविक संख्या का फण्ड रिक्वेस्ट से मिलान कर भिन्नता पाये जाने पर संबंधित ग्राम प्रधान/ग्राम सचिव के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। गौवंशों को निर्धारित समय सारणी के अनुसार सुबह एवं शाम को चारा/भूसा,चूनी चोकर तथा हरा चारा दिया जाये, जिसकी निगरानी जनपद स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम से की जाये।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत

- परिजनों ने ससुरालीजनों पर लगाए प्रताड़ित करने के आरोप
- शव पोस्टमार्टम को भेज मामले की हर पहलू से जांच पड़ताल में जुटी पुलिस



**समृद्धि न्यूज महोबा।**

चरखारी थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बम्होरी कला निवासी नवविवाहिता की इलाज के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुँचे परिजनों ने ससुरालीजनों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगा कार्यवाही करने की माँग की है।

फिलहाल पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की हर पहलू से जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार चरखारी थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बम्होरी कला निवासी जीतेन्द्र की 30 वर्षीय पत्नी संगीता की सोमवार सुबह जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुँचे मृतका के बड़े भाई दिनेश ने ससुरालीजनों पर संगीता को प्रताड़ित करने का आरोप लगा कार्यवाही करने की माँग की है। फिलहाल पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

### डायरिया से पीड़ित थी मृतका : चिकित्सक

जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मृतका संगीता का इलाज करने वाले डॉक्टर यतीन्द्र पुरवार का कहना है कि आज तड़के सुबह संगीता के ससुर भगवास दास द्वारा उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था संगीता डायरिया से पीड़ित लग रही थी जिसका उपचार किया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

## खबरें एक नजर में

### स्कार्पियो से आए चोरों ने ई-रिक्शा की बैटरी की पार



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** बीती रात स्कार्पियो से आए अज्ञात चोर घर के बाहर चार्जिंग में लगे ई रिक्शा की बैटरियां खोल कर लें गये। सूचना के बाद पुलिस नहीं पहुंची। इससे लोगों मे आक्रोश व्याप्त है। बीती रात कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल में अज्ञात चोर स्कार्पियो से और बाहर चार्जिंग में लगे ई रिक्शा की बैटरियां चोरी करके फरार हो गए। पीड़ित सुनील कुमार प्रजापति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात करीब 2:00 बजे घर के बाहर अंधेरा देखकर जब बाहर निकला तब चोर स्कार्पियो में बैठकर भाग रहे थे। उसने शोर मचाया लेकिन तब तक वह भाग निकले। उसने तत्काल पुलिस को सूचित किया लेकिन पुलिस समय से नहीं पहुंची। इसी तरह परमहंस इंटर कॉलेज के पास योगेंद्र का ई रिक्शा भी खड़ा हुआ था जिसकी सभी बैटरियां चोरों द्वारा निकाल ली गई है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### व्यापारी नेता ने भतीजे की पत्नी को पीटा

**भरूआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के व्यापारी नेता ने अपनी पत्नी एवं पुत्र पुत्री के साथ मिलकर पड़ोस में रहने वाले भतीजे की पत्नी को जमकर पीटा। पीडिता ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है कस्बे के व्यापारी नेता कृष्ण कुमार गुप्ता रामू ने अपने पुत्र शिवा उर्फ पदमपति, पुत्री दिव्य किरन, पत्नी सविता गुप्ता के साथ मिलकर पड़ोस में रहने वाले राघवेंद्र गुप्ता की पत्नी कल्पना गुप्ता को जमकर पीटा। कल्पना गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि रामू गुप्ता ने भवन निर्माण के लिए एक ट्राली ईंट मंगवाई थी। जिससे उसके दरवाजे पर बनी नाली टूट गई थी। जब उसने कहा कि नाली साफ करवा देना तो भड़क गये और गाली–गलौज करके जमकर पीटा है।

### सड़क किनारे खड़े बाइक सवार युवक की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** सड़क किनारे खडे बाईक सवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने कुचल दिया। युवक को पीआरबी ने एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए मौदहा कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया मौदहा कोतवाली क्षेत्र के उर्दना निवासी अवधेश 30 वर्ष पुत्र छेदीलाल और ब्रजराज 28 वर्ष पुत्र रामेश्वर बाईक से बांदा से लौट रहे थे। गांव के निकट अवधेश सडक किनारे बाईक खडी कर लघुशंका करने लगा और ब्रजराज बाईक के निकट सडक किनारे खडा था। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर जो कल्टिवेटर फंसाये हुए था, ने ब्रजराज को बुरी तरह से कुचल दिया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस और पीआरबी पुलिस ने युवक को इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने परिवार में चार भाईयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। तीन साल पहले भी मृतक के एक भाई की सडक हादसे में मौत हो चुकी है। घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने घटना के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने की कार्यवाही के साथ ट्रैक्टर की तलाश शुरू कर दी है

### अटल स्मृति सम्मेलन में एसआईआर की दी गयी जानकारी



**भरूआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के एक गेस्ट हाउस में सदर विधानसभा क्षेत्र में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि साध्वी निरंजन ज्योति ने विधानसभा स्तर पर होने वाले अटल स्मृति सम्मेलन के साथ–साथ पुनरीक्षण 2025 संगठनात्मक बैठक में एसआईआर के संबंध में जानकारी दी। सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति के नेतृत्व में अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी पर चल रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के अंतर्गत विधानसभा स्तर के अटल स्मृति सम्मेलन कार्यक्रम में उनके कृतित्व व व्यक्तित्व की जानकारी दी गयी। सम्मेलन को किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष बाल मुकुंद शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता, क्षेत्रीय महामंत्री पिछड़ा मोर्चा गणेश यादव, ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष किशन व्यास, लालाराम निषाद, आशीष पालीवाल,शिवनरायन सोनकर, धीरेंद्र शिवहरे, साधना सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान पर चर्चा की। इस सम्मेलन में मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह, अंकित गुप्ता, योगेंद्र दीक्षित, अनूप सिंह, मनोज धुरिया, मोहन कुशवाहा, अरिमर्दन सिंह, चक्रवर्ती शुक्ला, संतराम गुप्ता, सुरेंद्र तिवारी, देवेंद्र पालीवाल, के के त्रिवेदी, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, नीलम बाजपेई, राधा चौरसिया, रेखा सिंह, सोनू गुप्ता, विनय मिश्रा, विजय बहादुर प्रजापति, सिद्धार्थ पाठक, दुर्गेश कुमार, रामचंद्र शर्मा, मनोज पालीवाल, केके विश्वकर्मा, अशोक गुरु सहित शक्ति केंद्र प्रभारी तथा बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन समूह की 68 महिलाओं को किया जाएगा लाभान्वित

**समृद्धि न्यूज महोबा।**

मत्स्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन महोबा के समूह की 68 महिलाओं को वैकयार्ड-आरएएस से लाभान्वित किये जानें के सन्दर्भ में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास



अधिकारी,उपायुक्त मनरेगा,कृषि अधिकारी तथा मत्स्य विभाग के कर्मचारी सहित कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कमेटी द्वारा समूह की 68 महिलायों की सूची का अनुमोदन किया गया। इन महिला लाभार्थियों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से लाभान्वित किया जायेगा। योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी के यहाँ एक-एक बैकयार्ड की स्थापना की जायेगी। इसमें प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना से 60 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा। मोजना की लागत 50 हजार है।

## विराट दंगल के साथ हुआ ऐचाना गांव में आठ दिवसीय मेला महोत्सव का शुभारम्भ

**समृद्धि न्यूज चरखारी/महोबा।**

तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम ऐंचाना में विराट दंगल के साथ 8 दिवसीय ऐंचाना मेला महोत्सव का शुभारम्भ हो गया। बताया जाता है कि इस मेला का आयोजन चरखारी रियासत काल से होता चला आया है जो आज भी अनवरत जारी है। मेला शुभारम्भ के अवसर पर 28 दिसंबर को विशाल दंगल का आयोजन किया गया। यह मेला 4 जनवरी तक चलेगा।

धार्मिक आस्था और लोक परंपराओं से जुड़ा यह मेला क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। इस मेले का आयोजन ग्राम प्रधान ऐंचाना दिनकर तिवारी के नेतृत्व में ग्राम एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से



किया जाता है। दंगल का शुभारंभ हमीरपुर जिले के राठ नगर पालिका चेयरमैन श्रीनिवास बुधौलिया,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हमीरपुर जितेंद्र मिश्रा,जिला पंचायत अध्यक्ष महोबा जेपी अनुरागी,ब्लॉक प्रमुख कबरई राजू सिंह, खरेला चेयरमैन संतोष सिंह,जिला संयोजक बजरंगदल महोबा विपिन भदौरिया आदि जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों सहित ग्राम एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## खेड़ा शिलाजीत ने आगरा को 11 रनों से हराया

**खड़ेही लोधन (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

गांव खड़ेही लोधन के गंगा सागर स्टेडियम मे खड़ेही लोधन टूर्नामेंट मैमोरियल कप प्रतियोगिता के दूसरे दिन दो मैच खेले गए जिसमे खेड़ा शिलाजीत ने आगरा को 11 रनों से हरा।जबकि दूसरे मैच में पुखरायां कि टीम ने महोबा की टीम को23 रनों से पराजित कर दिया।दोनों मैचों में अगल अलग अतिथियों ने मैचों के शुभारंभ कराया।

मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव खड़ेही लोधन के गंगा सागर स्टेडियम में चल रहे खड़ेही लोधन क्रिकेट टूर्नामेंट मैमोरियल कप प्रतियोगिता के दूसरे दिन के पहले मैच का शुभारंभ मनोज कुमार वर्मा पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व सत्तीदीन ने मैच खेलने आये खिलाड़ियों से उनका परिचय लेकर किया।इसके बाद पहला आगरा टीम व खेड़ा



शिलाजीत की टीम के बीच खेला गया।जिसमें आगरा टीम ने पहले टॉस जीतकर खेड़ा शिलाजीत टीम के कप्तान को बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया बल्लेबाजी करते हुए टीम ने निर्धारित 10 ओवरो में 120 रन बनाए।जवाब में उतरी आगरा की टीम के खिलाड़ियों निर्धारित ओवरों में 109 रन ही बना सके और उनकी पारी खत्म हो गयी।खेड़ा शिलाजीत टीम के खिलाड़ी सचिन ने 58 व कासिम ने 17 रन अपनी टीम के लिए बनाए। वही दूसरे का शुरुआत शारदा प्रसाद राजपूत शिक्षक व ह्रदेश नारायण रामू राजपूत ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया इसके बाद महोबा के टीम के कप्तान ने टार्स जीतकर पुखरायां टीम के कप्तान को बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया पुखरायां टीम ने 10 ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 132 रन वनाये जिसमे ध्रुव्र ने 37 व अल्पेश ने 17 रनों के सहयोग अपनी टीम को दिया।जबाब में मैच खेलने उतरी महोबा की टीम निर्धारित ओबरो में महज 109 रन बना सिमट गई महोबा की टीम से कोई खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नही सके इस मौके पर शिवेंद्र तिवारी,नीरज राजपूत,राहुल राजपूत,अवधेश राजपूत संजय प्रजापति आदि सहित लोगो का सराहनीय सहयोग रहा है।

## कैम्प लागाकर विद्युत विभाग ने बसूला लगभग दो लाख साठ हजार रुपए बकाया



**खड़ेही लोधन (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** मसगांव गांव में बिजली विभाग ने कैंप लगकर वसूली अभियान में लगभग दो लाख साठ रुपये बकाया बिल का राजस्व जमा कराया गया।आयोजित कैंप में 70 बड़े बकाएदारो के कनेक्शन भी काटे गए। इमिलिया बिजली पावर हाउस के अंर्तगत मसगांव गांव में दिलीप शुक्ला के आवास के पास इमिलिया पावर हाउस के अवर अभियंता अवधेश कुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम में संदीप कुमार, अरविन्द्र सोनी, हर्ष लवलेश के द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया जिसमे सरकार द्वारा चलाये जा रहे बिजली राहत योजना के तहत 36 उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन कराया गया और वही लगभग 70 बड़े बकाएदारो के द्वारा बिल न जमा किये जाने पर उनके कनेक्शन काटे गए तथा एक दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं की समस्याओ का निस्तारण करते हुए लगभग दो लाख साठ रुपये बकाया जमा कराया गया।

## विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपन्न

**खड़ेही लोधन (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की चल रही विषम सेमेस्टर की परीक्षाए सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में ऑनलाइन सम्पन्न कराई गई वही बुंदेलखंड विश्विद्यालय झांसी से आई उड़नदस्ता टीम ने जिले के कई महाविद्यालयो में चल रही परीक्षाओं का औचक निरीक्षण कर सीसी टीवी कैमरे भी देखे।

मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव गहरौली में संचालित स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लोकेंद्र नाथ पांडेय ने



बताया कि सोमवार की सुबह पाली में बीए पंचम सेमेस्टर विषय अंग्रेजी साहित्य की 2 छात्राओं ने परीक्षा दी,वही शाम पाली में आयोजित बीए प्रथम सेमेस्टर विषय गृहविज्ञान की 32 छात्राओ ने अपनी परीक्षा दी।कस्बा बिवांर के हीरानन्द पीजी कालेज बिवांर के प्राचार्य डॉ अभिनन्दन सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह पाली में बीए पंचम सेमेस्टर विषय अंग्रेजी साहित्य की परीक्षा के लिए11 छात्राये पंजीकृत थी जो सभी उपस्थित रही,शाम पाली मे आयोजित हुई बीए प्रथम सेमेस्टर विषय गृहविज्ञान की परीक्षा के लिए 82 छात्राएं व बाबा ध्यानी दास महाविद्यालय कालौलीजार का 1 छात्र पंजीकृत था जो सभी ने अपनी परीक्षा में मौजूद रहे।लोदीपुर निवादा में संचालित अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय के केंद्राध्यक्ष डॉ शिवमंगल तिवारी ने बताया कि सोमवार की सुबह पाली में आयोजित हुई परीक्षा में 11 छात्र एवम छात्राओ ने परीक्षा दी,वही शाम पाली में बीए प्रथम सेमेस्टर विषय विषय गृहविज्ञान कि परीक्षा 61 छात्राओ को देनी जिसमे 1 ने अपनी परीक्षा छोड़ दी।

### शिवम् ने रक्तदान कर बचाई निशा की जान



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जिला अस्पताल में भर्ती नजरपुर सुमेरपुर निवासी बच्चूलाल की पत्नी निशा को खून की जरूरत पड़ने पर बुंदेलखंड रक्तदान समिति हमीरपुर के सदस्य शिवम् न1 यूनिट रक्तदान करके जान बचाई।

## सुबह से पीसीएफ कृषक सेवा केन्द्र में खाद के लिए लाइन में लगे किसान

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

29 दिसंबर स्थानीय पी सी एफ कृषक सेवा केंद्र में यूरिया खाद के आने की जानकारी मिलते ही किसानों की भीड़ एकत्र हो गई पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण किया गया। कस्बा के मंडी समिति के पास पीसी एफ कृषक सेवा केंद्र संचालित है। इस केंद्र से

क्षेत्र के किसानों को खाद का वितरण नकद किया जाता है। केंद्र प्रभारी जितेंद्र कुशवाहा ने बताया कि एक ट्रक यूरिया खाद आई थी। सुबह से किसानों को आधार कार्ड व खतौनी के आधार पर खाद का



वितरण किया गया है। बढ़ती भीड़ के चलते पुलिस का सहयोग लेना पड़ा। तथा लाइन में खड़े किसानों को खाद का वितरण किया गया। खाद लेने के लिए महिला किसान भी भारी संख्या में खाद के लिए लाइन में लगी रही। देर शाम तक खाद का वितरण किया गया

## पत्रकारों के हित व उनके दुख-सुख साथ खड़े रहने के लिय पत्रकार महासंघ का गठन

- पत्रकार महासंघ का कोई भी पत्रकार साथी दूसरे प्रेस क्लब का नहीं होगा सदस्य

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के पत्रकारों ने सोमवार को नगर पालिका स्थित अम्बेडकर पार्क में आम बैठक का आयोजन किया। जिसमे विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा करते हुए जनपद के पत्रकारों के हित और उनके दुख-सुख साथ खड़े रहने के लिय पत्रकार महासंघ का गठन किया।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार



प्रेमदत्त दीक्षित,विनोद शुक्ला, नाहिद अंसारी, उमाशंकर मिश्रा, असद खान ऊर्फ गोलू, अरुण श्रीवास्तव,आशीष दीक्षित, सैयद अतहर हुसैन एवं मुकेश निषाद ने की।

बैठक के दौरान पत्रकारों के हित और उनके संघर्ष को लेकर पत्रकार महासंघ का गठन हुआ जिसमे विभिन्न चर्चाए की गईं। वरिष्ठ पत्रकारों ने कहा कि पत्रकार महासंघ का कोई भी पत्रकार साथी दूसरे प्रेस क्लब का सदस्य नहीं होगा। पत्रकार महासंघ में कोई भी अध्यक्ष या महामंत्री तथा अन्य कोई पद का पदाधिकारी नहीं होगा। पत्रकार महासंघ में कोई भी पोर्टल का पत्रकार शामिल नहीं किया जाएगा। पत्रकार महासंघ में पांच सदस्यीय टीम बनाई जाएगी और पत्रकारों के हित की लड़ाई लड़ी जाएगी।इस दौरान बैठक में सभी पत्रकारों की राय ली गई और उनकी राय से पत्रकार महासंघ को और शक्तिशाली बनाने की रणनीति तैयार कर ली गई है।इस मौके पर अनुराग मिश्रा अभिषेक सिंह, आशुतोष दीक्षित,ओमप्रकाश दोहरे, ब्रजेश ओझा, नीरज शर्मा, इंतजार हुसैन, अमित दुबे, अमित यादव, इरशाद खां, हरिशचंद्र राजपूत, ओम दीक्षित,बी के कटियार, विकास सोनी, पवन सिंह परिहार, शशिकांत संखवार बसीम अकरम, वीरपाल, प्रिन्स बर्मा, सहित जिले के सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहें

## कृषि उत्पादन मंडी समिति में आज से ज्वार की तौल शुरू

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति में एक सप्ताह से बंद चल रही ज्वार की तौल आज से शुरू हो गई। सबसे पहले छोटे किसानो की ज्वार की तौल कराई गई।कृषि उत्पादन मंडी समिति में सरकारी दर पर ज्वार की खरीद के लिए दो केंद्र विपणन शाखा के संचालित है। एक सप्ताह से ज्वार की तौल बंद रहने से किसानों को परेशानी का सामना करना पर रहा था। इसकी शिकायत किसानों द्वारा जिलाधिकारी से की गई थी। उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप से आज छोटे

किसानो की ज्वार की तौल कराई गई जिन किसानों की ज्वार पांच



कुंतल, दस कुंतल, पंद्रह कुंतल ज्वार थी उनको नंबर के हिसाब से 35 किसानों को नंबर दिया गया है। तथा इस नंबर के हिसाब से तौल कराई जा रही है। ज्वार खरीद का समय एक अक्टूबर से 31 दिसंबर तक निर्धारित किया गया है.तौल का आखिरी समय होने से किसान परेशान था। तौल शुरू होने से किसानो ने राहत की सांस ली ह।

## विजरारी गांव की गन्दगी स्वच्छ भारत मिशन को दिखा रही ठेंगा

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत विजरारी मे सफायी व्यवस्था का वद से वदतर हाल वना हुआ है। जिम्मेदार जान कर भी अनजान वने हुए है। सफायी व्यवस्था को लेकर ग्राम वासियो मे खासा आक्रोश वना हुआ है।

वताते चले कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतो को सबफायी व्यवस्था के लिए भारी धन शासन की ओर से मुहैय्या कराया जा रहा है। इसके वावजूद ग्रामो मे गन्दगी का अम्वार लगा रहता है। ऐसे ही ग्राम पंचायत विजरारी की तस्वीर जब देखने को मिली जब पत्रकारो की एक टीम सफायी व्यवस्था से रू वरू हुए देखा गया गाँव की सडको पर कूडे के ढेर वजवजाती नालियो का



पानी सडको पर वहने से ग्रामीणो का सडको से निकलना दूभर वना हुआ है। गाँव की सफायी व्यवस्था के सम्वन्ध मे ग्रामीणो का आरोप है कि गाँव मे एक सफायी कर्मी नियुक्त है वह भी रोज नही आता ग्रामीणो ने आरोप लगा कहा कि इस सम्वन्ध मे प्रधान एव सचिव को अवगत करा सफायी की माँग की गयी परिणाम स्वरूप मामला जस का तस वना हुआ है। ग्रामीणो का आरोप है कि वजवजाती नालियो से सक्रामण वीमारियो का फैलने का अन्देशा वना हुआ है सफायी नही हुयी तो कभी भी गाँव वासियो को सक्रामण वीमारियो से ग्रेसित हो सकते है। समाचार पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी से गाँव वासियो ने माँग की है कि शीध्र गाँव मे सफायी अभियान चला गाँव को स्वच्छ भारत मिशन का लाभ दिलाया जाये।

**टंकी मे पानी सप्लाई न होने से मुहालवासी पीने के पानी से हुए वंचित:-** गाँव मे अल्प सख्यक वाहुल मुहल्ले मे एक पानी की टंकी स्थापित है। जो सफेद हाथी वनी खडी है गाँववासियो ने आरोप लगा वताया कि इस टंकी को वोर द्वारा भरा जाता था जिससे सभी मुहाल वासियो को पीने का पानी सुलभ होता था। आरोप है कुछ शरारती तत्वो ने लाइन तोड दी जिससे लाइन वाधित होने से टंकी नही भरी जा रही सभी मुहाल वासी दूर दराज से पीने का पानी लेने जाते।ग्राम वासियो का आरोप है कि प्रधान से टूटी लाइन को सुधारने की वात कही प्रधान वजट का अभाव वता अपना पल्ला झाड लेता है।

## नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को पिलाई गई विटामिन ए की दवा

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

विटामिन ए की दवा नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में शासन के मंशा के अनुरूप 27 दिसंबर से लगातार 1 माह तक की शुरुआत की गई बच्चों की आंख की रोशनी व त्वचा के लिए फायदेमंद विटामिन शुरुआत 27 दिसंबर शनिवार के दिन से सीएससी सहित ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दवा पिलाने का शुरुआत की गई इस अभियान के तहत 9 माह से 5 साल तक की बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई जानी है विटामिन ए से बच्चों के रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है आंखों की रोशनी अच्छी होती है एवं त्वचा में चमक



आती है। प्रत्येक बुधवार को शनिवार क्षेत्र में होने वाले टीकाकरण अभियान के दौरान दवा पिलाई जाएगी इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक रजत रंजन तिवारी ने बताया की विटामिन ए दवा टीकाकरण के दौरान 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई जाएगी अभियान की शुरुआत 27 दिसंबर से की गई जो लगातार एक माह तक निरंतर चलता रहेगा जिससे बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा हो सके।

# डीएम के जनता दर्शन में समस्याओं का त्वरित समाधान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

- जल निकासी, अतिक्रमण, विद्युत व आवास से जुड़े मामलों का समाधान
- प्रशासनिक कार्रवाई से नागरिकों को भरोसा, शिकायतें होंगी समयबद्ध निस्तारित

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के जनता दर्शन में प्रस्तुत हुए विभिन्न विभागों से जुड़े शिकायत पत्रों का प्रशासन ने सकारात्मक व संतुलित ढंग से निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाई है।

जल निकासी, अवैध कब्जा, चकमार्ग, विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि तथा काशीराम आवास से जुड़े मामलों में संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर कार्यवाही करते हुए समाधान सुनिश्चित किया गया।



**जल निकासी व सफाई कार्य में राहतः-** नवाबगंज क्षेत्र में जल निकासी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नाली की सफाई का कार्य करा दिया गया है।

स्थल निरीक्षण के बाद यह भी स्पष्ट किया गया कि स्थायी नाली निर्माण हेतु लगभग 1.50 लाख रुपये का व्यय संभावित है, जिसे धन उपलब्धता व बोर्ड स्वीकृति के बाद कराया जाएगा।फिलहाल समस्या का तात्कालिक समाधान कर दिया गया है।

**अवैध कब्जों पर सख्त कार्रवाईः-** रामनगर तहसील के ग्राम हरसौली में चकमार्ग संख्या-350 को पैमाइश कराकर खाली करा दिया गया। इसी तरह फतेहपुर क्षेत्र में गाटा संख्या-2565 पर किए गए अवैध कब्जे को राजस्व व पुलिस टीम ने हटवाया और दोबारा कब्जा न करने की चेतावनी दी गई। नगर पंचायत सुबेहा की भूमि से अतिक्रमण हटाकर खेतों तक रास्ता भी उपलब्ध कराया गया।

**विद्युत व आवास मामलों में संवेदनशील रुखः-** काशीराम कॉलोनी से जुड़े मामलों में प्रशासन ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाया।

एक प्रकरण में बकाया वसूली के बाद नया विद्युत कनेक्शन जारी किया गया और स्मार्ट मीटर लगाया गया। वहीं अभयनगर काशीराम कॉलोनी में रह रही महिला को वैकल्पिक व्यवस्था होने तक आवास में बने रहने की अनुमति दी गई। ग्रामीण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव आगामी बिजनेस प्लान 2026-27 में शामिल किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों युवक ने लगाई फांसी

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के मकबूलगंज गांव मे एक 22 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सुबह परिजनो ने कमरे का दरवाजा खोला तो युवक का शव फंदे से लटका मिला।जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।

बताते चलें कि मृतक की पहचान सुरेंद्र पुत्र ननकऊ के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच आपसी कहासुनी हुई थी। जिसके बाद सुरेंद्र ने यह कदम उठाया। ग्रामीणो की सूचना पर जैदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।



पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### कार संग स्टंटबाजी करने वाला गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रविवार को थाना क्षेत्र जगदीशपुर अंतर्गत सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो जिसमें एक युवक कस्बा जगदीशपुर स्थित बस स्टैण्ड पर कार से खतरनाक तरीके से स्टंट करते हुए दिखाई दे रहा था। हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता, उक्त वायरल वीडियो की शिकायत मिलने पर तत्काल वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर जनपद पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक द्वारा स्टंट करने वाले व्यक्ति की पहचान करने व उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया था। जगदीशपुर कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त वायरल वीडियो के सन्दर्भ में जांच की गयी तो अल्टो कार वाहन से स्टंट करने वाले व्यक्ति की पहचान अफसार पुत्र इसरार निवासी ग्राम पूरे तालबेन मजरे निसूरा थाना जगदीशपुर के रूप में हुई है। सोमवार पुलिस द्वारा मोटर अधिनियम के तहत व स्टंटबाज के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### आबकारी निरीक्षक ने पकड़ी 78 ली. कच्ची शराब

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में सोमवार को गठित टीम द्वारा ग्राम- बलई का पुरवा, सनहा, काजी पट्टी, बनभरिया, शुक्लन का पुरवा, मंगरौरा, रुस्तमपुर में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र मुसाफ़िर खाना के थाना -बाजार शुकुल के अंतर्गत ग्राम-शुक्लन का पुरवा, रुस्तमपुर से लगभग 78ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 150किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही मे 3अभियोग पंजीकृत किए गए तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। आबकारी दुकानों का सघन निरिक्षण किया गया व भट्ठो की चेकिंग की गई। उक्त दबिश की कार्यवाही मे चंद्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- मुसाफ़िर खाना व समस्त स्टाफ तीरथनाथ, शमशेर कुमार, संजय सरोज, सर्वेश वर्मा व सविदा वाहन चालक शामिल रहे।

### 40 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व नशा मुक्त अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में सोमवार को थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त नोमान उल्ला उर्फ अछ्य पुत्र स्व अता उल्ला निवासी हाल पता पिपरी थाना कुड़वार जनपद सुलतानपुर स्थाई पता ग्राम पूरे मंसूर मजरे मोहम्मद नेवाज थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 40 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### नाली बंद करने का आरोप

**डलमऊ समृद्धि न्यूज़।** नाथखेड़ा गांव में सरकारी नाली को बंद करने का आरोप है रेखा पत्नी मनोज कुमार ने खंड विकास अधिकारी एवं एसडीएम डलमऊ को शिकायती पत्र देकर नाली खुलवाने की गुहार लगाई महिला का आरोप है कि उसके घर का पानी नाली बंद हो जाने से पानी सड़क पर बह रहा है जिससे आवा गमन में आम जनमानस को समस्या हो रही है तथा रास्ता जर्जर हो रहा है खंड विकास अधिकारी अशोक सचान में जांच के निर्देश दिए हैं।

## मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद आयोजित हुई बैठक



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार सिरौलीगौसपुर में पंचायत चुनाव की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा और खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने इस बैठक में बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में अधिकारियों ने बीएलओ से कहा कि वे उन मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए दावा-आपत्ति फॉर्म जमा करें, जो अअंतिम सूची में शामिल होने से छूट गए हैं। साथ ही, यदि किसी कारणवश किसी पात्र मतदाता का नाम कट गया है, तो उसे भी ठीक किया जाए।तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि अगर किसी पंचायत में मृतक और विवाहित व्यक्तियों के नाम, जो गलती से सूची में रह गए हैं, उनका सत्यापन कर हटाया जाए।बीएलओ को अपने-अपने ग्राम पंचायतों में पुनः सर्वेक्षण करने के लिए कहा गया है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे और किसी का नाम गलती से न कटे। सभी दावा-आपत्ति फॉर्म निर्धारित समय पर जमा किए जाएं।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आये बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** मिट्टी लादकर तेज रफ्तार में हैदरगढ़ की ओर जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से जहा मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बाइक सवार युवक घायल हो गया। जिसका उपचार सीएचसी हैदरगढ़ में चल रहा है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अँदूपुर गाँव निवासी किराना व्यवसायी अनुराग मौर्य की दुकान हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग के किनारे नैनखेरा चौराहे पर स्थित हैं। सोमवार दोपहर वह बाइक से दुकान का समान लेकर हैदरगढ़ से दुकान आ रहा था कि तभी चौराहे पर स्थित एक आयरन स्टोर के निकट तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे युवक उछल कर दूर जा गिरा। जबकि मोटरसाइकिल ट्रैक्टर के नीचे आ गई। गनीमत यह रही कि टक्कर लगने के बाद युवक छिटककर दूर जा गिरा। जिससे बड़ा हादसा होते होते टल गया।

## विधायक खेल प्रतियोगिता का प्रमुख ने किया शुभारंभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

बीजापुर खेल मैदान पर विधायक खेल प्रतियोगिता का सोमवार को शुभारंभ हुआ। इस विधानसभा क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल द्वारा किया गया।विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर श्रीमती आरती रावत ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया और कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं के सर्वांगीण विकास की नीव है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हैदरगढ़ रामदेव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की मुस्कान ही हमारी असली प्रेरणा है । आइये हम सब मिलकर उनके उज्जवल भविष्य की नीव मजबूत करें।



इस अवसर पर उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा , मंडल अध्यक्ष कोठी राम तीरथ वर्मा ,खंड विकास अधिकारी हैदरगढ़ व त्रिवेदीगंज क्रमशः श्रीमती पूजा सिंह, श्रीमती प्रियंका सिंह, प्रधान गौतम पाठक, महादेव पाठक प्रधान जितेंद्र बहादुर सिंह सिंह,राजेंद्र पांडे, रवि पाठक, वेद पाठक, प्रेम राज, भावना मिश्रा सहित पीआरडी जवान प्रतिभागी व उनके अभिभावक मौजूद रहे।

दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग के बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। 100 मी सब जूनियर बालिका वर्ग में शांति, जूनियर वर्ग में राजश्री पाठक एवं सीनियर वर्ग में आंचल तिवारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। 800 मी सब जूनियर बालक वर्ग में कमल बहादुर व जूनियर में प्रशांत पाठक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम प्रभारी अरविंद कुमार बाजपेई सह प्रभारी शिवांश पटेल एवं सहायक विकास अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजई होने वाले खिलाड़ियों को सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

## 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

- 300 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट, 03 अभियोग पंजीकृत

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



अवैध नशीली शराब जो लगातार ग्रामीण अंचलों में कुटीर उद्योग के रूप में चलाया जा रहा है और इस अवैध नशीली शराब की वजह से कई बार कई बड़ी दुर्घटनाएं भी हो चुकी है ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो जिसको लेकर जिला अधिकारी हर्षिता माथुर सक्रिय नजर आ रही है उन्होंने जिला आबकारी विभाग की टीम को निर्देशित किया है कि जहां पर ऐसी अवैध गतिविधियां संचालित हो वहां पर छापेमारी करके कार्यवाही सुनिश्चित करें।

तहसील सदर के थाना गुरबक्शगंज अंतर्गत ग्राम आशाराम का पूर्वा एव गोझरी में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 300 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट करते हुए 03 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

### दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज

**डलमऊ, समृद्धि न्यूज़।** एक विवाहिता की तहरीर पर डलमऊ पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज किया है महिला की शादी 5 वर्ष पूर्व नरपतगंज निवासी सर्वेश के साथ हुई थी लेकिन विवाह के कुछ दिन बाद ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा चकमलिक भीटी निवासिनी पीड़िता रेशमा ने पति सर्वेश, ससुर रमेश, सास महेशा सहित आधा दर्जन लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए दलमा पुलिस में तहरीर दी है, महिला का आरोप है कि ससुरालीजन पांच लाख नगद एवं बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करते हैं न देने पर आए दिन उसके साथ मारपीट की जाती है फिलहाल डलमऊ पुलिस ने महिला की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कर लिया है कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## जल शक्ति मंत्री ने मुजफ्फरपुर रजबहा का किया निरीक्षण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह द्वारा जनपद सीतापुर की सिधौली विधानसभा स्थित मुजफ्फरपुर रजबहा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा स्थानीय किसानों से वार्ता की गई। माननीय मंत्री जी द्वारा जनपद में हुई सिल्ट सफाई के बारे में जानकारी भी प्राप्त की गई और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता (शारदा) एच0एन0 सिंह, अधीक्षण अभियंता नीलेश कुमार जैन एवं



अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल उपस्थित रहे।



### ठिठुरते बुजुर्ग को एसडीएम ने ओढ़ाया कम्बल

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** तहसील फतेहपुर में तैनात एसडीएम कार्तिकेय सिंह एक बार फिर अपने संवेदनशील और मानवीय व्यवहार को लेकर चर्चा में हैं। जनसुनवाई समाप्त होने के बाद जब वह लंच के लिए तहसील परिसर से निकल रहे थे, तभी उनकी नजर ठंड से ठिठुरते दो बुजुर्गों पर पड़ी। यह दृश्य देखते ही एसडीएम ने बिना देर किए अपनी गाड़ी रुकवाई और स्वयं उनके पास पहुंचकर उनका हालचाल जाना। एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने न सिर्फ बुजुर्गों से बातचीत की, बल्कि तुरंत उन्हें कंबल उपलब्ध कराए, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल सके। उन्होंने बुजुर्गों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनके साथ है और किसी भी समस्या के समाधान के लिए उनके कार्यालय के दरवाजे 24 घंटे खुले हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति बिना किसी संकोच के आकर अपनी समस्या बता सकता है, हर संभव मदद की जाएगी। एसडीएम की इस पहल से तहसील परिसर में मौजूद लोगों ने उनके कार्य की सराहना की। लोगों का कहना है कि आज के समय में जब अधिकारी अक्सर औपचारिकता तक सीमित रह जाते हैं, ऐसे में एसडीएम कार्तिकेय सिंह का आमजन के प्रति यह व्यवहार प्रशंसनीय है। इससे पहले भी वह गरीबों, बुजुर्गों और जरूरतमंदों की मदद के लिए कई जनहितकारी कदम उठा चुके हैं। उनकी कार्यशैली ने प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत किया है। आमजन में एसडीएम कार्तिकेय सिंह की छवि एक कर्मठ, संवेदनशील और जनसेवक अधिकारी के रूप में स्थापित हो चुकी है, जो न सिर्फ आदेश देते हैं बल्कि जमीन पर उतरकर लोगों के दर्द को समझते भी हैं।

### मुस्लिम युवती ने हिंदू युवक से रचाई शादी



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली में एक बार फिर मज़हब की दीवार तोड़कर हिन्दू युवक ने मुस्लिम युवती की मांग सिन्दूर से सजाई है। युवक रायबरेलीनके हरचंदपुर का रहने वाला है जबकि युवती कालीन नगरी भदोही ज़िले की है। जानकारी के मुताबिक दोनों की जान पहचान इंस्टाग्राम पर हुई थी। बाद में दोनों ने शादी का फैसला किया और यहाँ हरचंदपुर की अचलेश्वर मंदिर में में मन्त्रोंच्चार के बीच वैदिक रीति से विवाह कर लिया। दोनों के विवाह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं।हिन्दू युवक सन्त्री कुशवाहा हरचंदपुर थाना क्षेत्र का है रहने वाला है। वहीं मुस्लिम युवती रूबी भदोही की रहने वाली बताई जा रही है। दोनों की इंस्टाग्राम पर हुई मुलाकात धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। करीब 1 साल पहले दोनों पहली बार आमने-सामने मिले थे। पहली मुलाकात में ही उन्होंने फैसला कर लिया था कि जिंदगी साथ बिताएंगे। इसी के तहत आज हरचंदपुर स्थित है अचलेश्वर मंदिर में दोनों ने हिंदू रीति रिवाज से विवाह कर लिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, जिला अस्पताल रेफर

**बछरावां, समृद्धि न्यूज़।**

मौरावा मार्ग पर मदाखेड़ा गांव के पास रविवार की देर रात लगभग 9:00 बजे के आसपास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल बाइक सवार युवक जितेंद्र कुमार पुत्र गणेश कुमार निवासी ग्राम हिलौली थाना मौरावा जनपद उन्नाव, जो की स्थानीय थाना क्षेत्र के राजामऊ गांव किसी काम से आया हुआ था और वापस उक्त मार्ग होते हुए अपने घर हिलौली जा रहा था। जैसे ही वह मदाखेड़ा गांव के पास पहुंचा तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगने के बाद वह सड़क मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, और सड़क पर पड़ा था। आसपास मौजूद ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल



अवस्था में इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गय। जहां मौजूद डॉक्टर के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## भारत मां की सेवा को समर्पित रहा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जीवन : महेंद्र

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी संगठन के निर्देश पर जिले की सभी विधानसभा में अटल स्मृति सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में लहरपुर विधानसभा में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्रनाथ पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में लहरपुर विधानसभा के निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा की उपस्थिति रही।

अपने संबोधन में बोलते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेई का सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान अतुलनीय रहा है उनका अपना संपूर्ण जीवन भारवाजपेई की सेवा के लिए समर्पित रहा। विकसित भारत का




सपना देखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने अपने प्रधानमन्त्रिव काल में निरंतर भारत के उत्थान के काम किये। उन्होंने परमाणु पोखरण परीक्षण सर्व शिक्षा अभियान स्वर्णिमचतुर्भुज योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से भारत को विश्व पटल पर जो गौरव दिलाया उसका लोहा पूरी दुनिया ने माना। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। लहरपुर के निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा ने अटल बिहारी वाजपेई के राजनीतिक योगदान पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे द्वारा भाजपा कार्यालय पहुंचकर अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। इसी क्रम में हरगांव विधानसभा के शाहपुर में अटल स्मृति कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा उपस्थित रही और विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक एवं कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही उपस्थित रहे। नीरज वर्मा ने अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के विषय में उद्बोधन दिया वही राज्य मंत्री सुरेश राही ने अटल बिहारी वाजपेई के कुशल कवि कुशल वक्ता पत्रकार एवं प्रधानमंत्री के रूप में दी गई सेवाओं पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थितरहे।

## स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने हजारों जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने तिलोई ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह उर्फ़ मुन्ना सिंह के साथ तिलोई तहसील पहुंचकर हजारों गरीब व असहाय लोगों में कंबल वितरण किया। कड़ाके की ठंड के बीच कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर राहत और खुशी साफ नजर आई। इस दौरान तिलोई उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित क्षेत्रीय लेखपाल भी मौके पर मौजूद रहे। राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि भीषण ठंड में कोई भी गरीब, बुजुर्ग या असहाय व्यक्ति ठिठुरने को मजबूर न हो। वहीं ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह उर्फ़ मुन्ना सिंह ने कहा कि आगे भी इस तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में गरीब, बुजुर्ग और महिलाएं मौजूद रहीं।

## पृथ्वीराज बने सेंट्रल बार अध्यक्ष तो संतोष महामंत्री

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित सेंट्रल बार एसोसिएशन अमेठी के वर्ष 2026 की कार्यकारिणी का चुनाव परिणाम सोमवार को घोषित हुआ। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष जग नारायण त्रिपाठी व सदस्यगण श्रीराम सरोज, पवन कुमार सिंह, राकेश चन्द्र द्विवेदी व गिरीश यादव द्वारा घोषित परिणाम में अध्यक्ष पद के लिए पृथ्वीराज मिश्र व महासचिव के लिए संतोष कुमार शुक्ला की घोषणा की गई।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए राकेश चौहान और धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष के लिए शिवभान सिंह, मध्यम उपाध्यक्ष के लिए देवेन्द्र प्रताप सिंह व अमित पांडे, जूनियर उपाध्यक्ष परमानंद शुक्ल निर्वाचित घोषित किए गए। पुस्तकालयाध्यक्ष के लिए आशीष शुक्ला, सहसचिव के लिए राजेन्द्र



प्रसाद व अशोक कुमार, ऑडिटर हेतु रमेश दुबे के साथ ही प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी शीतला प्रसाद मिश्र को दी गई है।

अमर बहादुर सिंह, भूपेन्द्र मिश्रा, जगदीश यादव, रामेंद्र गुप्ता व शैलेन्द्र शुक्ला वरिष्ठ सदस्य व संजय यादव, संदीप शर्मा, अखिलेश कुमार, विवेक तिवारी चन्द्र प्रकाश जायसवाल, कमलेश प्रताप सिंह, संजय सरोज व रेनू यादव को जूनियर सदस्य निर्वाचित घोषित किया गया तथा शिव प्रकाश द्विवेदी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष द्वारा सभी को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए शुभकामनाएं दी गई।

### जेवर नकदी सहित बहू को लेकर दामाद फरार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तुलापुर भैरोपुर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। तुलापुर भैरोपुर निवासी जाकिर हुसैन पुत्र अब्दुल खालिक ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी पुत्रवधू को उनका ही दामाद इकरार मुहम्मद पुत्र अब्दुल गनी निवासी दीवानगंज, थाना सांगीपुर, जनपद प्रतापगढ़ बहला-फुसलाकर बीती लेकर रात फरार हो गया। पीड़ित के अनुसार, पुत्रवधू घर से करीब 5 लाख रुपये के कीमती आभूषण और 80 हजार रुपये नकद भी साथ ले गई है। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी पुत्रवधू एक 5 वर्षीय बच्चे की मां है उसे भी छोड़कर चली गई है। जाकिर हुसैन के मुताबिक रात करीब 12 से 1 बजे के बीच उनका नाती रोने लगा। जब परिजनों ने जागकर देखा तो घर के बक्से खुले मिले और उसमें रखे जेवर व नकदी गायब थे। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान : 150 मी. दायरे में अवैध निर्माण ध्वस्त

**बिसवां/सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

बड़े चौराहे पर अतिक्रमण हटाओ अभियान, 150 मीटर दायरे में अवैध निर्माण ध्वस्त नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत सोमवार को नगर पालिका, तहसील प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में नगर के बड़े चौराहे पर 150 मीटर के दायरे में दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों द्वारा बनाए गए टीन शेड, दीवार व चबूतरे गिराए गए तथा भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई। अभियान में तहसीलदार बिसवां उमाशंकर त्रिपाठी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी,



सफाई इंस्पेक्टर सौरभ शुक्ला, उप निरीक्षक सुधाकर सिंह सहित नगर पालिका व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेद्य नगर पालिका प्रशासन की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया और अफरातफरी का माहौल बना रहा। यदि नगर पालिका प्रशासन द्वारा, स्थायी समाधान पहले से लागू किया जाए तो बार-बार कार्रवाई की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और व्यापारियों को होने वाले नुकसान से भी बचाव संभव होगा।

# डॉ. अजिता त्रिपाठी अवस्थी का जीवन संस्कारों की सशक्त मिसाल : अर्चना पाण्डेय

**शैक्षिक उत्कृष्टता सम्मान समारोह में स्मृतियों की सशक्त श्रद्धांजलि**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

न्यू संत गेस्ट हाउस में डॉ. अजिता त्रिपाठी अवस्थी मेमोरियल के तत्वावधान में आयोजित शैक्षिक उत्कृष्टता सम्मान समारोह ने शिक्षा, साहित्य और संस्कारों की महत्ता को नई ऊंचाई प्रदान की।

मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पाण्डेय ने कहा कि स्व. डॉ. अजिता त्रिपाठी अवस्थी का जीवन शिक्षा और संस्कारों की सशक्त मिसाल है। उन्होंने डॉ. अजिता के साथ जुड़े निजी संस्मरण साझा करते हुए उनके शैक्षिक, सामाजिक एवं मानवीय योगदान को हृदयस्पर्शी ढंग से स्मरण किया। अर्चना पाण्डेय ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसी विभूतियों की स्मृतियां हमें सतत प्रेरणा देती रहेंगी। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने शिक्षा के साथ-साथ साहित्य के क्षेत्र में डॉ. अजिता के अमूल्य योगदान की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. अजिता जैसी विदुषी महिलाओं ने समाज को नई दिशा प्रदान की है। नई दिल्ली से पधारे सिने इतिहासविद डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने डॉ. अजिता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए साहित्य और सिनेमा के अंतर्संबंधों पर सारगर्भित विचार रखे। वरिष्ठतम साहित्यकार कौशल किशोर चतुर्वेदी की अध्यक्षता एवं प्रख्यात कवि ओमप्रकाश शुक्ल अज्ञात के कुशल संचालन में चला यह कार्यक्रम अत्यंत प्रभावशाली रहा। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अभिनेता, निर्माता एवं निर्देशक संदीप करतार सिंह, राम किशोर मिश्रा, सुरेश चंद्र दुबे, मदन वर्मा, डॉ. श्याम दुबे, हीरालाल कॉलेज के प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्र, डायट प्रवक्ता अनुज दुबे, प्रदीप प्रधान, सरिता त्रिपाठी, अमीषा गुप्ता, अरुणेश चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त कर डॉ. अजिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उनके सुपुत्र शुभम्, सुपुत्री इला तथा नातिनियाँ स्वरा और सागरिका की उपस्थिति ने समारोह को और अधिक भावुक बना दिया। इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सुमधुर सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम में संजय पॉल, विनोद दुबे, अनिल वर्मा, सीनू वर्मा, प्रवीण तिवारी, अनिल दुबे, अशोक कुमार, हरि गोविंद मिश्रा, अमित शुक्ला, सत्यम कुशवाहा, विनीत द्विवेदी, अतुल तिवारी, विवेक दीक्षित आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

**सम्मानित किए गए मेधावी छात्र-छात्रा**

शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत 'अजिता त्रिपाठी अवस्थी शैक्षिक उत्कृष्टता सम्मान – 2025' के तहत नेहरू कॉलेज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। एम.एससी. (रसायन विज्ञान) में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले विशाल शाक्य तथा बी.एससी. में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली कुमारी समृद्धि वर्मा को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## शिक्षा जगत के पुरोधा सुखवीर सिंह चौहान का निधन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला भैनपुरा निवासी शिक्षा जगत के वरिष्ठ पुरोधा 74 वर्षीय सुखवीर सिंह चौहान का सोमवार सुबह 8 बजे किडनी रोग से निधन हो गया। विगत एक वर्ष से इस बीमारी से जूझ रहे चौहान ने 2000 में सेना से सेवानिवृत्ति के बाद 2001 में गैलेक्सी पब्लिक स्कूल की स्थापना की, जो शिक्षा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुई। उनके पुत्र विजय सिंह चौहान और संजीव सिंह चौहान ने संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। दोनों का सामाजिक सेवा में भी सराहनीय योगदान रहा है। निधन की खबर फैलते ही नगर के स्कूल प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों व गणमान्यजनों ने उनके आवास पर पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकाकुल परिवार को समस्त नगरवासी सांत्वना दे रहे हैं। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार, 30 दिसंबर को पांचाल घाट, फर्रुखाबाद में होगा।

## पूर्वी बाईपास पर फिर हुआ अतिक्रमण



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर में पूर्वी बाईपास पर नेशनल हाईवे की प्रस्तावित मेजर जंक्शन वाली जगह पर धोखे रखकर फिर से अतिक्रमण कर लिया गया है। नगर पालिका परिषद ने 24 दिसंबर को खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने सरकारी भूमि पर दोबारा अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को सख्त नोटिस जारी किया था लेकिन धोखे रखने वाले अतिक्रमणकारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह द्वारा जारी नोटिस में कहा गया था कि ये खोखे पूर्व में हटाए जा चुके थे, लेकिन पुनः लगा लिए। नोटिस में दुकानदारों को चेतावनी दी गई थी कि 24 घंटे के अंदर स्वयं अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा नगर पालिका द्वारा खोखे जब्त कर लिए जाएंगे और पालिका अधिनियम 1916 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए दुकानदार स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस बारे में मुख्यमंत्री को भी पत्र भेज कर शिकायत की गई है कि एक सपा नेता ने अपना खोखा जबरन रख लिया है। इसी ने दूसरे दुकानदारों को भी अपने धोखे रखने के लिए उकसाया है अतः इस पर कठोरतम कार्रवाई की जाए।

# कृष्णा फाउंडेशन ने ईंट-भट्ठा मजदूरों में बांटे गरम कपड़े



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कृष्णा फाउंडेशन ने फर्रूखाबाद रोड स्थित ईंट भट्ठों पर कार्यरत मजदूरों को ठंड से राहत देने के लिए स्वेटर सहित अन्य गरम कपड़े वितरित किए। गर्म वस्त्र पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान फाउंडेशन की प्रबंधक रंजू सिंह लकी से मजदूरों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वितरित किए गए कपड़े उन्हें परफेक्ट फिट आए है। जरूरतमंद लोगों ने उनसे पूछा कि अब गर्म कपड़े बांटने कब आएंगी, जिसपर रंजू सिंह ने जवाब दिया कि जल्द ही फिर आएंगी। उन्होंने आगे कहा, मैं इनको बहुत कुछ तो नहीं दे सकती, लेकिन इनके चेहरों पर मुस्कान जरूर ला सकती हूं। इस नेक कार्य में डॉक्टर जबर सिंह पाल, सत्येंद्र पाल, अनिल बाबू, उर्मिला पाल, सुमन शाक्य और शिव कुमारी मौजूद रहीं।

# पंचायत निर्वाचक नामावली में अनियमितताओं का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



**एसडीएम को दिया ज्ञापन**

ग्राम पंचायत-56 प्रेमपुर के निवासियों ने पंचायत निर्वाचक नामावली में अनियमितताओं का आरोप लगते हुए एसडीएम को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में बूथ संख्या-71 (प्राथमिक पाठशाला प्रेमपुर) की पंचायत निर्वाचक नामावली में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा गया है कि बीएलओ ने स्वयं मतदाता सूची तैयार करने के बजाय एक भावी प्रत्याशी के साथ मिलकर साजिश रची और सूची बनवाई। इससे पात्र मतदाताओं के सैकड़ों नाम छूट गए, जबकि बड़ी संख्या में फर्जी, डुप्लीकेट और ट्रिपल नाम जोड़ दिए गए। प्रकाशित सूची में ये गड़बड़ियां होने से मूल निवासी मताधिकार से वंचित हो सकते हैं, वहीं फर्जी वोटों से चुनाव प्रक्रिया पर अन्याय होगा। आवेदकों ने आरोप लगाया कि वर्तमान बीएलओ की शिक्षा कम होने से वह कार्य करने में असमर्थ है और प्रत्याशी के इशारे पर काम हो रहा है। इससे निष्पक्ष सूची की उम्मीद नहीं है। मांग की गई है कि बीएलओ से कार्य वापस लेकर किसी सक्षम शिक्षक या अधिकारी को जिम्मेदारी दी जाए। साथ ही, तैयार सूची की निष्पक्ष जांच किसी राजस्व कर्मी और पर्यवेक्षक से कराकर फर्जी नामों का विलोपन और छूटे पात्र नामों का समावेश कराया जाए। इसी तरह ग्राम पंचायत कमालपुर के ग्रामीणों ने भी एसडीएम से शिकायत की है कि विवाह के बाद ससुराल चली गई लड़कियों के भी नाम मतदाता सूची में दर्ज किए गए हैं। अतः सूची की जांच करवरकर विवाहित लड़कियों एवं मृतक मतदाताओं के नाम पंचायत निर्वाचन नामावली से हटवाए जाएं।

# एक माह पूर्व हुए खूनी संघर्ष के तीन आरोपी गिरफ्तार



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

एक माह पहले 29 नवंबर की देर शाम करीब मोहल्ला चौधरियान में पुरानी रंजिश के चलते दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया था। इस घटना में दोनों पक्षों से एक-एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिससे पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई।

दोनों पक्ष एक-दूसरे पर जानलेवा हमला करने पर उतारू हो गए थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने एक पक्ष के छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। अब कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल विष्णु कांत तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मोहल्ला चौधरियान निवासी फैज और फैजल पुत्रगण चंदू तथा नोमान पुत्र अयाज अहमद शामिल हैं। इन सभी को उनके घरों से दबिश देकर पकड़ा गया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## किसान सीख रहे आधुनिक खेती के गुर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** कृषि विभाग द्वारा संचालित किसान पाठशाला जनपद के किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। इसके माध्यम से किसान आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण में संतुलित उर्वरक प्रयोग, मिट्टी परीक्षण, फसल चक्र व प्राकृतिक खेती पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने बताया कि किसान पाठशाला से किसानों में जागरूकता बढ़ी है और वे परंपरागत खेती से आगे बढ़कर कम लागत में अधिक उत्पादन की दिशा में कार्य कर रहे हैं। इससे किसानों की आय बढ़ाने के साथ नए अवसर भी सृजित होंगे। पाठशाला में फार्मर रजिस्ट्री, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। किसान पाठशाला का आयोजन विकासखंड कन्नौज, उमर्दा, जलालाबाद, गुगुरापुर, छिबरामऊ, तालग्राम एवं हसेरन के कई ग्रामों में किया गया।

# राइफल साफ करते समय चली गोली, अध्यापक की मौत

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिले से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुरा गांव में एक सरकारी सहायक अध्यापक की अपनी ही लाइसेंसी राइफल से गोली लगने से मौत हो गई। यह हादसा सोमवार सुबह करीब 10 बजे का बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपालपुरा निवासी 55 वर्षीय अनुरुद्ध पाल गांव के ही केपीएच जूनियर हाईस्कूल में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। सोमवार सुबह वह अपनी लाइसेंसी राइफल को नवीनीकरण (रिन्यूवल) के लिए बाहर निकालकर लाए थे। इसी दौरान वह कुर्सी पर बैठकर राइफल की सफाई कर रहे थे, तभी अचानक ट्रिगर दबने से गोली चल गई। गोली सीधे उनके सिर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली की आवाज सुनते ही परिजन मौके पर पहुंचे। अनुरुद्ध पाल खून से लथपथ हालत में पड़े थे। आनन-फानन में परिजन उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई लेकर निकले, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी रमन देवी ने बताया कि घटना पूरी तरह से अचानक हुई। उन्होंने कहा कि राइफल लोडेड थी और सफाई के दौरान अचानक गोली चल गई, जिससे यह हादसा हो गया। हालांकि, घटना के बाद कुछ समय के लिए मामला उलझ गया था।

# सड़क से लेकर सरकार तक लड़ेगे किसानों की लड़ाई: अवधेश त्रिपाठी

**भाकियू (अवधेश) की किसान महापंचायत में संगठन का हुआ विस्तार**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



लिटिल स्टार गेस्ट हाउस में हुई भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की किसान महापंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा किसानों की लड़ाई सड़क से लेकर सरकार तक लड़ी जाएगी और उनका कोई अहित नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए सोनू त्रिपाठी लुकुटपुर प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, आनंद कुमार तहसील उपाध्यक्ष, सुभाष चंद्र ब्लॉक सचिव, रामरूप जाटव जिला महामंत्री, दयानंद राजपूत जिला महामंत्री, बबलू राजपूत जिला सचिव, डॉ अश्विनी मिश्र जिलाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ, दिनेश चंद तहसील सचिव, अखिलेश दुबे प्रदेश उपाध्यक्ष, कीरतपाल ब्लॉक मंत्री, प्रबल बाबू गुप्ता ब्लॉक अध्यक्ष, अभिषेक तहसील उपाध्यक्ष भोगांव, उपेंद्र कुमार तहसील उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, अनिल कुमार तहसील सचिव युवा प्रकोष्ठ, राकेश सिंह ब्लॉक मंत्री, रामबाबू तहसील भोगांव मजदूर प्रकोष्ठ, आसाराम ब्लॉक उपाध्यक्ष बेवर, सुरेश सिंह वरिष्ठ ब्लॉक उपाध्यक्ष मैनपुरी, अजब सिंह तहसील अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ, दिनेश सिंह वरिष्ठ तहसील अध्यक्ष भोगांव, प्रवेश खंडेलवाल प्रदेश उपाध्यक्ष, शिवभान सिंह भदोरिया जिला उपाध्यक्ष मैनपुरी, अरुण कुमार पाठक मंडल उपाध्यक्ष आगरा, महेंद्र सिंह जिला मंत्री मैनपुरी, सरवन सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष मजदूर प्रकोष्ठ, दिनेश तहसील सचिव, अजब सिंह राजपूत तहसील उपाध्यक्ष, राजवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष, रणजीत सिंह जिलाध्यक्ष एटा, देवेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष अलीगंज, विवेक कुमार जिला उपाध्यक्ष एटा, दिनेश सिंह को ब्लॉक उपाध्यक्ष अलीगंज नियुक्त किया गया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता के संयोजन एवं प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक के संचालन में हुई महापंचायत मे एटा, औरैया, फर्रूखाबाद, मैनपुरी, नोएडा, खीरी, लखीमपुर, कासगंज आदि जनपदों के पदाधिकारी अपनी अपनी टीम के साथ शामिल हुए।

# इत्र नगरी आगमन पर सांसद रमेश अवस्थी का हुआ स्वागत

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



सांसद रमेश अवस्थी का स्वागत करते भाजपाई

कानपुर के लोकप्रिय सांसद रमेश अवस्थी के कन्नौज जिले में आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। क्षेत्र के गांव पाण्डेयपुरवा के सामने हाइवे पर जिला कार्यसमिति सदस्य अखिलेश पाण्डेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल- मालाओं से सांसद का अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता आंकित, मोहित, विनीत पाण्डेय, विशाल राजपूत, अश्विनी राजपूत, महेंद्र वर्मा, गोलू, सोहित राजपूत सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने सांसद के आगमन को संगठन के लिए उत्साहवर्धक बताते हुए उनके प्रति आस्था और समर्थन व्यक्त किया। सांसद रमेश अवस्थी ने स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से ही संगठन मजबूत होता है। उन्होंने सभी से जनसेवा और संगठन के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

# संवरेगा कुतलूपुर का सामुदायिक केंद्र, बढ़ेंगी सुविधाएं

**राज्यमंत्री असीम अरुण ने निरीक्षण कर, मरम्मत व विकास कार्यों के दिए निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के कुतलूपुर स्थित सामुदायिक केंद्र की तस्वीर जल्द बदलने वाली है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सामुदायिक केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने भवन की जर्जर स्थिति और सुविधाओं के अभाव की शिकायत की, जिस पर राज्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ने सामुदायिक केंद्र के साथ- साथ परिसर से जुड़े अन्य विकास कार्यों को भी मंजूरी दी। उन्होंने निर्देश दिए कि परिसर में मिट्टी डालकर भूमि को समतल किया जाए, जिससे जलभराव की समस्या न हो। आवश्यकता के अनुसार इंटरलॉकिंग कार्य भी कराया जाएगा। इसके अलावा परिसर में पानी की टंकी का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसके पूरा होने से भविष्य में स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि कुतलूपुर के लोगों को विवाह समारोह व अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए बाहर न जाना पड़े, इसी उद्देश्य से सामुदायिक केंद्र को बेहतर सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है। मरम्मत व विकास कार्य पूरे होने के बाद यह केंद्र स्थानीय निवासियों के लिए सम्मानजनक और उपयोगी साबित होगा।



**फिरोजपुर तारन में नवनिर्मित उच्च जलाशय किया निरीक्षण**

जलालाबाद। क्षेत्र के फिरोजपुर तारन में नवनिर्मित उच्च जलाशय का भी राज्यमंत्री ने असीम अरुण ने निरीक्षण किया। उन्होंने जलाशय से हो रही जलापूर्ति व्यवस्था की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलापूर्ति व्यवस्था नियमित और सुचारु बनी रहे, ताकि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा सके।

## कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

**जालौन (उरई)।** बाइक से उरई की ओर जा रहे युवक की बाइक में कार ने टक्कर मार दी। हादसे में जहां बाइक सवार युवक घायल हुआ वहीं, कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खंदक में चली गई। हादसे में कार सवार युवक बाल बाल बचे। उरई निवासी संजीव कुमार (30) सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे बंगरा की ओर से उरई की ओर आ रहा था। उसके पीछे चल रही कार के चालक सड़क पर आए गड्ढे को नहीं देख सके। जब उन्होंने गड्ढे को देखा तो कट लगाने का प्रयास किया। इसी दौरान कार बेकाबू हो गई और संजीव की बाइक में टक्कर मार दी। कार की टक्कर से संजीव गिरकर घायल हो गया। राहगीरों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। उधर, कार सवार युवक हादसे में बाल बाल बच गए और कार को किसी तरह खंदक से निकालकर अपने गंतव्य को चले गए।

# जि.पं अध्यक्ष के आश्वासन पर दुकानें हटाने को राजी हुये सब्जी विक्रेता

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



जिला पंचायत के समीप सड़क किनारे फुटपाथ पर सब्जी दुकानें लगाकर अपना जीवन यापन करने वाले सब्जी बिक्रेताओं की दुकानें हटाने का अल्टीमेटम प्रशासन द्वारा मिलने के बाद सभी सब्जी विक्रेता जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी के पास अपनी समस्या लेकर पहुंचे जहां पर सभी सब्जी विक्रेताओं ने स्वेच्छा से मंगलवार को दुकानें हटाने की बात कही। इसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रशासनिक अधिकारियों से उन्हें मंगलवार तक का समय दुकानें हटाने के लिये मिल गया।

उल्लेखनीय हो कि लंबे समय से जिला पंचायत के समीप फुटपाथ पर सब्जी दुकानों को समय-समय पर प्रशासन द्वारा हटाया जाता रहा। इस बार भी सभी सब्जी विक्रेताओं को दुकानें हटाने का अल्टीमेटम प्रशासन द्वारा सोमवार को दिया गया तो सभी सब्जी दुकानदार सुनील, कोमल सिंह, मु. अफसार, राजेंद्र कुशवाहा, लालू, देशराज, कमल, चंद्रभान, सकील, प्रेम सिंह, राहुल, श्यामकरन, अरविंद, अजीम, रहीस आलम आदि अपनी समस्या लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी के पास लेकर पहुंची जहां पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने उनकी समस्या को सुनने के बाद उन्हें स्वेच्छा से अपनी दुकानें हटाने के लिये तैयार कर लिया साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष ने उन्हें आश्वासन दिया कि नाला को पाटने के बाद सभी सब्जी विक्रेताओं को दुकानें लगाने के लिये दुकान दिये जाने की बात भी कही। इसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष ने ईओ नगर पालिका से बातचीत कर सब्जी दुकानदारों से हुई बात से अवगत कराते हुये मंगलवार तक का समय दुकानें हटाने के लिये मिल गया।

# हरी मटर बेंचकर जा रहे युवक की लाठी-डंडों से पिटाई

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मंडी में हरी मटर बेंचकर घर जा रहे युवक की रविवार की रात चुंगी नंबर चार पर रंगबाजी दिखाते हुए युवकों ने लाठी, डंडों से पिटाई कर दी। स्टेट हाइवे किनारे हुई इस पिटाई का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। लगभग आधा घंटे बाद पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। सोमवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा निवासी राजा भईया रविवार को हरी मटर बेचने के लिए जालौन आया था। रात करीब साढ़े नौ बजे हरी मटर बेचकर वह वापस घर जा रहा था। औरैया मार्ग पर चुंगी नंबर चार के पास वह ट्रैक्टर खड़ा करके दुकान वहां दुकान से कुछ सामान खरीदने लगा। इसी दौरान वहां पहलवानबाड़ा निवासी सतेंद्र यादव व चुर्खीबाल निवासी राघव मिश्रा आ गए और रंगबाजी दिखाते हुए उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। जब उसने रोका तो वह गालियां देते हुए वहां से चले गए। कुछ देर बाद दो चार पहिया वाहन एवं तीन चार बाइकों से सतेंद्र व राघव समेत 20-25 युवक लाठी, डंडे लेकर वहां आ गए और उसके साथ लाठी, डंडों से पिटाई शुरू कर दी।

# सिमरा शेखपुरा घाट पर अवैध रेता खनन का खुला खेल जारी

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



**धर्मकांटा को दिखा रहा ठेगा ओवरलोडिंग का खेल चरम पर**

कालपी तहसील क्षेत्र में यमुना नदी की तलहटी पर अवैध बालू खनन का गंभीर और चिंताजनक मामला उजागर हुआ है। यमुना पट्टी क्षेत्र अंतर्गत तहसील कालपी के सिमरा शेखपुरा स्थित गाटा संख्या 117/1, खंड संख्या-1 में संचालित बालू घाट पर खनिज नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यह घाट श्री बालाजी एसोसिएट के पार्टनर श्री सुशील कुमार सिंह पुत्र श्री बेचन सिंह, निवासी गजराज नगर, बिल्ली मारकुंडी, तहसील रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र के नाम से स्वीकृत बताया जा रहा है। विभागीय अभिलेखों के अनुसार इस खंड को 11 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 8 दिसंबर 2025 से 7 दिसंबर 2030 तक खनन की अनुमति दी गई है।

हालांकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार खंड संचालक द्वारा उत्तर प्रदेश खनिज नियमावली 1963 (संशोधित) और पर्यावरणीय मानकों को पूरी तरह दरकिनार कर यमुना नदी का स्वरूप बदला जा रहा है। नियमों में स्पष्ट है कि खनन सीमित गहराई, निर्धारित मात्रा और सेमी मैकेनाइज विधि से ही किया जाना चाहिए, लेकिन यहां यमुना का सीना बेरहमी से छलनी किया जा रहा है। दिन-रात भारी-भरकम पोकलेन मशीनों की गड़गड़ाहट से यह साफ जाहिर होता है कि अवैध रूप से पूर्णतः मैकेनाइज खनन किया जा रहा है। जबकि जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण मंत्रालय की गाइडलाइंस के अनुसार उत्तर प्रदेश में बालू खनन केवल सेमी मैकेनाइज तरीके से ही अनुमन्य है। इसके बावजूद पट्टा धारक द्वारा भारी पोकलेन मशीनों से यमुना नदी की तलहटी को खोदकर पर्यावरणीय विनाश किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि खंड संचालक जल्दी अमीर बनने की चाह में यमुना नदी की निर्मम लूट में लगा हुआ है। अवैध खनन से न केवल नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो रहा है, बल्कि आसपास के गांवों में भू-क्षरण, जलस्तर में गिरावट और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि खनन विभाग, परिवहन विभाग और जिला प्रशासन आखिर कब तक इस अवैध खनन पर मौन साधे रहेगा? क्या नियम केवल कागजों तक ही सीमित रहेंगे या दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर यमुना नदी को बचाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे यह आने वाला समय ही बताएगा।

# तोपखाना मोहल्ले में जलापूर्ति की समस्या गहराई

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

वार्ड नंबर सात मोहल्ला तोपखाना में करीब एक सप्ताह से पानी नहीं आ रहा है। जिसके चलते मोहल्ले के लोग पेयजल के लिए परेशान हैं। परेशान मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

नगर क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना वार्ड नंबर सात के निवासी पंकज राठौर, अर्चना राठौर, श्रीकृष्ण, सुशील साहू, पप्पू राठौर, अजय राठौर आदि ने एसडीएम हेमंत पटेल को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके मोहल्ले में लोग करीब एक माह से पेयजल के लिए परेशान हैं। पहले थोड़ा बहुत पानी आता भी था। लेकिन करीब एक सप्ताह से अधिक समय से पानी आना बंद हो गया है। इस बाबत उन्होंने जेई से भी शिकायत की थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब तक पानी की समस्या का हल नहीं हुआ है। जेई से बार बार कहने पर एक दो दिन का समय दे देते है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। सर्दी का मौसम चल रहा है। घरों में सुबह दैनिक कार्यों और अन्य कार्यों के लिए ताजे पानी की आवश्यकता होती है। ऐसे में महिलाओं को ठंडे से पानी से ही काम चलाना पड़ता है।

# आज का भारत सशक्त है और अपनी बात मजबूती से रखता है: सुशील शाक्य

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में नरेंद्र राजपूत, सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष फतेह चंद वर्मा और अमृतपुर विधायक सुशील कुमार शाक्य मौजूद रहे। अमृतपुर विधानसभा के विधायक सुशील कुमार शाक्य ने अपने संबोधन में कहा कि आज का भारत सशक्त है और अपनी बात मजबूती से रखता है। उन्होंने नए भारत की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा कि देश में चौड़ी सड़कें बन रही हैं, जो दुनिया में कहीं और नहीं दिखतीं। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के

- अटल स्मृति सम्मेलन का हुआ आयोजन, कानपुर के सांसद ने लिया भाग

साथ अपने बचपन की यादें भी साझा कीं और फर्रुखाबाद के विकास में सांसद रमेश अवस्थी और मुकेश राजपूत के योगदान की सराहना की। भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चंद वर्मा ने कहा कि पार्टी ने जिले में कड़ी मेहनत की है। जिसमें अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से मतदाताओं को जोड़ने का आह्वान किया। सांसद मुकेश राजपूत ने नवाबगंज बाजार का जिक्र करते हुए कहा कि जो लोग इसे पसंद नहीं करते, वे कानपुर जाते हैं। जहां के सांसद भी



कार्यक्रम में भाग लेते जनप्रतिनिधि

यहीं के हैं। उन्होंने मतदाता पंजीकरण के महत्व पर जोर दिया और कहा कि जो लोग बाहर रहते हैं या जिनकी नई शादी हुई है उनके भी वोट बनवाए जाने चाहिए।

नरेंद्र राजपूत ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सभी को साथ लेकर चलने का काम किया। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को कभी न भूलने की बात कही। उन्होंने उपस्थित लोगों से फॉर्म 6 भरकर सभी के वोट बनवाने और आगामी पंचायत चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सांसद रमेश अवस्थी ने गंगा नदी से अपने गहरे जुड़ाव का उल्लेख किया और कानपुर तथा फर्रुखाबाद के बीच मजबूत रिश्ते पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कानपुर की जीत में फर्रुखाबाद का बड़ा योगदान रहा है। अवस्थी ने बताया कि उनके जीवन में अटल बिहारी वाजपेयी से तीन बार मुलाकात हुई थी। उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था के चौथे स्थान पर पहुंचने का जिक्र करते हुए कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत तीसरे स्थान पर होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों को साकार करने की बात कही और कहा कि विरोधी आज भी मुकेश राजपूत की जीत से परेशान हैं। रमेश अवस्थी ने लोगों से कहा कि यदि उन्हें कोई काम हो तो वे उन्हें याद करें। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं में छिपे संदेश का भी जिक्र किया कि वे हार को कभी हार नहीं मानते थे। इस दौरान मुनेश मिश्रा, चेयरमैन अनिल राजपूत, राजीव रंजन, अतुल दीक्षित, मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, संतोष राजपूत, आदेश राठौर, अनुराग सिंह, विक्रम राजपूत, शिव मंगल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## तमंचा कारतूस सहित एक गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में युवक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली पुलिस ने एक युवक को 315 बोर का तमंचा व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम क्रम में कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति मोहम्मद उवैस खान उर्फ शैजी पुत्र मोहम्मद निसार खान निवासी मोहल्ला खैराती खां को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ थाना हाजा पर मु0अ0सं0-155/25 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट के तहत चालान कर दिया।

## चोरी की चार बैट्री सहित अभियुक्त गिरफ्तार



गिरफ्तार अभियुक्त व बरामद बैट्री

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी को अनुसार थाना पुलिस द्वारा रात्रि गश्त व संदिग्ध वाहन व व्यक्ति चेकिंग के दौरान थाना नवाबगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 333/2025 धारा-303(2) बीएनएस से संबंधित माल 04 अदद बैट्री के साथ एक नफर अभियुक्त अंकुर पुत्र रामरतन यादव निवासी व थाना जसरथपुर जिला एटा हाल पता ग्राम हरदुआ नवाबगंज को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार व बरामदगी के आधार पर धारा-317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी है। अभियुक्त अंकुर पर जनपद एटा व जनपद के थाना नवाबगंज पर आधा दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

# नगला हूसा में सांसद रमेश अवस्थी का हुआ स्वागत, बांटे कंबल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

कानपुर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमेश अवस्थी का उनके पैतृक गांव जनपद फर्रुखाबाद के अमृतपुर थाना क्षेत्र स्थित नगला हूसा में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भव्य एवं जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य भी उनके साथ मौजूद रहे। सांसद रमेश अवस्थी भारतीय जनता पार्टी के एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए नवाबगंज-अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र में आए थे। कार्यक्रम के उपरांत वे अपने पैतृक गांव नगला हूसा पहुंचे। जहां ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत समारोह में भारी संख्या



ग्रामीणों के बीच पैतृक गांव में सांसद रमेश अवस्थी

में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस दौरान सांसद रमेश अवस्थी ने सर्दी के मौसम को देखते हुए अपने क्षेत्र के गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर मानवीय संवेदना का परिचय दिया। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी साफझलकती नजर आई। मीडिया द्वारा अमृतपुर क्षेत्र के विकास के संबंध में पूछे गए सवाल पर सांसद ने कहा कि वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ स्वयं इस क्षेत्र के निवासी हैंए इसलिए शासन स्तर पर अमृतपुर क्षेत्र के विकास से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से उठाते रहते हैं और आगे भी उठाते रहेंगे।

गंगा नदी के बांध एवं बाढ़ की समस्या को लेकर पूछे गए प्रश्न पर सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि वे हर संभव प्रयास करेंगे कि क्षेत्रवासियों को बाढ़ की समस्या से शीघ्र राहत मिल सके और स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जाए। भाजपा विधायकों की एक साथ बैठक को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर सांसद ने स्पष्ट कहा कि विपक्ष के पास इस समय कोई ठोस मुद्दा नहीं है। इसलिए वह अनावश्यक बातों को मुद्दा बनाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपने मंसूबों में कभी सफल नहीं होगा।

कार्यक्रम में सांसद के भाई राजीव अवस्थी उर्फ गप्पू एवं अजय अवस्थी द्वारा क्षेत्र से आए लोगों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार चौहान उर्फ लाला भैया, प्रधान अमृतपुर सचिन देव तिवारी, प्रधान नगला हूसा, रामवरन सक्सेना, पूर्व प्रधान उदय पाल सिंह, नीरज अवस्थी, आलोक बाजपेई, अनुभव चित्रांश, मनोज अवस्थी सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं सांसद समर्थक मौजूद रहे।

# नाले के पानी से फसलें खराब होने से खफा ग्रामीण पहुंचे खंड विकास कार्यालय

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के गंदे नाले का पानी फसलों में भरने से परेशान ग्रामीण खंड विकास कार्यालय पहुंचे और वरिष्ठ लिपिक को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। वहीं वरिष्ठ लिपिक ने इसके लिए नगर पंचायत को जिम्मेदार बताते हुए समस्या का समाधान नगर पंचायत से कराने की बात कही। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि यदि शीघ्र ही उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव देवरान गढ़िया के ग्रामीण विकास खंड कमालगंज कस्बे के नाले का गंदा पानी खेतों में भरने से सैकड़ों बीघा फसल बर्बाद होने के

- बीडीओ के न मिलने पर वरिष्ठ लिपिक को सौंपा ज्ञापन
- लिपिक ने नगर पंचायत की समस्या बताकर झाड़ा पल्ला

मामले में आज गांव के लगभग ढाई से तीन दर्जन किसान कमालगंज ब्लॉक कार्यालय पहुंचे। किसानों का कहना है कि वे अपनी समस्या को लेकर खंड विकास अधिकारी से मिलने आए थे, लेकिन कार्यालय पहुंचने पर खंड विकास अधिकारी मौजूद नहीं मिले। इसके बाद किसानों ने कार्यालय में मौजूद वरिष्ठ लिपिक विजय राठौड़ को शिकायती पत्र सौंपते हुए अपनी पीड़ा बताई और कहा की नगर की ओर से आ रहे गंदे नाले का



जानकारी देते पीड़ित ग्रामीण

पानी खेतों में लगातार भरा रहने से गेहूं, सरसों सहित अन्य सैकड़ों बीघा फसलें नष्ट हो रही हैं। उन्होंने तत्काल जल निकासी कराकर फसलों का बचाव कराए जाने की मांग की। ब्लॉक कार्यालय में मौजूद बड़े बाबू ने किसानों को बताया कि खेतों में भर रहा पानी कमालगंज कस्बे का जा रहा है। जिसके लिए नगर पंचायत जिम्मेदार है। इसलिए इस समस्या का समाधान नगर पंचायत के अधिकारियों को अवगत कराकर करें। किसानों से नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत दर्ज कराने को कहा। जिससे वहां से आवश्यक कार्रवाई कर निस्तारण कराया जा सके। किसानों का कहना है कि वे पहले भी कई बार संबंधित विभागों में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका है।

जिम्मेदारी एक विभाग से दूसरे विभाग पर डाले जाने से किसानों की परेशानी और बढ़ती जा रही है। फसल बर्बादी के कारण किसान आर्थिक व मानसिक संकट से जूझ रहे हैं। वहीं किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नाले की सफाई, जल निकासी और फसल नुकसान का समाधान नहीं किया गया तो वे मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

# सांसद की कारों का काफिला आपस में टकराया, बड़ी दुर्घटना होने से टली

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कानपुर से फर्रूखाबाद की ओर आ रहे सांसद रमेश अवस्थी के काफिले की कुछ गाड़ियाँ अचानक से ब्रेक लगाने पर आपस में टकरा गयीं। जिससे लगभग दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गयीं। जिसमें एक गाड़ी कुछ ज्यादा ही क्षतिग्रस्त हालत में हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर आकर जाँच पड़ताल की।

दरअसल सोमवार को कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी का काफिला कानपुर से फर्रुखाबाद की तरफ आ रहा था। उसी दौरान कमालगंज के फिरोज गांधी जनता इंटर कालेज के निकट अचानक ब्रेक लगने से लगभग तीन गाड़ियां आपस में ही टकरा गयीं। जिससे एक गाड़ी काफी दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। सूचना पर थाना प्रभारी राजीव कुमार दलबल के साथ मौके पर आ गये और उन्होंने जाँच पड़ताल की। किसी कार चालक ने कोई शिकायत पुलिस में नहीं की।



क्षतिग्रस्त कार

थानाध्यक्ष ने बताया की वह मौके पर गये थे, लेकिन उनका आपसी मामला होने के चलते किसी ने भी पुलिस से शिकायत नहीं की। वहीं किसी व्यक्ति के कोई चोट नहीं आई है। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मिस्त्री बुलाकर कार को सही कराने हेतु भेज दिया।

## एसडीएम ने अवैध खनन में जेसीबी को भट्टे से किया जब्त

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने सोमवार को नवाबगंज क्षेत्र के पिलखना गांव में संचालित बजरंग ब्रिक फील्ड पर छापेमारी की। इस दौरान संयुक्त टीम ने अवैध खनन में लगी एक जेसीबी मशीन को मौके से पकड़कर सीज कर दिया। जिसे मेरापुर थाना पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी को क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसी क्रम में एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने खनन अधिकारी के साथ पिलखना गांव स्थित बजरंग ब्रिक फील्ड पर अचानक छापेमारी की। प्रशासनिक टीम को देखते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और



जब्त की गयी जेसीबी

संबंधित लोग भाग खड़े हुए। जांच के दौरान यह सामने आया कि ईंट भट्टे के संचालन की आड़ में बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया जा रहा था। मौके से जेसीबी मशीन को जब्त कर तत्काल प्रभाव से सीज करते हुए पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफअभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सहकारी समिति में लटका ताला, उर्वरक के लिए भटक रहे किसान



समिति में पड़ा ताला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के बरतल स्थित सहकारी समिति कार्यालय में सोमवार को सुबह 11 बजे तक ताला लटका रहा। इससे खाद लेने आए किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। किसानों ने बताया कि वे पिछले दो सप्ताह से खाद के लिए लगातार गोदाम और दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। सोमवार सुबह भी कई किसान अपना काम छोड़कर खाद लेने पहुंचे थे, लेकिन दफ्तर बंद होने के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। खाद न मिलने से परेशान किसानों में नगला दुली निवासी हरिराम, रमेश सिंह, सुरजीत, बदन सिंह और नेत्रपाल शामिल थे। इन किसानों ने बताया कि एक तरफ खेती का समय निकलता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफजिम्मेदार अधिकारी समय पर दफ्तर भी नहीं खोल रहे हैं। सुबह 11 बजे के बाद कंप्यूटर ऑपरेटर जैद खान ने सहकारी समिति का गेट खोला। इसके बाद किसानों को खाद वितरित की गई।

# पत्नी से विवाद को लेकर जीजा साले में मारपीट, दोनों घायल

**कम्पिल/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पति का पत्नी से विवाद हो गया। पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर दी। पत्नी ने मायके में घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे जीजा साले में मारपीट हो गई। जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी दयानंद का उनकी पत्नी पूजा के साथ सोमवार दोपहर को विवाद हो गया। दयानंद ने पत्नी के साथ मारपीट कर दी। मारपीट की सूचना पर बहन पूजा के घर पहुंचे



सीएचसी में पट्टी करवाते जीजा साले

जनपद कासगंज के थाना पटियाली के गांव नौरंगाबाद निवासी भाई रिंकू की भी उसके जीजा दयानंद से मारपीट हो गई। मारपीट ने दोनों जीजा साले घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रदेश लेवल के पदाधिकारी की गलत कार्यशैली से हिन्दूवादी नेताओं ने दिया इस्तीफा



विरोध प्रकट करने पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला महामंत्री सनी गुप्ता ने अपनी पूरी टीम के साथ इस्तीफा दिया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बजरंग दल के कुछ प्रदेष लेवल के पदाधिकारी की गलत कार्यशाली व सूचनाओं को उच्च अधिकारियों तक गलत प्रेषित करने एवं हिंदूवादी, गौरक्षा कार्य अवरोध उत्पन्न करने के कारण पूरी टीम में रोष व्याप्त था। जिससे उन्होंने अपनी पूरी टीम के साथ आज इस्तीफा दिया। जिसमें सनी गुप्ता, आनन्द प्रकाश गुप्ता उर्फ मुन्ना, गौतम कुमार, अनूप सक्सेना, उमाशंकर गुप्ता, शिवम् गुप्ता, सुमित गुप्ता, विनीत बाजपेई, आजाद चंद्र शेखर तिवारी, ईशु दीक्षित, सागर गुप्ता, पंकज राठौर, प्रिंस गुप्ता, हिमांशू गुप्ता, सुभम शर्मा, रबी गुप्ता, अतुल गुप्ता के नाम शामिल है।

# आशाओं ने मांगों को लेकर निकाला मार्च

- सीएमओ कार्यालय पर आठ दिन से अनिश्चितकालीन धरना जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ स्थित सीएमओ कार्यालय में आशा कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर आठ दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी हैं। सोमवार को उन्होंने एक मार्च भी निकाला और जमकर नारेबाजी की। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स एसोसिएशन के बैनर तले यह धरना जारी है। आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उनकी प्रमुख मांगों में उन्हें स्थायी कर्मचारी घोषित करना और




पैदल मार्च निकालतीं आशा कार्यकर्ता

मानदेय बढ़ाकर 20,000 रुपये करना शामिल है। आशा कार्यकर्ता शकुंतला ने बताया कि वे वाउचर प्रणाली को समाप्त कर एकमुश्त धनराशि दिए जाने की भी मांग कर रही हैं। इसके अतिरिक्त आशा कार्यकर्ता राज्य कर्मचारी घोषित किए जाने, कई महीनों से लंबित आधार भुगतान को जल्द से जल्द जारी करने, ईपीएफ का सदस्य बनाने और 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने की मांग कर रही हैं। शिमला, मिथलेश सोलंकी और कविता राजपूत सहित अन्य आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनकी कुल 14 मांगें हैं। जिन्हें पूरा करने के लिए वे संघर्षरत हैं।

# चोरों ने दो घरों से हजारों का सामान किया पार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए हजारों का सामान चोरी कर लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद के गांव पसियापुर निवासी जिलेदार और लखमीचंद पुत्र हवलदार पिछले कुछ वर्षों से हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में परिवार सहित रह रहे हैं। उनके दोनों घरों में ताले लगे हुए थे। बीती रात अज्ञात चोर पिछवाड़े की दीवार के सहारे घर में दाखिल हुए। कमरों के ताले तोड़ने की खटपट की आवाज सुनकर कुछ ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर.शराबा सुनकर चोर चोरी के माल सहित भाग



चोरों द्वारा तोड़ी गयी सेफ दिखवाता गृहस्वामी

खड़े हुए। ग्रामीणों ने लाठी-डंडों के साथ उनका पीछा किया। जिस पर चोरों ने फायरिंग कर दी। फायरिंग के बाद ग्रामीण दहशत में आ गए और चोर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। ग्रामीणों को एक बाग में कुछ घरेलू सामान बिखरा हुआ मिला। पीड़ित गृहस्वामी के भाई मनीष कुमार ने बताया कि चोरी हुए सामान का पूरा विवरण भाइयों के आने के बाद ही पता चल पाएगा। मनीष कुमार ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी है। चोरी की इन घटनाओं के संबंध में थानाध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है, लेकिन जल्द ही इन घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

# आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण से संबंधित डीएम ने की समीक्षा

▸ लापरवाह अधिकारियों पर की जायेगी कार्रवाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण से संबंधित समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने आईजीआरएस संदर्भों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए गए कि निस्तारण आख्या में आवश्यक साक्ष्य अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाएं। साक्ष्य के रूप में शिकायतकर्ता से संपर्क, स्थलीय निरीक्षण तथा शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति में दो पड़ोसियों के बयान सहित आख्या अपलोड की जाए। डीएम ने शिकायतकर्ताओं से संपर्क न करने वाले अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आवेदकों से संवाद न किया जाना अनुशासनहीनता ही नहीं, बल्कि गंभीर अपराध है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत शिकायतकर्ताओं से अनिवार्य रूप से वार्ता की जाए। आवेदकों से संवाद न करने के क्रम में सीडीपीओ शमसाबाद, प्रबंधक दुग्ध विकास, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद, खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियंता विद्युत सहकारिता विभाग, सीएचसी नवाबगंज, सीएमओ एवं बीईओ नवाबगंज को विशेष रूप से निर्देशित किया गया। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी प्रतिदिन कार्यालय पहुंचकर सर्वप्रथम आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा करें तथा शिकायतों का निस्तारण स्वयं की निगरानी में कराना सुनिश्चित करें। प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की जाए। यदि कोई संदर्भ संबंधित अधिकारी से संबद्ध नहीं है, तो उसे उसी दिन अथवा अगले दिन अनिवार्य रूप से वापस किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि डिफाल्टर होने से कम से कम 05 दिन पूर्व आईजीआरएस पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण एवं सुस्पष्ट निस्तारण आख्या अपलोड की जाए। जिन अधिकारियों की लापरवाही से डिफाल्टर संदर्भ बनेंगे या जनपद की रैंकिंग प्रभावित होगी, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), एसडीएम सदर, सीओ सिटी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद डीएम व अन्य

# सपा नेता अजीत यादव ने गरीबों की मदद करने का उठाया बीड़ा

▸ सुनीता मिश्रा को राशन सामग्री व कंबल देकर पहुंचायी राहत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने गरीबों की मदद करने का बीड़ा उठाया है। उन्हें पता चला कि ब्लाक राजेपुर में एक बहुत गरीब परिवार है, महिला के पति का निधन हो चुका है। ऐसे में वह बच्चों का पेट पालने में बहुत परेशानी होती है। सपा के जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव को जानकारी मिली तो उन्होंने सुनीता मिश्रा पत्नी स्व0 सुनील मिश्रा की मदद करने का आश्वासन दिया और मौके पर पहुंचकर उनको राशन एवं कम्बल आदि देकर सहायता दी। अजीत यादव ने कहा कि इस तरह की मदद मैं हमेशा करता रहूंगा। जरुरतमंदों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने इससे पूर्व गरीब व असहाय लोगों के मकान बनवाने में भी मदद की और जरुरतमंदों की समय-समय पर मदद करते रहते है। सुनीता मिश्रा को राशन सामग्री मिलते ही उनका चेहरा खिल उठा। उन्होंने अजीत यादव को आशीर्वाद दिया।


सुनीता मिश्रा को कम्बल उड़ाते अजीत यादव

# अलाव बने ठंड में सहारा, शमशाबाद में जगह-जगह जलाये गये अलाव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत शमशाबाद के द्वारा हाड़ कपाऊ ठंड से बचाव के लिए 17 दिसम्बर से लगातार अलाव जलाये जा रहे है। बड़ी संख्या में स्थानों को चिन्हित कर अलाव जलाये गये। प्रमुख रुप से मैन चौराहा, बाल्मीकि मंदिर के पास, पीएनबी बैंक के पास, गंगा रोड, अमर सिंह की फड़ के पास, थाना शमशाबाद में, बस स्टैण्ड, गंगा रोड, टेंपो स्टैण्ड, मुकीव चक्की के पास, बाजार कला रानी मंदिर के पास, महादेव मंदिर, अस्थायी रैन बसेरा के पास, दलमीर खां मस्जिद के पास, दिल्लू शाह चौराहा के पास, इमली दरवाजा, मोहम्मद बाग, अलेपुर, कटरा, जटपुरा, मुबारकपुर, सिकंदरपुर, इमादपुर, काजी टोला, सैदवाड़ा आदि मोहल्लों में रोजाना अलाव जलाये जा रहे है। कर्मचारी, सुबह शाम जलाने की जिम्मेदारी ली है। वार्ड नम्बर 4 में जोया शाह द्वारा अलाव जलवाया गया। जानकारी देते हुए दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि जब तक सर्दी रहेगी तब तक अलाव जलते रहेंगे। जिससे किसी भी व्यक्ति को परेशानी न हो। नगर पंचायत शमसाबाद की ओर से व्यवस्था सुनिश्चित है। बिना भेदभाव के साथ अलाव जलाने का कार्य जारी रहेगा।


अलाव तापता युवक

# दबंगों से जमीन कब्जा मुक्त कराने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद के वार्ड रविदास नगर में जाटव समाज की शमशान भूमि पर दबंगों द्वारा बीती रात कब्जा करने का प्रयास किया। इस संदर्भ में समाज के लोगों न कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारी को सौंपा।

मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जिसमें मांग की कि मोहम्मदाबाद क्षेत्र के वार्ड रविदास नगर जाटव समुदाय की जमीन है, जो नगर पंचायत मोहम्मदाबाद के अन्तर्गत भूमि है। जिस पर कई पीढ़ियों की पुस्तैनी जमीन पर शमशान है। उस भूमि पर कच्ची व पक्की कब्रे बनी हुई है। रात्रि में दबंगों द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया गया। सुरेश यादव पुत्र इझब्बू यादव, मनोज यादव पुत्र सुरेश यादव ने अनाधिकृत रूप से न्यास भरना शुरू कर दी है एवं कब्जा कर रहे हैं। जहाँ पर पक्की कब्रें बनी हुई हैं वहाँ पर कब्जा करने की नियत से गोबर कूडा डाल दिाया। दबंगों को अपराधियों से संरक्षण प्राप्त है और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। ऐसे लोगों पर कार्यवाही की जाये और जमीन को कब्जा मुक्त करायी जाये। इस दौरान जागेश्वर दयाल, महावीर, अमीर सिंह, सोवरन, सुनील कुमार, हेमराज, श्याम सिंह, राजेश कुमार, राजवीर सिंह, महेश चन्द्र, ध्यान सिंह, अनोज कुमार, विनवेश, रामनाथ, कमल, रामदास, धर्मवीर, दीपक, राजीव कुमार, पूरन, अशोक कुमार, हाकिम, अरविन्द के अलावा उनके परिवार की बड़ी संख्या में महिलायें मौजूद रही।


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देती महिलायें

## उधारी के रुपये मांगने पर दबंग ने की गाली-गलौज

**फर्रूखाबाद।** उधारी के पैसे मांगने पर दबंग गाली-गलौज कर मारपीट पर अमादा हो गया। पीड़ित ने घटना के संबंध में आईटीआई चौकी में शिकायत कर दबंग द्वारा उधार लिये गये पैसे दिलाये जाने व कार्यवाही की मांग की। थाना कादरीगेट के क्षेत्र सातनपुर निवासी गोपाल द्विवेदी व शिवम द्विवेदी पुत्रगण रामकिशोर द्विवेदी ने आईटीआई चौकी पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि पड़ोसी श्याम सुन्दर बाजपेई ने कुछ समय पहले 50 हजार रुपये नगद लिए थे, और कुछ दिन बाद वापस करने की बात कही थी। जब हम लोग रुपए मांगने के लिए फोन करते हैं तो श्याम सुंदर बाजनेयी फोन नहीं उठाते हैं। बीते दिन श्याम सुंदर आये और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट पर अमादा हो गये और रुपये देने से मना कर दिया। इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।



सेमिनार में मौजूद कोच व खिलाड़ी

## आदित्य पाल ने लखनऊ सेमिनार में प्राप्त की ब्लैक बेल्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इंटरनेशनल कराटे ट्रेनिंग शिविर का आयोजन लखनऊ के चौक स्टेडियम में 27 और 28 दिसंबर को किया गया। क्योंशी जसपाल जॉइंट सेक्रेटरी कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन ने आयोजित किया। सेमिनार इंटरनेशनल कोच और मग वर्ल्ड चैम्पियन सेंसई मेहरान (ईरान) के द्वारा बच्चो को ट्रेनिंग दी गयी। जिले की वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान की टीम के पुष्कर भारद्वाज, अर्पिता भारद्वाज, तनिष्का दीक्षित, अभ्या मिश्रा, आदित्य पल ने भाग लिया। कोच सेंसई पारस भारद्वाज ने बताया की यह बच्चे अभी नेशनल स्तर के कार्यक्रम में भाग ले चुके है। यह सेमिनार इनके ज्ञान को बढ़ायेगा। बच्चों ने इंटरनेशनल स्तर की बारीकियां सिखी जो बच्चो के आगे बढ़ने मे सहयोग करेंगी। आदित्य पाल ने ब्लेक बेल्ट प्राप्त की। ब्लैक बेल्ट प्राप्त करके आदित्य पाल ने जनपद का मान बढ़ाया है। संरक्षक मिथलेश अग्रवाल, सुशील शाक्य, सुमन राठौर आदि ने बधाई दी।

# डीएम ने मेला श्रीराम नगरिया की तैयारियों की ली बैठक


बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

▸ विकास प्रदर्शनी में लगने वाले विभागीय स्टाल बिना अनुमति के नहीं होंगे खाली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में 03 जनवरी 2026 से 03 फरवरी तक आयोजित होने वाले मेला श्री रामनगरिया के अंतर्गत लगने वाली विकास प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित किए जाने वाले स्टॉलों की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

डीएम ने निर्देशित किया कि विकास प्रदर्शनी में जो भी विभाग अपना स्टॉल लगाएगा, वह बिना पूर्व अनुमति के स्टॉल खाली नहीं करेगा।

इस वर्ष विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ मेले के साथ ही 03 जनवरी को किया जाएगा। विकास प्रदर्शनी में कुल 30 विभागों के 40 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यो की जानकारी आमजन को दी जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# निराश्रित, असहाय व वृद्ध महिलाओं में बांटे गये कम्बल


कंबल वितरित करते सांसद व डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में तहसील सदर प्रशासन द्वारा कंबल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद मुकेश राजपूत एवं जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने 400 वृद्धजनों, महिलाओं एवं निराश्रित/असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए। अतिथियों ने जरूरतमंद लोगों को शीतलहर से बचाव हेतु हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयोजन में उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर सहित तहसील के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सर्राफा एसोसिएशन कमेटी का हुआ गठन

▸ अमित वर्मा अध्यक्ष व आशीष वर्मा बने महामंत्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सर्राफा एसोसिएशन भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जनपदीय कार्यकारिणी घोषित की गई। कमेटी में अध्यक्ष अमित वर्मा, महामंत्री आशीष वर्मा व कोषाध्यक्ष आनंद वर्मा बनाये गये। संगठन मंत्री अंकित वर्मा, पवन वर्मा को मिली।

मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सुरेश चन्द्र वर्मा को मिली। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय वर्मा बने। उपाध्यक्ष अजीत वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा बने।

मंत्री शिवम वर्मा, रिंकू वर्मा, ओम वर्मा को बनाया गया है। जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने कहा कि संगठन का विस्तार कार्य चल रहा है। सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर चेयरमैन सुभाष चन्द्र अग्रवाल, राजीव पुरवार, आनंद मोहन वर्मा, अतुल शंकर दुबे, प्रीति पवन तिवारी, जुल्फिकार अली, आशीष कुमार, अर्चना द्विवेदी, श्रद्धा दुबे, सरस्वती देवी, डॉ0 निधि मिश्रा, डॉ. गायत्री मिश्रा आदि मौजूद रहे।


स्वागत के दौरान मौजूद नवीन पदाधिकारी

# शारीरिक व मानसिक विकास का उत्सव बना माउंट लिट्रा का खेल दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माउंट लिट्रा जी विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी की पत्नी डा0 वंदना द्विवेदी का स्वागत चेयरमैन वरुण गंगवार व विद्यालय की प्रबंधिका रंजना चौधरी तथा प्रधानाचार्या रबाब आब्दी ने किया। शुभारंभ मुख्य अतिथि आकांक्षा समिति की अध्यक्षा प्रोफेसर डॉ0 वंदना द्विवेदी ने दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में अभिभावक, विद्यालय की प्रधानाचार्या, समस्त शिक्षकगण, खेल प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि डॉ. वंदना द्विवेदी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों के माध्यम से अनुशासन, समय-प्रबंधन, टीम भावना, आत्मविश्वास तथा हार-जीत को समान भाव से स्वीकार करने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही इतनी ठंड होने के बाद बच्चों तथा विद्यालय प्रबंधन टीम, अध्यापकों का अदम्य उत्साह देखकर उन्होंने सभी लोगों की प्रशंसा की। खेल दिवस का शुभारम्भ विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट से किया गया। छात्राओं ने स्वागत नृत्य की प्रस्तुति कर आये समस्त अतिथियों का स्वागत किया। प्लेग्रुप में कक्षा सात के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें क्रिसमस डांस, रिबन डांस, बैडमिंटन व बैट डांस कर लोगों से सराहना बटोरी। कक्षा आठ के छात्रों द्वारा पिरामिड का प्रदर्शन किया गया। छोटे बच्चों ने ताइक्वांडो के नये आयामों को सबके सामने दिखाकर सबको हैरत में डाल दिया। खेल दिवस के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें विद्यालय के नन्हें विद्यार्थियों की गुब्बारा रेस, खरगोश रेस, कोन रेस, रिले रेस, लंबीकूद, संतुलन दौड, डिस्कस थ्रो, भाला फेंक, शॉटपुट तथा टीम खेल प्रमुख रहे। जूनियर और सीनियर गर्ल्स-व्याय की 100 मीटर रेस, रिले रेस ने भी सभी प्रतियोगियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपने अपने हाउस का प्रतिनिधित्व किया। पूरे खेल दिवस के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों में अपार उत्साह देखने को मिला। खेल मैदान में अनुशासन, समर्पण और सहयोग की भावना स्पष्ट दिखाई दी, जो विद्यालय के संस्कारों को दर्शाती है। जोश और खेल भावना के नाथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। दर्शकों ने प्रतिभागियों का तालियों से उत्साहवर्धन किया।

विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा सभी बच्चों को निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश प्रबंधिका डॉ0 रंजना चौधरी ने देते हुए शुभ कामनाएं दीं। पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।


खेल दिवस पर छात्राओं के साथ मुख्य अतिथि व बच्चे

## रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेला आईटीआई में आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में 30 दिसम्बर मंगलवार को रोजगार मेला/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसमे 05 कम्पनियां (हायर एप्लाइन्स इण्डिया प्रा.लि. पुणे-50, फिट इण्डिया ऑटो मोबाइल प्रा.लि. पुणे-50, श्री राम पिस्टन एण्ड रिगं लि0 गाजियाबाद-50, मॉर्डन आटो मोबाइल पंजाब-50 और जे.सी.बी. इण्डिया लि. फरीदबाद-50) प्रतिभाग कर रही हैं एवं रिक्तियों की संख्या कुल 200 है। जिसमें इण्टर मीडिएट, आई.टी.आई, डिप्लोमा, ग्रेजुएट एवं बी.टेक के पास अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। अभ्यार्थी अपने दस्तावेज लेकर रोजगार मेले प्रतिभाग करें।

## कुठौंदा बुजुर्ग में अंत्येष्टि स्थल निर्माण कराने की उठाई मांग

**जालौन (उरई)।** गांव में अन्यत्येष्टि स्थल न होने से लोगों को अपने प्रियजनों की अंत्येष्टि क्रिया के लिए परेशान होना पड़ता है। गांव में अंत्येष्टि स्थल बनवाने की मांग ग्रामीण ने आईजीआरएस के माध्यम से की थी। इस मांग पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता को अवगत कराया गया है कि जनपद में 11 गांवों में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जाना है, जिनके चयन की कार्रवाई की जा रही है। विकास खंड के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके गांव में अन्त्येष्टि स्थल न होने से लोगों को अपने प्रियजनों के अंतिम संस्कार के लिए परेशान होना पड़ता है। गर्मी के मौसम में जहां लोगों को तपती धूप में खड़ा होना पड़ता है। तो बारिश के मौसम में स्थिति और भी विकट हो जाती है। यदि बारिश हो रही हो अंतिम संस्कार के लिए यह तो कहीं और जाना पड़ता है या फ्रि बारिश रूकने का इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा था कि गांव में अंत्येष्टि स्थल को विकसित कर पर्याप्त इंतजाम किए जाएं ताकि लोगों को अपने प्रियजनों के अंतिम संस्कार के लिए परेशान न होना पड़े। इस शिकायत का निस्तारण करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी ने शिकायतकर्ता को लिखित रूप से अवगत कराया है कि जनपद में 11 अंत्येष्टि स्थलों को विकसित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पहले ग्राम पंचायत के चयन की कार्यवाही की जाती है। ग्राम पंचायत का चयन होने के बाद अंत्येष्टि स्थल का विकास किया जाता है। अभी ग्राम पंचायत के चयन की प्रक्रिया जारी है। ग्राम पंचायतों का चयन होने के बाद अंत्येष्टि स्थल का निर्माण करा दिया जाएगा।

# मीटर बदलने की शिकायत पर उपभोक्ता का कटवा दिया कनेक्शन

**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।**

माधौगढ़ क्षेत्र में विद्युत विभाग की मनमानी का अजीबो गरीब मामला प्रकाश में आया है। एक स्थानीय उपभोक्ता संख्या 1853181000 ने बताया कि 10 सितंबर 2025 को उन्होंने 1912 हेल्पलाइन पर मीटर खराब होने की शिकायत दर्ज कराई थी। यही नहीं विभाग के व्हाट्सऐप नंबर पर भी कई बार मीटर बदलने के लिए संदेश भेजे गए, लेकिन महीनों बीत जाने के बावजूद मीटर नहीं बदला गया। उपभोक्ता का कहना है कि खराब मीटर के बावजूद वह हर माह बिल का समय से भुगतान कर रहे हैं, जबकि बिल हजारों में आ रहा है। उनके घर में चोरी का संदेह नहीं है, फ्रि भी एसडीओ माधौगढ़ ने अचानक बिजली कनेक्शन कटवा दिया। आरोप है कि अब विभाग न तो नया मीटर लगाने दे रहा है और न ही लाइन पुनः जोड़ रहा है।

जबकि नियमों के अनुसार बिजली चोरी या कई बार नोटिस देने के बाद बकाया जमा न करने पर ही विद्युत कनेक्शन काटा जा सकता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि इससे पहले भी विभाग के खिलाफ कई शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि एसडीओ उपभोक्ताओं के साथ अभद्रता करते हैं और मनमर्जी से कार्रवाई कर रहे हैं।

# स्थायी सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर ईओ को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्थायी सफाई कर्मचारियों/बैंकलाग कर्मचारियों की मांगों को लेकर स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को मांग पत्र सौंपा। संघ पदाधिकारियों ने ईओ को बाबा साहब का चित्र भी भेंट किया। मांग पत्र में स्थाई सफाई कर्मचारियों को बरिष्ठता सूची के आधार पर पदोन्निति की जायें। स्थाई सफाई कर्मचारियों के वेतन प्रतिमाह की जा रही कटौती की बैंक पासबुक प्रत्येक वर्ग के कर्मचारियों को उपलब्ध करायी जायें। समस्त श्रेणी के सफाई कर्मचारियों को वेतन प्रतिमाह 5 तारीख तक दिया जायें। प्रत्येक कर्मचारियों को सर्दी के मौसम के दृष्टिगत गरम वर्दी उपलब्ध करायी जायें। वर्तमान स्थाई सफाई कर्मचारियों को रिक्त सफाई नायक के पद पदोन्नत किया जायें। स्थायी सफाई कर्मचारियों की योग्यता को देखते हुए चपरासी/लिपिक के पद पर पदोन्नत किया। स्थायी मृतक आश्रित के रूप में की गयी नियुक्ति का स्थायीकरण के वेतन से प्रति माह फण्ड की कटौती की जायें। अवैध रूप से किये प्रमोशन को रिक्त कर वरिष्ठता के आधार पर प्रमोशन किये जाये। मृत्तक आश्रित के परिवारों के वेतन को साथ ही पेंशन दी जाये। संघ के लिए कार्यालय की व्यवस्था की जायें। समस्त ठेका सफाई कर्मचारियों को प्रतिमाह पी.एफ. कटौती की जा रही उसके स्टेटमेण्ट की कॉपी उपलब्ध करायी जाये। लगभग पाँच माह से कर्मचारियों का पी.एफ. ठेकेदार के द्वारा जमा नहीं किया गया है।


ईओ को बाबा साहब का चित्र भेंट करते पदाधिकारी


## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः-772/न0पं0 टेण्डर नोटिस/2025-26/शमसाबाद    दिनांक 29 दिसम्बर, 2025

### अति अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर के **"सीवरेज एवं जल निकासी"** योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट बेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 30/12/2025 से 19/01/2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उपलब्ध है जो कि वेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 19/01/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमां करना अनिवार्य होगा।

| क्र0सं0 | नगर पंचायत | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 30.12.2025 12:00 बजे | |
| 2 | Tender Close Date | 19.01.2026 2:00 बजे | |

श्रीकिशन
अवर अभियंता सिविल
न0पं0 शमसाबाद (फर्रुखाबाद)

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शमसाबाद
जनपद फर्रुखाबाद

जोया शाह
अध्यक्ष
नगर पंचायत शमसाबाद
जनपद फर्रुखाबाद

# दबंगों ने महिला के घर पर हमला कर की तोड़फोड़

- जेवरात-नकदी लूट, भैंस-गाय ले भागे
- पीड़िता परिवार सहित एसपी को लिखित शिकायत पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार



बांदा, समृद्धि न्यूज।

जिले के मटौंध थाना क्षेत्र के ग्राम खैराडा में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। एक महिला ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोगों ने हथियारों से लैस होकर उनके घर में घुसकर तोड़फोड़ की, दरवाजे और दीवार गिरा दी, सोने-चांदी के जेवरात सहित 80 हजार रुपये नकद ले गए और पशुओं को लेकर फरार हो गए। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं कि पुलिस ने आरोपियों का साथ दिया और उनके परिवार के सदस्य को बंधक बनाया। पीड़िता पारूल (पत्नी राजेंद्र प्रसाद), जो खैराडा गांव की निवासी हैं, ने थाना प्रभारी मटौंध को भी दी गई शिकायत में बताया कि 26 दिसंबर 2025 की रात करीब 10 बजे गांव के अवधेश और नरेश (दोनों पुत्र स्वर्गीय वंशगोपाल), हरिओम तिवारी (पुत्र भागवत प्रसाद तिवारी), मुन्ना (पुत्र धरमपाल), जनक नंदनी (पत्नी अवधेश), गुड़िया (पत्नी नरेश) और कुसमा (पुत्री वंशगोपाल) हथियारों से लैस होकर उनके घर में घुस आए।आरोपियों के पास एकनाली बंदूक, शब्बल, कुदाली और लोहे की रॉड थी। उन्होंने घर के दरवाजे तोड़ दिए और ईंट की दीवार गिरा दी। पीड़िता ने तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने बताया कि अगले दिन 27 दिसंबर को सुबह फिर सूचना देने पर पुलिस मौके पर आई और दोनों पक्षों को थाने बुलाया।

शिकायत के अनुसार, थाने में दरोगा जी ने पीड़िता के ससुर रामभवन को बंद कर दिया और आरोपियों से कहा कि जाओ, गांव जाकर रामभवन के घर को उजाड़ दो। इसके बाद आरोपी फिर घर आए, पीड़िता को धक्का-मुक्की कर बाहर निकाला, घर में रखे जेवरात और 80 हजार रुपये छीन लिए तथा भैंसों और गायों को ले भागे। पीड़िता ने परिवार सहित पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत पत्र दिया है तो वहीं पुलिस अधीक्षक ने पीड़िता को न्याय का भरोसा दिलाया है।

# जंगल से अज्ञात युवती का मिला शव,जांच जारी



जसपुरा बांदा, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के तरौहा गांव के जंगलों में सोमवार को लगभग 25 वर्षीय युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।शव की सूचना चरवाहों के माध्यम से थाना प्रभारी अनिल कुमार को दी गई।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया।जानकारी मिलने पर फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।पुलिस ने घटनास्थल को घेराबंदी कर सुरक्षित किया। प्रारंभिक तौर पर शव अविवाहित युवती का प्रतीत हो रहा है और शव एक दो दिन पुराना माना जा रहा है।घटना स्थल पर मोबिस टॉक,सी.ओ सदर राजवीर सिंह गौर ने पहुंचकर पड़ताल किया। शांति व्यवस्था की दृष्टि से पैलानी थाना प्रभारी राजेश कुमार भी अपनी टीम के साथ में पहुंची।थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि जंगल में एक अज्ञात युवती का शव मिला है।शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए, जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।पुलिस शिनाख्त कराने और मामले की हर पहलू से जांच में जुटी हुई है।वहीं क्षेत्र में अज्ञात युवती का शव मिलने पर सनसनी फैल गई है।घटना स्थल से कुछ दूरी पर खून की बूंदे मिली हुई है।

### पेयजल आपूर्ति का समय बदला

बांदा। लगातार पड़ रही भीषण सर्दी को देखते हुए जल संस्थान ने पेयजल आपूर्ति के समय में परिवर्तन कर दिया है। अधिशाषी अभियंता चित्रकूट धाम मण्डल जल संस्थान बांदा शिवराज वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 दिसंबर 2025 से शहर के बाम्बेश्वर जोन, अलीगंज जोन, कटरा जोन और सिविल लाईन जोन की पेयजल आपूर्ति सुबह 6.30 बजे से 7.30 बजे तक होगी।

### ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

निघासन-खीरी। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के आह्वान पर पत्रकारों की समस्याओं और सुविधाओं की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सोमवार को क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा को सौंपा गया। ज्ञापन में ग्रामीण पत्रकारों की सुरक्षा, मान्यता, स्वास्थ्य, यात्रा सुविधा और हित संरक्षण जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। एसोसिएशन ने तहसील स्तर पर मान्यता प्रक्रिया में संशोधन, स्थाई हित संरक्षण समिति गठन, आयुष्मान भारत योजना का लाभ, परिवहन निगम बसों में निशुल्क यात्रा, दारुलशफा में कार्यालय, प्रदेश स्तरीय समितियों में प्रतिनिधित्व तथा पत्रकारों से जुड़े मामलों में थाने के बाद ही एफआईआर दर्ज करने की मांग की। इस अवसर पर जेपी मिश्रा, दिलीप यादव, सतीश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, राकेश मौर्य, शरद मिश्रा, विकास दीक्षित, राजू गिरि, अख्तर अली, असगर अली, सोनू सिंह, अभिषेक गुप्ता, मो० यूसुफ लल्ला, प्रशांत पाण्डेय, संजीव श्रीवास्तव, आनंद विनोद गुप्ता, दिवाकर त्रिपाठी, आर.के. चौहान, शहनूर अली समेत बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# मास्टर हज ट्रेनर के लिए हाजी आरिफ खान का हुआ पुनः चयन



बांदा, समृद्धि न्यूज। आगामी पवित्र हज यात्रा में हज यात्रियों को बेहतर सहूलियत और सुविधा प्रदान करने के लिए हज कमेटी आफ इंडिया, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने देशभर से प्रत्येक 150 हज यात्रियों पर एक हज मास्टर ट्रेनर का सीबीटी परीक्षा व इंटरव्यू द्वारा चयन किया गया है, इस क्रम में बाँदा निवासी भाजपा नेता, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड आफ इंडिया के मेंबर हाजी आरिफ खान का चयन हुआ, इनको लिखित परीक्षा में 100 में 82 व इंटरव्यू में 20 पर 20 अंक प्राप्त हुए, हाजी आरिफ खान हज यात्रियों की लगभग 15 वर्षों से अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, चयन सेंट्रल हज कमेटी, मुंबई द्वारा किया गया सभी चयनित हज मास्टर ट्रेनरों की मुख्य ट्रेंनिंग मुंबई में होगी, उनको जनवरी माह में मुंबई बुलाया जाएगा इसके बाद व संबंधित जिलों में अपनी ट्रेनिंग व सेवाएं देंगे, हज कमेटी द्वारा चयनित मास्टर हज ट्रेनर हाजी आरिफ खान ने बताया उनको जो निर्देश हज कमेटी, मुंबई द्वारा प्राप्त होंगे उन सभी कार्यों को बहुत बेहतरीन ढंग से निर्वहन करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे, उनके इस चयन से उनके सहयोगी और चाहने वालों ने मुबारकबाद पेश की हर्ष व्यक्त किया, उनके आवास बधाई देने वालों का ताँता लगा रहा, इनका पुनः चयन हुआ है, वर्तमान में भी है वह मुख्य हज ट्रेनर है।

# फायरिंग करने वाले आरोपी गिरफ्तार, अवैध तमंचा बरामद

जसपुरा बांदा, समृद्धि न्यूज।



थाना क्षेत्र के ग्राम गड़रिया में मामूली विवाद के दौरान एक-दूसरे पर जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचों से फायरिंग करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो अवैध तमंचे,एक खोखा कारतूस और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, बीती 26 दिसंबर की शाम थाना क्षेत्र के ग्राम गड़रिया में दो पक्षों के बीच किसी मामूली बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचों से फायरिंग कर दी।

घटना के संबंध में दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर दी गई थी। प्राप्त तहरीरों के आधार पर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार को दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अभय सिंह पुत्र रामबाबू सिंह और अभिषेक यादव पुत्र रामनिवास यादव, दोनों निवासी ग्राम गड़रिया रूप में हुई है। पुलिस ने अभिषेक यादव के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा तथा अभय सिंह के कब्जे से अवैध तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ थाना जसपुरा में अलग-अलग मुकदमे पंजीकृत किए गए हैं, जिनमें भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के साथ 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार, उपनिरीक्षक आकाश, कांस्टेबल गौरव परिहार और कांस्टेबल दिलीप कुमार शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# साली को लेकर जीजा फरार



बांदा, समृद्धि न्यूज।

जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक महिला ने अपने पति पर अपनी सगी बहन को बहला-फुसलाकर अपहरण करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल को सौंपे प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका पति 10 दिसंबर 2025 को दोपहर लगभग 2:30 बांदा शहर से उनकी बहन को सिलाई के कपड़े देने के बहाने रास्ते में रोककर कहीं ले गया। पीड़िता जो खुद एक गृहिणी हैं और तीन बच्चों 12 वर्षीय बेटे , 6 वर्षीय और 15 वर्षीय बेटी की मां हैं, ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र में लिखा है कि घटना के बाद से उनका परिवार रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चे और वह खुद दर-ब-दर भटक रहे हैं, भूखे-प्यासे दिन काट रहे हैं। पीड़िता को डर है कि उनका पति, जो बेहद शातिर किस्म का व्यक्ति है और सिलाई का काम करता है, बहन को बेच देगा या उसकी हत्या कर देगा। शिकायती पत्र में पीड़िता ने पुलिस से अपील की है कि उनकी दयनीय हो स्थिति को देखते हुए तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए और आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# संयुक्त निदेशक ने वृद्धाश्रम ओयल में स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा, टीबी-जांच व परीक्षण करवाया



ओयल खीरी, समृद्धि न्यूज।

संयुक्त निदेशक डॉ. अमित सिंह ने ओयल स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां संचालित स्वास्थ्य शिविर का भी जायजा लिया और उपस्थित वृद्धजनों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं, उपचार व्यवस्था व जांच प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि संयुक्त निदेशक के निरीक्षण के दौरान ओयल वृद्धाश्रम में टीबी संबंधी जांच के अंतर्गत कुल 25 वृद्ध जनों के एक्स-रे कराए गए। वहीं लक्षणयुक्त 9 व्यक्तियों के बलगम सैंपल जांच हेतु एकत्र किए गए।

शिविर में 56 लोगों की डायबिटीज की जांच भी की गई। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर वृद्धजन संतुष्ट दिखाई दिए और व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक भी साझा किया। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद रावत, चिकित्सक जेड ए खान, डिप्टी डीटीओ डॉ. नवीन गुप्ता एवं जिला क्षय रोग कार्यालय की टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वृद्धजनों के स्वास्थ्य हित के लिए आगे भी इसी तरह नियमित जांच शिविर और आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाती रहेंगी।

# सदर विधायक और पालिका अध्यक्ष ने वितरित की राहत सामग्री



बांदा, समृद्धि न्यूज।

- ई-रिक्शा चालकों को मिली जैकेट

भीषण ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए नगर पालिका बांदा द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। शहर के अवस्थी पार्क में आयोजित एक विशाल कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए 1000 से अधिक जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु कंबल और जैकेट वितरित किए। जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया मदद का हाथ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी मौजूद रहे। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती बासू, भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत और पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू ने शिरकत की। अतिथियों ने स्वयं अपने हाथों से वृद्धजनों को कंबल ओढ़ाए और मेहनत कश ई-रिक्शा व रिक्शा चालकों को जैकेट प्रदान की। अंतिम पायदान तक मदद पहुँचाना लक्ष्य इस अवसर पर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि सरकार और स्थानीय प्रशासन का लक्ष्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की सेवा करना है। पालिका अध्यक्ष मालती बासू ने कहा कि कड़ाके की ठंड में श्रमिक वर्ग और बुजुर्गों को राहत देना हमारी प्राथमिकता है, इसी उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है। अधिकारियों और समाजसेवियों की रही उपस्थिति कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, विभिन्न वार्डों के सभासद और शहर के गणमान्य समाजसेवी उपस्थित रहे। समाजसेवियों ने नगर पालिका की इस संवेदनशीलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गरीब तबके को संबल मिलता है। चेहरों पर दिखी मुस्कान कंबल और जैकेट पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। सहायता प्राप्त करने वाले नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में अधिशासी अधिकारी ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### संत भगवान दास की पुण्यतिथि पर प्रसाद वितरित

बांदा। जनपद के सुप्रसिद्ध तीर्थ पहाड़ी बाबा धाम में मंगलवार को पूज्य संत श्री श्री 1008 भगवान दास जी बैरागी महाराज की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में वार्षिक प्रसाद वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूज्य संत श्री श्री 1008 बलराम दास जी बैरागी महाराज ने किया। इस दौरान धाम परिसर में सुबह से ही दूरकृदूर से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिसके चलते पूरे क्षेत्र में भक्ति का वातावरण बना रहा। समारोह की शुरुआत मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और दीप-प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्र म आयोजित हुआ, जिसमें हज़ारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर संत भगवान दास जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। भक्तों ने संत परंपरा, सेवा और समर्पण की सीख को आत्मसात करते हुए संत भगवान दास जी की शिक्षा को समाजकल्याण का मार्ग बताया। इस अवसर पर पूज्य संत बलराम दास जी बैरागी महाराज ने कहा कि संतों की परंपरा समाज को सेवा, सद्भाव और मानवीय मूल्यों का मार्ग दिखाती है। पुण्यतिथि केवल स्मरण नहीं, संकल्प का अवसर भी है। कार्यक्रम के समापन पर जयघोष और कीर्तन के बीच भक्तजन आध्यात्मिक ऊर्जा और शांति के साथ अपने गंतव्य की ओर लौटे। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय संत-महात्माओं, सेवादारों और श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

# बरवर जाहनीखेड़ा रोड पर हरे-भरे पेड़ों की हो रही अवैध कटान

पसगवां खीरी समृद्धि न्यूज।

पसगवां थाना क्षेत्र की बरवर चौकी अंतर्गत बरवर-जाहनीखेड़ा रोड पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पीछे हरे-भरे पेड़ों की लगातार कटान का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में रोजाना दिन-रात आरा चल रहा है, लेकिन संबंधित अधिकारियों को पूर्व में जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बरवर-जाहनीखेड़ा रोड स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पीछे आम के हरे-भरे वृक्ष काटे गए हैं। बताया जा रहा है कि आम के पेड़ों के लिए लगभग 30 पेड़ों का परमिट था, लेकिन इससे कहीं अधिक संख्या में पेड़ों की कटान कर दी गई। इसी तरह साबुन (रीठा) के पेड़ों के लिए 13 पेड़ों का परमिट बताया गया है, जबकि मौके पर 20 से अधिक साबुन के पेड़ काटे जाने की बात सामने आ रही है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अवैध कटान लंबे समय से जारी है, जिससे लकड़कट्टों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत किए जाने की बात भी कही, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारी अखिलेश सिंह से जानकारी लेने का प्रयास किया गया।

### मैगलगंज टोल प्लाजा पर कर्मचारियों को दी गई सुरक्षा व अग्निशमन प्रशिक्षण

मैगलगंज खीरी। मैगलगंज टोल प्लाजा पर सभी टोल कर्मचारियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था एवं आग लगने की स्थिति में काबू पाने के तरीकों को लेकर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपात परिस्थितियों में कर्मचारियों को सतर्क, सक्षम और सुरक्षित बनाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग, आग लगने की प्रारंभिक अवस्था में नियंत्रण, सुरक्षित निकासी (इवैक्यूएशन) प्रक्रिया तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति में संयम बनाए रखते हुए त्वरित कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक अंजनी कुमार के निर्देशानुसार मैनेजर बृजेश सिंह, रामू सिंह, सेफ्टी मैनेजर संदीप सिंह एवं सेफ्टी ऑफिशर मोहम्मद मासूम रजा ने कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा नियमित अभ्यास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर निकली प्रभात फेरी

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर, समृद्धि न्यूज।

श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रभात फेरियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में चौथे दिन प्रभात फेरी मोहम्मदी रोड स्थित सरदार परवीन सिंह के आवास और नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरमैन मीनाक्षी अग्रवाल के आवास पर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया। प्रभात फेरी के दौरान शबद कीर्तन और गुरुवाणी के मधुर गायन से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूब गया। संगत ने गुरु गोविंद सिंह जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और आपसी भाईचारे, सेवा एवं समर्पण का संदेश दिया। इस अवसर पर सुखविंदर सिंह, जसपाल सिंह, मनदीप सिंह सन्नी, साहिल सिंह, नवनीत कौर, करनैल सिंह, गुरमीत सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। नगर में लगातार निकल रही प्रभात फेरियों से आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है। प्रकाश पर्व को लेकर सिख समाज के साथ-साथ अन्य वर्गों में भी विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिल रहा है।

# त्रिलोक गिरि मंदिर परिसर में कंबल वितरण

- विधायक अमन गिरि ने बुजुर्गों और जरूरतमंदों को दी राहत, कहाः भीषण ठंड में असहायों की सेवा ही सच्चा पुण्य

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर, समृद्धि न्यूज।



शहर के त्रिलोक गिरि मंदिर प्रांगण में वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक अमन गिरि ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए बुजुर्ग माताओं और पुरुषों को कंबल वितरित कर ठंड से राहत प्रदान की। इस अवसर पर विधायक अमन गिरि ने कहा कि जहां एक ओर लोग ठिठुरती ठंड में रजाई और कंबलों के सहारे अपने घरों में सुरक्षित रहते हैं, वहीं गरीब, असहाय और बेसहारा लोग इस भीषण ठंड से स्वयं को बचाने में असमर्थ होते हैं। ऐसे में जरूरतमंदों की सेवा करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से वे आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्य लगातार करते रहेंगे और क्षेत्र की जनता का स्नेह व आशीर्वाद उन्हें मिलता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान लाल्हापुर प्रधान जनार्दन गिरि, अवधेश मिश्रा, रामगुलाम पांडे, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, सभासद आनंद सोनी, समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल, विनोद स्वर्णकार, सुधीर कोहली, सभासद भोली गिरि, सभासद कफील अहमद, सभासद दानिश, सभासद रछपाल, रामनरेश तिवारी, राम मोहन सोनी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बिजली आउटसोर्स कर्मियों का फूटा गुस्सा, नीतियों के विरोध में किया प्रदर्शन

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की नीतियों के विरोध में सोमवार को गोला में बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने 29 नवंबर को जारी किए गए कार्यवृत्त की प्रति का दहन कर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की। आउटसोर्स कर्मचारियों का आरोप है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन अपने ही आदेशों और पूर्व में हुई सहमति का उल्लंघन कर रहा है। कर्मचारियों ने 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्रों के संचालन एवं अनुरक्षण कार्य में तैनात कर्मियों की छंटनी, कार्य के अनुरूप अनुबंध न किए जाने, निर्धारित 18 हजार रुपये वेतन न देने, मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को वापस न लेने, घायल कर्मचारियों के कैशलेस इलाज एवं उपचार व्यय के भुगतान न होने, 55 वर्ष की आयु का हवाला देकर अनुभवी कर्मचारियों को हटाने, वर्टिकल व्यवस्था लागू करने तथा मीटर रीडरों को न्यूनतम वेतन न दिए जाने जैसे मुद्दों पर कड़ा रोष जताया।

कर्मचारियों ने बताया कि इन मांगों को लेकर 26 नवंबर को संगठन की ओर से शक्ति भवन, लखनऊ में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया था। उसी दिन निदेशक (कार्मिक प्रबंधन एवं प्रशासन) की अध्यक्षता में प्रबंधन और संगठन के बीच वार्ता हुई थी। बैठक में सहमति बनी थी कि किसी भी कर्मचारी को नियमों का उल्लंघन कर कार्य से नहीं हटाया जाएगा, 55 वर्ष के नाम पर हटाए गए कर्मचारियों को रिक्त पदों पर पुनः तैनात किया जाएगा, मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को वापस लिया जाएगा तथा घायल कर्मचारियों के उपचार व्यय का भुगतान किया जाएगा।

कर्मचारियों का कहना है कि इसके बावजूद प्रबंधन द्वारा 29 नवंबर को जारी किया गया कार्यवृत्त बैठक में बनी सहमति के अनुरूप नहीं है। इसी के विरोध में प्रदेशभर में आउटसोर्स कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। इसी क्रम में गोला में सोमवार शाम करीब चार बजे सभी संविदा कर्मचारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए कार्यवृत्त की प्रति का दहन किया।

# नए रूट प्लान के विरोध में विधायक से मिले ई-रिक्शा चालक

- ग्रामीण-शहरी विभाजन पर जताई आपत्ति

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर, समृद्धि न्यूज।



नए साल से लागू किए जाने वाले यातायात पुलिस और नगर पालिका द्वारा तय किए गए रूट प्लान को लेकर ई-रिक्शा चालकों में भारी नाराजगी देखने को मिली। दर्जनों ई-रिक्शा चालक फार्म हाउस पहुंचकर विधायक अमन गिरि से मिले और अपनी समस्याएं रखीं। विधायक अमन गिरि ने चालकों की बात सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया। बताया गया कि सामाजिक संगठनों द्वारा दिए गए ज्ञापन के बाद नगर पालिका में सामाजिक संगठनों और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की मौजूदगी में यातायात पुलिस व प्रभारी निरीक्षक के साथ बैठक हुई थी। इस बैठक में सात रूट प्लान तैयार किए गए थे तथा शहर के अंदर अधिकतम 10 किराया निर्धारित किया गया था। विधायक से मिलने पहुंचे ई-रिक्शा चालकों का कहना है कि नगर पालिका और यातायात पुलिस के अधिकारियों ने ग्रामीण और शहरी ई-रिक्शा चालकों को अलग-अलग कर दिया है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ई-रिक्शा शहर में प्रवेश नहीं कर पाएंगे और शहरी क्षेत्र के ई-रिक्शा शहर से बाहर नहीं जा सकेंगे। चालकों का कहना है कि इससे दोनों ही क्षेत्रों के चालकों को भारी परेशानी होगी। ई-रिक्शा चालकों ने मांग की कि ई-रिक्शा जैसे पहले चल रहे थे, वैसे ही चलने दिए जाएं। जिन चालकों के पास अभी रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाइसेंस नहीं हैं, उन्हें कम से कम छह माह का समय दिया जाए।

### कोहरा बढ़े तो घटा लें वाहनों की रफ्तार, जीवन है अनमोल!

बिजुआ (खीरी)। ठंड के साथ ही क्षेत्र में कोहरा गहराने लगा है। आलम यह है कि आम सड़कों से लेकर हाईवे, राष्ट्रीय राजमार्ग और फोरलेन तक दिन ढलते ही घने कोहरे की चपेट में आ जाते हैं। देर शाम से रात तक धुंध की चादर इस कदर छा जाती है कि दृश्यता बेहद कम हो जाती है। ऐसे में तेज रफ्तार से वाहन चलाना सीधे खतरे को न्योता देने जैसा है। कोहरे के मौसम में जरा सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है। बीते दिनों थाना भीरा क्षेत्र के गांव बस्तौली के पास लखीमपुर-भीरा राजमार्ग पर घने कोहरे के बीच तेज रफ्तार ट्रैक्टर हादसे का कारण बना। इस दुर्घटना में मूड़ा सवारान निवासी सपा नेता मातादीन यादव तथा बाइक सवार कोतवाली पलिया निवासी अमित अग्रवाल की मौत हो गई थी। यह कोई पहला मामला नहीं है। बीते वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो कोहरे के चलते सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है।